ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 27 मई 2024
वर्ष 5, अंक 190, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा 14

मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही 13


## हाईकोर्ट ने पूछा : बताएं, किस कानून के तहत चलाया जा रहा था गेम जोन

अहमदाबाद, एजेंसी

- हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

गुजरात हाईकोर्ट की विशेष पीठ ने रविवार को राजकोट के गेम जोन में आग लगने की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे प्रथम दृष्टया मानव निर्मित आपदा बताया है। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे गेमिंग जोन और मनोरंजक सुविधाएं सक्षम अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी के बिना बनाए गए हैं। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे सोमवार को इस निर्देश के साथ उपस्थित हों कि कानून के किन प्रावधानों के तहत अधिकारियों ने इन इकाइयों को अपने अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया या संचालित करना जारी रखा।

राजकोट में शनिवार शाम लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 12 साल से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल थे। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। ये सभी यहां गेम जोन में गर्मियों की छुट्टियों का आनंद ले रहे थे।

### शवों की पहचान को लिए डीएनए के नमूने

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में गेम जोन हादसा मामले में एसआईटी ने रविवार तड़के स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि जले हुए शवों की पहचान के लिए लोगों के परिजनों के डीएनए के नमूने एकत्र किए गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने घटनास्थल और एक अस्पताल का दौरा किया जहां घायलों को भर्ती कराया गया है। गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के लिए एसआईटी शनिवार राजकोट पहुंची।

## कोलकाता नाइट राइडर्स बना आईपीएल-2024 का चैंपियन



चेन्नई, एजेंसी

- 52 रनों की नाबाद पारी खेलकर वेंकटेश ने दिलाई आसान जीत
- 3 विकेट चटकाकर आंद्रे रसल ने तोड़ी सनराइजर्स की कमर

आंद्रे रसल और स्टार्क के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर नाबाद 52 और रहमानउल्लाह गुरबाज 39 रनों की तूफानी पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को एकतरफा अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर 10 साल के इंतजार के बाद एक बार फिर ट्रॉफी पर कब्जा कर आईपीएल 2024 सत्र का चैंपियन बन गया। कोलकाता चार बार फाइनल में पहुंची है और तीन बार उन्हें जीत हासिल हुई है। 114 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में नारायण (6) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उसके बाद वेंकटेश ने नाबाद 52 रनों की पारी खेली। वहीं रहमानउल्लाह गुरबाज 39 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता ने 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर खिताबी मुकाबला जीत लिया। इस जीत में गेंदबाज आंद्रे रसल को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए। वैभव अरोड़ा , सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।






# सपा सरकार में लोग डर से कांपते थे, अब थर-थर कांपता है माफिया

## मिर्जापुर में बोले प्रधानमंत्री, योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी



- मोदी ने कहा-सपा का कानून व्यवस्था से छत्तीस का आंकड़ा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार माफिया की सफाई अभियान को बड़ी बहादुरी के साथ पूरा कर रही है। योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं। कहा कि सपा सरकार में जनता थर-थर कांपती थी, मगर भाजपा सरकार में माफिया थर-थर कांप रहे हैं। मोदी रविवार को मिर्जापुर जिले के मझवां में मिर्जापुर लोकसभा सीट से अपना दल की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल, रॉबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल और दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी श्रवण कुमार गौड़ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी है। ये लोग धार्मिक आधार पर आरक्षण लागू करके बाबा साहब की पीठ में छुरा भोंकना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के एक-एक वोट की ताकत से जहां एक तरफ अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना है तो वहीं दूसरी ओर मां विंध्यवासिनी का नव्य-भव्य धाम भी तेजी से बन रहा है।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को देश अच्छी तरह से जान गया है। सपा ने अपने परिवार के अलावा किसी अन्य यादव को टिकट नहीं दिया। कहा कि कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ा रहा है। जीवन और जमीन कब छिन जाए कोई नहीं जानता था। सपा में माफिया को भी वोट बैंक के हिसाब से देखा जाता था। मगर, अब ऐसा नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इनके निशाने पर हमारे देश का पवित्र संविधान है। ये दलित, पिछड़ों और आदिवासियों का हक लूटना चाहते हैं। संविधान साफ-साफ कहता है कि धर्म के आधार पर आरक्षण हो ही नहीं सकता। 2012 में उप्र. विधानसभा चुनाव के समय जनवरी में सपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया था। तब उसमें कहा था कि जैसे दलितों, पिछड़ों को आरक्षण मिला है वैसे ही मुसलमानों को आरक्षण दिया जाएगा। यहां मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, संजीव गौड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, राज्यसभा सांसद राम सकल सहित अन्य मौजूद रहे।

### हम घर का मिस्त्री नहीं बदलते ये पीएम बदलेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा हम जब अपना घर बनाते हैं तो हर महीने नया मिस्त्री नहीं लगाते। इंडी गठबंधन कह रहा है कि पांच साल में पांच प्रधानमंत्री होंगे। जब हम एक घर बनाने के लिए पांच बार मिस्त्री नहीं बदलते तो पांच प्रधानमंत्री कैसे रखेंगे। कोई प्रधानमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में ही लगा रहेगा तो वो देश को मजबूत कैसे बनाएगा, इसलिए मजबूत देश के लिए प्रधानमंत्री भी मजबूत होना चाहिए।

### मेरा बचपन कप-प्लेट धोते-धोते बीता

अपना दल के चुनाव चिह्न कप-प्लेट की ओर इशारा करते हुए मोदी ने मिर्जापुर की उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल की सराहना करते हुए कहा, मैं बचपन में कप प्लेट धोते-धोते बड़ा हुआ हूं। चाय पिलाते-पिलाते बड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रहे कि आप सिर्फ एमपी नहीं, पीएम भी चुन रहे हैं।

## पूर्वी दिल्ली के बच्चा अस्पताल में लगी आग, सात शिशुओं की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी



घटनास्थल की जांच के लिए पहुंची पुलिस, एकत्र किए नमूने। ● एजेंसी

- ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद लगी आग, जांच के आदेश
- कई इमारतें, वाहन क्षतिग्रस्त अस्पताल मालिक गिरफ्तार

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई। जबकि पांच अन्य झुलस गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 'बेबी केयर न्यू बॉर्न' अस्पताल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और जल्द ही यह दो अन्य इमारतों में भी फैल गई। संभागीय अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र अटवाल ने कहा कि दो मंजिला इमारत में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे आसपास की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना में दो बुटीक, बगल की इमारत में संचालित इंडसइंड बैंक का एक हिस्सा और भूतल पर स्थित एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। इमारत के बाहर खड़ी एक एम्बुलेंस और एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है।

डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया लेकिन उनमें से सात की मौत हो गई। पांच शिशुओं का एक अन्य अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनमें से कुछ मामूली रूप से झुलसे हैं। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि अस्पताल के मालिक नवीन किची और डॉक्टर आकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक अस्पताल अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को अस्पताल में आग लगने की घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार देर रात चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 66 वर्षीय परमिला शाद नाम की महिला का जला हुआ शव इमारत की पहली मंजिल पर मिला। 18 वर्षीय केशव शर्मा एवं 34 वर्षीय अंजू शर्मा की अस्पताल में मौत हो गई। आग से पार्किंग में खड़े 11 दोपहिया वाहन भी राख हो गए।









## बंगाल तट से टकराया चक्रवाती तूफान रेमल



दक्षिणी 24 परगना में चक्रवात के दौरान हो रही बारिश से सामान बचाते लोग।

कोलकाता, एजेंसी

- कई क्षेत्रों में भारी बारिश, पेड़ उखड़े, समुद्र में उठीं ऊंचीं लहरें
- कोलकाता में विमान सेवाएं और ट्रेनों का संचालन ठप

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान रेमल मध्यरात्रि को बंगाल तट से टकराया। इसके प्रभाव से कई इलाकों में भारी बारिश की खबर है। तेज हवाओं के कारण कई इलाकों में पेड़ भी उखड़ गए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवाती तूफान 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपाड़ा के बीच समुद्र तट से टकराया। समुद्र में 1.5 मीटर तक ऊंची लहरें उठने की आशंका है जिससे पश्चिम बंगाल के समुद्र तटीय क्षेत्र और बांग्लादेश के निचले इलाके डूब सकते हैं। इसको देखते हुए एक लाख से अधिक (1.10 लाख) लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया है। केंद्र और राज्य सरकारें हालात पर नजर रखे हुए हैं।

गंभीर चक्रवाती तूफान रेमल के कारण बंगाल में तेज हवाएं चलने के साथ बारिश हो रही है। सागर द्वीप में एनडीआरएफ और राज्य आपदा मोचन बल के सदस्य राहत-बचाव कार्य कर रहे हैं।चक्रवात रेमल का अलर्ट आने के बाद कोलकाता में विमान सेवाएं प्रभावित हुई हैं। कोलकाता एयरपोर्ट 21 घंटे के लिए बंद किया गया है। रविवार दोपहर 12 से सोमवार सुबह नौ बजे तक कोलकाता से विमान सेवाएं निलंबित रहेंगी। मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से लगभग 110 किमी पूर्व में बंगाल की उत्तरी खाड़ी के ऊपर गंभीर चक्रवाती तूफान रेमल उत्तर की ओर बढ़ रहा है।

### सेवाओं की त्वरित बहाली हो : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई जिसमें उन्होंने चक्रवाती तूफान रेमल से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने गृह मंत्रालय से स्थिति की निगरानी करने और चक्रवात के आने के बाद सेवाओं की शीघ्र बहाली के लिए जरूरी सहायता प्रदान करने को निर्देशित किया।

## देश के 37 शहरों में 45 डिग्री के पार रहा पारा

नई दिल्ली, एजेंसी



- देश में भीषण गर्मी का कहर, उप्र सहित 7 राज्यों में रेड अलर्ट
- राजस्थान का फौलादी सबसे गर्म रहा, 49.8 डिग्री रहा तापमान
- अगले चार दिनों तक रात के समय में भी परेशान करेगी गर्मी

देश के बड़े हिस्से में रविवार को भीषण गर्मी का कहर देखने को मिला और 37 शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और गुजरात के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया गया। राजस्थान का फलौदी लगातार दूसरे दिन देश का सबसे गर्म स्थान रहा जहां अधिकतम तापमान 49.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले यहां तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में कम से कम 37 स्थानों पर रविवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया गया। यहां तक कि हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियां भी तेज तापमान की चपेट में है। दिल्ली में आठ स्थानों पर अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार अगले चार दिनों में उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में रात में भी गर्मी लोगों को परेशान करती रहेगी।

### गर्मी के कारण अकोला में धारा 144 लागू

चिलचिलाती गर्मी के कारण महाराष्ट्र के अकोला में प्रशासन ने सार्वजनिक समारोहों पर रोक लगाते हुए 31 मई तक धारा 144 (निषेधाज्ञा) लागू कर दी। जिलाधिकारी ने प्रतिष्ठानों को श्रमिकों के लिए पीने के पानी और पंखों की पर्याप्त व्यवस्था करने का आदेश दिया।

### जलाशयों में घटा पानी, बढ़ गई बिजली की मांग

केंद्रीय जल आयोग के अनुसार भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में पानी का भंडारण पिछले सप्ताह उनके कुल भंडारण का केवल 24 प्रतिशत रह गया जिससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जलविद्युत उत्पादन पर काफी असर पड़ा। भीषण गर्मी ने पहले ही भारत की बिजली की मांग को 239 .96 गीगावाट तक पहुंचा दिया है, जो इस सीजन में अब तक की सबसे अधिक है। घरों और कार्यालयों में एयर कंडीशनर और कूलर पूरी क्षमता से चल रहे हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

## अंतर्राष्ट्रीय फर्जी फोन कॉल पर लगाएं प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को जारी किए निर्देश

सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली सभी इनकमिंग अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने रविवार को जारी बयान में कहा कि यह बताया गया है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल कर रहे हैं और साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी कर रहे हैं। बयान के अनुसार, प्रतीत होता है कि ऐसी कॉलें भारत के भीतर से उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन विदेशों से साइबर अपराधियों द्वारा कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में हेरफेर करके की जा रही हैं और फर्जी डिजिटल गिरफ्तारियों, फेडएक्स घोटाले, ड्रग्स या कूरियर में नशीले पदार्थों, सरकारी और पुलिस अधिकारी बनकर बात करने, डीओटी या ट्राई अधिकारी बनकर मोबाइल नंबरों को बंद करना, आदि जैसे हाल के मामलों में इसका दुरुपयोग किया गया है। डीओटी और टीएसपी ने ऐसी अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉलों की पहचान करने की प्रणाली तैयार की है।

## सेना प्रमुख जनरल पांडे का कार्यकाल एक माह बढ़ा



**नई दिल्ली।** सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन अब वह 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने सेना नियमों 1954 के नियम 16ए (4) के तहत यह निर्णय लिया है। जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में सेना की इंजीनियर कोर में कमीशन मिला था।

## नैनीताल में उमड़े पर्यटक, ट्रैफिक व्यवस्था हुई ध्वस्त

### सरोवर नगरी के रास्तों पर लगा 10-15 किमी लंबा जाम, पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को हुई समस्या

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



नैनीताल में पर्यटकों के उमड़ने से रविवार को माल रोड पर जाम में फंसी गाड़ियां।

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होते ही सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की तादाद में पर्यटकों के पहुंचने पर पुलिस का ट्रैफिक प्लान धड़ाम हो गया। नैनीताल जाने वाले हर रास्ते पर सात-आठ घंटे तक जाम लगा रहा। इस जाम में पर्यटकों, स्थानीय लोगों के वाहनों समेत कई एंबुलेंस भी फंसी रहीं। पुलिस ने मशक्कत के बाद सुबह लगा जाम शाम तक खुलवाया।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत मैदानी राज्यों में पड़ रही भारी गर्मी व स्कूलों में अवकाश के बाद अचानक पर्यटकों की भीड़ नैनीताल की ओर रुख कर रही है। इस वजह से नैनीताल व आसपास के सभी होटल पैक हो चुके हैं वहीं रास्तों पर भी हजारों वाहनों के पहुंचने से जाम लग रहा है। रविवार को नैनीताल जाने वाले सभी रास्तों पर 10 से 15 किमी लंबा जाम लग गया। सुबह 10-11 बजे से जाम लगने का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम 4-5 बजे तक जारी रहा। पुलिस ने जाम से निबटने के लिए अलग-अलग रूटों पर पार्किंग एवं शटल सेवा, जिन पर्यटकों की सरोवर नगरी में बुकिंग थी, सिर्फ उन्हीं को नैनीताल में जाने की अनुमति देने समेत कई नियम बनाए मगर पुलिस के ये इंतजाम नाकाफी रहे। सभी रास्तों पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से सिर्फ पर्यटक नहीं बल्कि स्थानीय लोगों को भी दिक्कतें हुई।

### कैंचीधाम से भीमताल तक रेंगते रहे वाहन

बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस वजह से कैंचीधाम में भी कई किमी लंबा जाम लगा रहा। कैंचीधाम से भीमताल तक लगभग 40 किमी का सफर में वाहन रेंगते रहे। वहीं भीमताल, भवाली की प्रमुख मार्ग पर वाहनों की कतार लगने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी हुई।

> मैदानी क्षेत्रों से पर्यटक बहुत बड़ी संख्या में आ रहे हैं, इस वजह से सड़कों पर यातायात का बोझ बढ़ गया है। अधिकांश पुलिस बल को ट्रैफिक में लगाया गया है। शटल सेवा चलाई जा रही है। जिन पर्यटकों की होटल में बुकिंग नहीं है, उन्हें बाहर ही रोका जा रहा है।
>
> – **प्रहलाद नारायण मीणा**, एसएसपी, नैनीताल

## विनम्र श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं : इस आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते हैं, और अग्नि इसे जला नहीं सकती है, जल इसे गीला नहीं कर सकता है और वायु इसे सुखा नहीं सकती है ।।



### स्व० श्रीमती सौभाग्यवती गंगवार

20 मार्च 1954 - 24 मई 2024

### शुद्धि हवन कार्यक्रम

दिनांक:- 28.05.2024 (मंगलवार)
समय:-प्रातः 10:00 बजे से
स्थान- भारत सेवा ट्रस्ट, पीलीभीत रोड, बरेली

### शोकाकुल परिवार

**संतोष कुमार गंगवार (पति)**
(सांसद लोकसभा बरेली, पूर्व केन्द्रीय मंत्री)

- श्रुति गंगवार- सुबोध सचान (पुत्री- दामाद)
- अपूर्व गंगवार (पुत्र)
- विद्योत्मा गंगवार (ननद)
- कृष्ण कुमार गंगवार- विमला गंगवार (भाई- भाभी)
- वीरेन्द्र सिंह गंगवार "वीरू" कमलेश गंगवार (भाई - भाभी)
- मीनाक्षी गंगवार- सत्यपाल गंगवार (बहन- बहनोई)
- देवेश गंगवार- शोभा गंगवार (देवर- देवरानी)
- नीरज गंगवार- मीनू गंगवार (देवर- देवरानी)
- पंकज गंगवार- रीना गंगवार (देवर- देवरानी)

- भारतीय जनता पार्टी, बरेली
- भारत सेवा ट्रस्ट, बरेली
- अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक बरेली एवं समस्त परिवारजन

# जब तक आपकी जेब में है दम...तब तक बैंकों को एनपीए बढ़ने का क्या गम

## बरेली का एनपीए पहली बार 25 सौ करोड़ के पार जाने पर बैंकिंग क्षेत्र के जानकारों का दावा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कहा- एनपीए का घाटा अलग-अलग सर्विस टैक्स से पूरा कर रही हैं बैंक
- असल स्थिति छिपाने के लिए ओवर फाइनेंसिंग का लिया जा रहा है सहारा

**बरेली में 41 सरकारी और गैरसरकारी बैंकों की 416 शाखाओं में है 30 लाख से भी ज्यादा खाताधारक**


बरेली के बैंकों में एनपीए 25 सौ करोड़ के पार



"जनता के साथ क्या हो रहा है, इसका उदाहरण यह है कि पहले खाताधारक बैंक में 100 रुपये इसलिए जमा करते थे कि उनकी रकम ब्याज समेत 102 रुपये हो जाए। अब जो बैंकिंग व्यवस्था है, उससे उसे 100 रुपये जमा करके 90 रुपये ही मिल पाते हैं। इसी कारण है कि लोगों में बचत करने की आदत छूट रही है। सांख्यिकी विभाग की ओर से भारतीय परिवारों की घरेलू बचत का 50 सालों में न्यूनतम स्तर पर लुढ़क जाने का आंकड़ा इसका प्रमाण है। – **नवींद्र कुमार**, सहायक महामंत्री एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन

**अमृत विचार :** अपने किसी भी वित्तीय संकट को हल करने का बैंकों ने एक रास्ता ढूंढ लिया है। बैंकिंग सिस्टम में बीमारी कोई भी हो, उसका इलाज जनता की जेब से किया जा रहा है। लगातार बढ़ता एनपीए यानी नॉन परफामिंग एसेट्स भी उन्हीं संकटों में से एक है जिसका सामना निम्न और मध्य वर्ग की जनता की जेब के दम पर किया जा रहा है। खुद बैंक अधिकारी भी बरेली के बैंकों का एनपीए एक ही साल में आठ गुना बढ़कर पहली बार 25 सौ करोड़ के पार चले जाने को इसी नजरिए से देख रहे हैं।

बैंकिंग सिस्टम के जानकार बरेली में एनपीए में हुई अप्रत्याशित वृद्धि को कागजों में उसे नियंत्रित दिखाने के लिए बैंकों की ओर से आंकड़ों में किए जा रहे गोलमाल का भी नतीजा बता रहे हैं। कहते हैं कि यह स्थिति ओवर फाइनेंसिंग की वजह से पैदा हो रही है जो किस सीमा तक जाएगी, इसका कोई अंदाजा नहीं है। इन लोगों का कहना है कि बैंकिंग प्रणाली में एनपीए के आंकड़ो को कम या स्थिर रखने के लिए बैंक और ज्यादा ऋण आवंटित करते है। इससे एनपीए का औसत प्रतिशत तो कम हो जाता है, लेकिन दो खतरनाक परिणाम सामने आते हैं। एक तो करोड़ों का ऋण फिर अविश्वनीय लोगों की झोली में पहुंच जाता है, दूसरे उसकी अदायगी न होने से एनपीए और बढ़ जाता है। संदेह जताया जा रहा है कि बरेली में पिछले वित्तीय वर्ष में एनपीए में हुई बड़ी वृद्धि के पीछे इसी तरह के कारण हो सकते हैं।

कुछ समय पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में देश के बैंकिंग क्षेत्र ने पहली बार तीन लाख करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है जो आईटी कंपनियों से भी ज्यादा बताया गया था। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया था कि बैंकों का शुद्ध एनपीए घटकर 1.70 फीसदी के स्तर पर पहुंच गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसी आधार पर बैंकों की स्थिति सुधरने का दावा किया गया था लेकिन असल में बढ़े मुनाफे के पीछे जनता से काम के बदले लिए जाने वाले सर्विस टैक्स की प्रमुख भूमिका थी। बैंककर्मी यह भी कहते हैं कि बैंकिंग क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को चुनाव की वजह से छिपाया गया था। बैंकों का मुनाफा सिर्फ कागजों पर है। यह रणनीति निश्चित समय के बाद समस्या को और बढ़ा सकती हैं।

### बैंकों की कहानी... बैंक वालों की ही जुबानी

#### आपके ऊपर लागू हुए 27 टैक्स बैंकों को बचाते हैं घाटा होने से

अमृत विचार ने रविवार को पंजाब नेशनल बैंक स्टाफ यूनियन फेडरेशन की तिमाही प्रदेश स्तरीय बैठक में आए राष्ट्रीय महासचिव केएच पांडेय से बात की तो उन्होंने बताया कि एनपीए बढ़ने से जब भी बैंकों का राजस्व कम होता है तो वे उसकी भरपाई सर्विस टैक्स से करते हैं। कुल मिलाकर 27 तरह के सर्विस टैक्स बैंकों की मुख्य कमाई का जरिया बन गए हैं। कुछ पिछले कुछ बरसों में ही लागू किए गए हैं। इनमें खाते में न्यूनतम बैलेंस न रखने पर लगने वाला टैक्स, चेक बाउंस, एटीएम ट्रांजक्शन, आरटीजीएस, एनईएफटी, पासबुक प्रिंटिंग जैसे टैक्स शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बैंकों को आम जनता की जमा धनराशि को ऋण के रूप में देने से उस पर मिलने वाले ब्याज से कमाई होती है। पांच साल पहले तक एनपीए को वास्तविक रूप से व्यवस्थित किया जाता था लेकिन इसके बाद से एनपीए को सिर्फ आंकड़ों में तक सीमित कर दिया गया है।

#### 70 प्रतिशत एनपीए कॉरपोरेट की वजह से

यूनियन बैंक स्टाफ एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री पुष्पेंद्र माहेश्वरी बरेली के बड़े उद्यमियों और व्यापारिक घरानों के ऋण न चुकाने पर प्रतिक्रिया देते हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर भी किसी भी ऋण के एनपीए में सर्वाधिक हिस्सा कॉरपोरेट का ही होता है। कारण यह है कि कॉरपोरेट सेक्टर को ऋण देते समय बैंक कोई सिक्योरिटी नहीं लेता। गृह, कार जैसे छोटे ऋणों की अदायगी न होने पर ही कर्जदारों की संपत्ति की कुर्की का विकल्प होता है। एनपीए की कुल राशि में औसतन 70 प्रतिशत हिस्सा कॉरपोरेट और बाकी छोटे लेनदारों का होता है। अब स्थिति यह है कि एनपीए की वसूली न होने से बैंकों का लाभ प्रभावित हो रहा है, इसी कारण वे नई भर्तियां नहीं कर रहे हैं। इसका बोझ बैंकों में पूरे स्टाफ पर पड़ रहा है।

#### नाम खोले सरकार तो जनता करे बहिष्कार

पंजाब नेशनल बैंक स्टाफ यूनियन के चेयरमैन दिनेश कुमार सक्सेना कहते हैं कि बैंकों से ऋण लेकर देश छोड़ जाने वाले लोगों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। कई बार यूनियन के वरिष्ठ अधिकारी बड़े डिफाल्टरों के नाम सार्वजनिक करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन सरकार ने अपने चंदे की सुरक्षा के लिए उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए। इसी वजह से बड़े डिफाल्टरों को कार्रवाई का डर नहीं है। नाम सार्वजनिक हो जाएं तो कम से कम जनता तो डिफाल्टरों का बहिष्कार कर सकेगी।

#### बचत खाते पर घटे ब्याज का आम लोगों की जेबों पर सीधा असर

एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन के सहायक महामंत्री नवींद्र कुमार कहते हैं कि पांच-सात साल पहले बचत खाते पर चार से पांच प्रतिशत ब्याज मिलता था, ऋण का सालाना ब्याज छह से नौ प्रतिशत तक रहता था। ऋण पर मिलने वाले ब्याज से ही बैंक अपने कर्मचारियों के वेतन और दूसरे खर्च वहन करते थे। अब सरकारी और निजी बैंक बचत खातों पर दो से तीन प्रतिशत ही ब्याज दे रहे हैं। दूसरी ओर बैंकों का राजस्व बढ़ाने के लिए ऋणों पर ब्याज बढ़ाकर आठ से 15 प्रतिशत तक कर दिया गया है। इन ऋणों में प्रमुख रूप से गृह, व्यक्तिगत, कार और व्यापार ऋण शामिल हैं।

## जिला अस्पताल में बनेगी डेंटल यूनिट, सर्जरी की संख्या बढ़ेगी

- इलाज के लिए नहीं काटने पड़ेंगे तीन सौ बेड अस्पताल के चक्कर

**बरेली,अमृत विचार :** जिला अस्पताल में जल्द डेंटल यूनिट की स्थापना होगी। इलाज के लिए दंत रोगियों को तीन सौ बेड अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। शासन के आदेश पर अस्पताल प्रशासन ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है।

कुतुबखाना पुल निर्माण के चलते डेढ़ साल पहले जिला अस्पताल की ओपीडी के दंत रोग विभाग को तीन सौ बेड अस्पताल में शिफ्ट किया जा चुका है। जानकारी के अभाव में तमाम दंत रोगी यहां आते हैं। फिर उन्हें इलाज के लिए तीन सौ बेड अस्पताल के चक्कर काटने पड़ते हैं, लेकिन जिला अस्पताल में डेंटल यूनिट की स्थापना होने से यहां आने वाले दंत रोगियों को राहत मिलेगी। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि डेंटल यूनिट के लिए ओपीडी परिसर में ही स्थान चिह्नित किया जाएगा। अगले सप्ताह से यूनिट स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मरीजों के इलाज को डॉक्टर व अन्य स्टाफ की तैनात होगी।

## चौकी के सामने सड़क बनाने के लिए बार-बार बुलडोजर चलाने की खानापूरी

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया चौकी के सामने करीब 100 मीटर हिस्से की सड़क एक साल से अधूरी है। निर्माणदायी संस्था के कर्मचारी बुलडोजर लेकर आते हैं और सड़क को समतल करते हैं और उसके बाद भूल जाते हैं। पिछले एक सप्ताह में दो बार ऐसा हो चुका है लेकिन अब तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ है।

## डग्गामार बसों के खिलाफ अभियान चलाने का दावा करके भूले अफसर

**बरेली, अमृत विचार :** पिछले दिनों पीलीभीत से दिल्ली के बीच चलने वाली डग्गामार बस के फतेहगंज पश्चिमी के पास फ्लाईओवर से गिरने के बाद परिवहन विभाग के अधिकारियों ने जल्द ही ऐसी बसों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने का दावा किया था लेकिन अब तक यह अभियान शुरू नहीं हुआ है।

परिवहन विभाग और पुलिस की मिलीभगत से शहर से देहात तक के अलग-अलग इलाकों से बड़े पैमाने पर डग्गामार बसें दिल्ली-जयपुर समेत कई शहरों के लिए निकलती हैं। शहर में ही अफसरों की नाक के नीचे शहामतगंज चौराहे के पास कई ट्रैवल एजेंसियों ने अपने दफ्तर बना रखे हैं जिनकी दर्जनों बसें शाम से रात तक दिल्ली और जयपुर के लिए निकलती हैं। इसके अलावा चौपुला क्रॉसिंग से भी डग्गामार बसें चलती हैं। फतेहगंज पश्चिमी, शाही और शेरगढ़ में भी इन बसों के अड्डे हैं।

सप्ताह भर पहले फतेहगंज पश्चिमी में दिल्ली जाने वाली एक डग्गामार बस ड्राइवर को नींद आ जाने की वजह से फ्लाईओवर से नीचे गिर गई थी जिसमें एक व्यक्ति की मौत भी हो गई थी। इसके बाद परिवहन विभाग के अफसरों ने डग्गामार बसों के खिलाफ अभियान चलाने का दावा किया लेकिन फिर उसे भूल गए। पुलिस और परिवहन विभाग के अफसरों की शह पर ही ये बसें चलने के आरोप लगते रहते हैं।

# गर्मी में किसी का प्यास से सूख रहा हलक, किसी को मुनाफे की पड़ी है

## तीन सौ बेड अस्पताल आएं तो पीने का पानी अपने साथ लाएं

- कई महीने से आरओ खराब हैंडपंप का हत्था भी गायब

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच तीन सौ बेड अस्पताल में मरीजों को पीने के पानी का संकट झेलना पड़ रहा है। अस्पताल का एकमात्र आरओ खराब है। परिसर में लगे हैंडपंप का हत्था भी कोई निकाल ले गया है। अस्पताल प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है।

यहां ओपीडी में 300 से ज्यादा मरीज आते हैं। इनमें बुजुर्गों की संख्या अधिक होती है। पेयजल का इंतजाम न होने से मरीजों को दिक्कत हो रही है। ओपीडी परिसर के बाहर लगा आरओ कई माह से खराब है। मरीजों की शिकायत के बाद भी खराब आरओ को अभी ठीक नहीं कराया गया है।

### चार आरओ चोरी

कोरोना काल में शासन ने तीन सौ बेड अस्पताल में कई उपकरण भेजे थे। समाजसेवी संस्थाओं ने भी चार आरओ दिए थे। अब लेकिन चारों आरओ गायब हो गए हैं। अस्पताल से पहले भी करोड़ों के उपकरण चोरी हो चुके हैं। प्रभारी सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा ने बताया कि आरओ जल्द ठीक कराया जाएगा। पुराने आरओ के बारे में स्टोर प्रभारी से पूछा जाएगा।

## बरेली सिटी और इज्जतनगर स्टेशन से रेल नीर गायब, बिक रहा है अवैध ब्रांड का पानी

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के प्रमुख स्टेशनों से रेल नीर गायब हो गया है। स्टॉलों और ट्रालियों पर मुनाफे के चक्कर में अवैध ब्रांडों का पानी बेचा जा रहा है। अधिकारी रेल नीर की आपूर्ति न होने का बहाना बना रहे हैं।

बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म पांच और छह के भी किसी स्टॉल या ट्रॉली पर रेल नीर उपलब्ध नहीं है। मंडल में रेल नीर समेत पांच ब्रांड का पानी बेचने की अनुमति है। काठगोदाम समेत कुछ स्टेशनों पर रेल नीर की बिक्री को अनिवार्य किया गया है। दूसरे स्टेशनों पर इस अनिवार्यता से छूट का भरपूर फायदा उठाया जा रहा है। स्टॉलों के ठेकेदार और अधिकारी रेल नीर की आपूर्ति नहीं होने का बहाना बना रहे हैं जबकि उत्तर रेलवे के बरेली जंक्शन पर रेल नीर की भरपूर आपूर्ति हो रही है। डिस्ट्रीब्यूटर इम्तियाज का कहनाहै कि बरेली में रेल नीर की आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं है।




- रेल नीर समेत पांच ब्रांड बेचने की है अनुमति, दूसरे ब्रांड में है मुनाफा ज्यादा

"कुछ स्टेशनों पर ही रेल नीर की अनिवार्यता है। दूसरे स्टेशनों पर रेल नीर के अलावा चार-पांच ब्रांड बेचने की अनुमति है। ब्रांड का चयन स्टॉल और ट्रॉली वाले खुद करते हैं। –**संजीव शर्मा**, सीनियर डीसीएम, इज्जतनगर रेल मंडल

### ट्रेनों के टॉयलेट में पानी नहीं, मुश्किल में फंसे यात्री

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी के दौरान ट्रेनों में भी पानी का संकट शुरू हो गया है। ट्रेनों के टॉयलेट में पानी न आने के कारण मुश्किलों से जूझ रहे यात्री एक्स पर रेल अफसरों से शिकायत कर रहे हैं। रविवार को गंगा सतलुज और कुंभ एक्सप्रेस के कई यात्रियों ने यह शिकायत की। इसके बाद जंक्शन पर इन ट्रेनों में पानी की आपूर्ति कराई गई। प्रशांत रंजन ने डीआरएम के एक्स हैंडल पर शिकायत की कि उनके माता पिता 12369 कुंभ एक्सप्रेस के ए-1 कोच में सफर कर रहे हैं जिसके शौचालय में पानी नहीं है। इस शिकायत के बाद रेल प्रशासन ने बरेली जंक्शन पर ट्रेन में पानी की आपूर्ति कराई। रिजवान ने 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस में सफर के दौरान बी-2 कोच में पानी न आने की शिकायत की। डीआरएम मुरादाबाद के एक्स हैंडल से इसे लखनऊ मंडल को ट्रांसफर किया गया।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# मेयर ने कहा- बन रहा इंटरनेशनल सिटी... विपक्ष बोला- कागजी घोड़े पर विकास

## उमेश गौतम के दूसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा, बोले- दूसरे शहरों के लिए मॉडल बन गया है बरेली स्मार्ट सिटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मेयर उमेश गौतम के कार्यकाल का पहला साल सोमवार को पूरा हो गया। दूसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ पर गिनाने के लिए प्रमुख रूप से उनकी उंगलियों पर स्मार्ट सिटी कंपनी और केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत हुए ही काम हैं। इन्हीं के आधार पर वह दावा करते हैं कि बरेली शहर तेजी से इंटरनेशनल सिटी बनने की ओर बढ़ रहा है। स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से इस शहर में हुए काम दूसरे शहरों के लिए भी मॉडल बन रहे हैं। दूसरी ओर विपक्ष का कहना है कि बरेली में विकास के नाम पर कागजी घोड़े दौड़ रहे हैं।

मेयर ने दूसरे कार्यकाल की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि इस एक साल में महादेव सेतु (कुतुबखाना पुल) बनने के साथ आईटी पार्क का काम शुरू कराया है जिसमें युवाओं को रोजगार मिलेगा। शहर में फूड कोर्ट और



मल्टी लेवल पार्किंग बनी हैं। आदिनाथ चौक और सड़कों का चौड़ीकरण हुआ है। शहर की सड़कें पहले से काफी बेहतर हो गई है। हर जगह लाइट की व्यवस्था की गई हैं। वन विभाग को 12 करोड़ रुपये ग्रीन बरेली बनाने के लिए दिए हैं, जिस पर काम शुरू हो गया है। संजयनगर की काफी समय से खराब सड़क बन गई है। हरुनगला में एसटीपी का टेस्ट किया जा रहा है, जून में पूरा हो जाएगा। जल्द ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट भी शुरू हो जाएगा।

मेयर ने कहा कि करीब ढाई महीने आचार संहिता लागू होने से काम प्रभावित हुए हैं, लेकिन उन्होंने 9 महीने 15 दिन में ही एक साल के बराबर काम करने का प्रयास किया है। शहर के विकास के लिए एक साल का रोड मैप भी तैयार कर लिया है। आने वाले समय में हर गली पक्की होगी। सभी वार्ड से प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट से बरेली को अलग पहचान मिली है। शहर सेफ सिटी भी बन रहा है जिसका सबसे बड़ा लाभ महिलाओं को मिलेगा। नगर निगम से कमीशनखोरी खत्म की गई है।

### सपा-कांग्रेस के पार्षद बोले- 562 करोड़ का बजट, काम फिर भी कुछ नहीं हुआ

**बरेली, अमृत विचार:** सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना कहते हैं कि एक साल में सिर्फ कागजों में विकास किया गया है। किसी वार्ड में कोई काम नहीं हुआ हैं। जो शुरू हुए, वे ठेकेदारों का भुगतान न होने के कारण अधूरे पड़े हैं। भारी भरकम बजट घोषित किया लेकिन काम नहीं हुआ। स्मार्ट सिटी के काम गिनाए जा रहे हैं, नगर निगम के काम न होने से लोग परेशान हैं। सपा पार्षद राजेश अग्रवाल कहते हैं कि 516 करोड़ का बजट पारित हुआ था लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। पहले वार्डों में 50 करोड़ रुपये से सड़कें बनती थीं लेकिन अब इतनी रकम से सफाई की जा रही है। कहने को स्मार्ट सिटी है लेकिन पानी के लिए सड़क किनारे एक नल तक नहीं है। कांग्रेस के पार्षद मेहसर खान कहते हैं कि उनके वार्ड में कोई काम नहीं हुआ है। वर्क ऑर्डर की फाइल कार्यालय में पड़ी हुई हैं। लोग दिक्कतों से जूझ रहे हैं।

## एक नजर

### राशनकार्ड के लिए अफसरों के दफ्तरों में भटक रहे हैं तमाम लोग

**बरेली, अमृत विचार :** फिलहाल चुनाव आचार संहिता लागू है और इस वजह से नए राशन कार्ड नहीं बन सकते लेकिन फिर भी सैकड़ों लोग जिला मुख्यालय पर चक्कर काट रहे हैं। तमाम लोगों का कहना है कि उन्हें आवेदन किए हुए लंबा समय गुजर गया है, फिर भी उनका राशन कार्ड नहीं बन पाया है। कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अफसरों के अलावा जिला पूर्ति अधिकारी के दफ्तर में भी रोज तमाम लोग राशन कार्ड बनवाने की फरियाद लेकर पहुंच रहे हैं। डीएम के सामने भी तमाम लोग फरियाद कर रहे हैं। शनिवार को मीरगंज के नगरिया कल्याण गांव की ममता देवी ने डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया कि आवेदन करने के बाद भी नया राशन कार्ड नहीं बन सका है। वह कई बार चक्कर काट चुकी हैं। मीरगंज के ही शेखूपुरा की रेशमा भी डीएम कार्यालय आई थीं। उन्होंने बताया कि वह अपने राशन कार्ड में पुराने नाम कटवाकर नए नाम जुड़वाना चाहती हैं लेकिन कोई सुन नहीं रहा है। मीरगंज के मेवात निवासी अफसर शाह ने डीएम कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया कि वह एक आंख और पैर से दिव्यांग हैं। मांग खाकर जीवन काट रहे हैं। अगर राशन कार्ड बन जाएगा तो उनका जीवनयापन आसान हो जाएगा।

### पांच दिन बाद गर्मी की छुट्टियां, मगर परीक्षाएं जारी रहेंगी

**बरेली, अमृत विचार :** विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में पांच दिन बाद 1 जून से गर्मी की छुट्टियां पड़ने वाली हैं लेकिन विद्यार्थियों की परीक्षाएं जारी रहेंगी। कई पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 28 से शुरू होने वाली हैं। स्नातक की वार्षिक परीक्षा की प्रथम पाली की सभी परीक्षाएं लगभग समाप्त हो गई हैं लेकिन द्वितीय और तृतीय पाली में भी जिन प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं हैं, वह 19 जून को समाप्त होंगी, हालांकि परास्नातक की वार्षिक परीक्षाएं 2 मई को समाप्त हो गई हैं। इसके अलावा 10 मई से स्नातक की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी चल रही हैं और यह 29 जून को समाप्त होंगी। सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी 19 जून तक समाप्त हो जाएंगी। अब लगभग सभी परीक्षाएं चल रही हैं और ग्रीष्मकालीन अवकाश तक चलेंगी। बता दें कि भीषण गर्मी से विद्यार्थी भी परेशान हैं, परीक्षा केंद्रों में भी गर्मी से दिक्कत हो रही है। परीक्षा की तैयारी भी ठीक से नहीं हो पा रही है।

# किला के मिर्ची मोहल्ले में 24 घंटे बाद आई बिजली डोहरा रोड पर ओवरलोड से 11 केवी की लाइन टूटी

## शहर में बिजली का संकट बरकरार, ट्रांसफार्मर तो छोड़िए, बंच केबल भी नहीं झेल पा रही है ओवरलोड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोकल फाल्ट, ओवरलोडिंग से बंच केबल जलने, ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण शनिवार रात से रविवार शाम तक अलग-अलग इलाकों में लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ा। सुरेश सर्मा नगर, जगतपुर, शहदाना समेत कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित रही।

किला के मिर्ची मोहल्ला में शनिवार शाम लाइन में फाल्ट हो गया। यहां 24 घंटे बाद रविवार शाम बिजली आपूर्ति बहाल हुई। देर रात डोहरा में 11 केवी लाइन टूटने से सुपर सिटी के फीडर से आपूर्ति बाधित हो गई। रात में ही आननफानन में फाल्ट ठीक किया गया। रविवार सुबह शटडाउन लेकर समस्या का पूरी तरह निस्तारण किया गया। भमोरा में ट्रांसफार्म फुंकने से बिजली गुल हो गई। बुखारा मोड़ पर मठिया वाले मंदिर के पास केबल में फाल्ट से बिजली गुल हो गई। रविवार को स्टेशन रोड, कचहरी रोड पर सुबह चार बजे फाल्ट से बिजली ठप हो गई।

स्टेट बैंक कॉलोनी, सॉल्वेसन आर्मी रोड, सिविल लाइंस प्रथम के 132 केवी से आपूर्ति एक घंटे बंद रही। शहदाना विद्युत उपकेंद्र के कांकरटोला फीडर और किला, बाकरगंज, गुलाब नगर, रानी साहब का फाटक समेत कई मोहल्लों में देर शाम तक ट्रिपिंग की समस्या रही। बालजती स्कूल के पास लोकल फाल्ट से कटरा चांद खां में शनिवार रात से रविवार को पूरे दिन बिजली का आना जाना लगा रहा। इस दौरान कई फीडर में एक से दो घंटे बिजली की कटौती रही।

**ओवरलोडिंग से बार-बार जल रही बंच केबल :** शनिवार रात सुरेश शर्मा नगर स्थित चंद्रशेखर पार्क में बंच केबल जल गई। इससे लोगों की नींद उड़ गई। ओवरलोडिंग के चलते बार-बार केबल जल रही है। देर रात तक बंच केबल और ट्रांसफार्मर के बुश बदलने का काम किया गया।

**विरोध के बाद सुभाषनगर में सुधरी बिजली आपूर्ति :** सुभाषनगर में लोगों के विरोध के बाद रविवार को बिजली आपूर्ति में सुधार दिखा। शनिवार को बिजली कटौती से गुस्साए लोगों ने उपकेंद्र का घेराव किया था। भीड़ एसएसओ को उठाकर ले गई थी। बदायूं रोड पर जाम लगा दिया था। रविवार को सुभाषनगर उपकेंद्र से जुड़े गंगा नगर, नेकपुर, अनुपम नगर, शांति विहार, करगैना, बीडीए कॉलोनी, पटेल विहार आदि स्थानों पर आपूर्ति में कुछ सुधार नजर आया। सुभाषनगर विद्युत उपकेंद्र के कुछ फीडरों को नेकपुर से जोड़ा गया है।

### शटडाउन से कई इलाकों में डेढ़ घंटे गुल रही बिजली

रविवार को 132 केवी उपकेंद्र बरेली टाउन पर शटडाउन लेकर मरम्मत कार्य किया गया। इस वजह से 33 केवी सिविल लाइन प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एमईएस, जगतपुर, रेलवे, डीडीपुरम, सदर कैंट, मिशन कम्पाउंड, रामपुर गार्डन फीडर से सुबह 6 से 7 .30 बजे तक आपूर्ति बाधित रही।

### आज इन स्थानों पर बाधित होगी आपूर्ति

एसडीओ अखिलेश सिंह के अनुसार सोमवार को नया 5-एमवीए परिवर्तक स्थापित करने के लिए सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इस दौरान सराय तल्फी उपकेंद्र से जुड़े करगैना, करेली, महेशपुर ठाकुरान, इटावा सुखदेवपुर, बेनीपुर, बेरिया नारायण, ऊंचा गांव आदि की आपूर्ति बाधित रहेगी।



**इधर, पारा 43 पार**

शहर के सबसे व्यस्त रहने वाले चौकी चौराहे पर रविवार दोपहर को दिखा सन्नाटा।

### सप्ताह भर और सताएगी गर्मी




ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम में तापमान।



प्रेमनगर क्षेत्र में सड़क पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

- दोपहर के वक्त शहर की सड़कों पर पसरा सन्नाटा, रात में भी बढ़ी गर्मी

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री बढ़कर 43.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। रात का तापमान भी सामान्य से 2.9 डिग्री बढ़कर 28.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पूर्वानुमान है कि मई भर भीषण गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिलेगी। इस सप्ताह प्रचंड गर्मी से जूझना पड़ेगा।

दोपहर में धूप की तपिश इतनी तेज हो गई कि घर से निकलना मुश्किल हो गया। गर्म हवाओं की वजह से मुश्किल और बढ़ गई। हर वक्त व्यस्त रहने वाली शहर सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आया। इंसानों के साथ जानवर भी बेहाल दिखे। शाम चार बजे के बाद सड़कों पर थोड़ी चहलपहल दिखी लेकिन गर्मी की वजह से देर शाम को भी बाजार में ज्यादा भीड़भाड़ नजर नहीं आई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सात दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27- 29 डिग्री के बीच रहने का पूर्वानुमान है। इस दौरान पूरवा हवाओं से तापमान में बढ़ोतरी रहेगी।

### शहर के कई कॉन्वेंट स्कूलों में शुरू हुई गर्मियों की छुट्टियां

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी के भीषण होने के साथ शहर के कॉन्वेंट स्कूलों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा शुरू कर दी है। सोमवार से कई स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गईं, कई और स्कूलों ने इसी सप्ताह से अवकाश की घोषणा कर दी है। कई स्कूलों में पहले से छुट्टी का समय सुबह 10 से 11 बजे के बीच कर दिया गया था। हालांकि बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में 18 मई से 18 जून तक के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की जा चुकी है।

# पत्नी को किन्नर बताकर पहली ही रात तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- युवक ने साली पर शादी करने का दबाव बनाया, छेड़खानी का आरोप
- पीड़िता ने इज्जतनगर थाने में दी तहरीर, पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता को उसके पति ने किन्नर बताकर पहली ही रात में तीन तलाक दे दिया। विरोध करने पर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि युवक ने साली पर शादी करने का दबाव बनाया और छेड़खानी की। पीड़िता ने पति और ससुरालियों की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 19 मई को भोजीपुरा क्षेत्र के युवक से हुई थी। उसके परिजनों ने शादी पर पांच लाख रुपये खर्च किए। जब वह ससुराल पहुंची तो पति ने उसे किन्नर बताया और साथ रखने से मना कर दिया। अगले दिन उसकी बहन और अन्य लोग ससुराल आए। आरोप है कि युवक ने साली को कमरे में बुलाया और कहा कि उसकी बहन किन्नर है। उसपर शादी करने का दबाव बनाया।

युवक ने साली के साथ छेड़खानी की। पीड़िता के मुताबिक पहली रात में ही पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। पीड़िता के मुताबिक उसने मेडिकल कराया, जिसमें सबकुछ ठीक पाया गया। इसके बाद भी किन्नर कहकर उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी गई। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। बयान दर्ज करने के बाद जो भी साक्ष्य पाए जाएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ससुराल में भी नहीं मिला जज का कुत्ता चुरा ले जाने वाला डंपी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस पहुंची तो लटका मिला ताला, डंपी और उसकी पत्नी का मोबाइल भी स्विच ऑफ

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाले एक जज का कुत्ता गायब करने के मामले में मुख्य आरोपी डंपी अहमद की अंतिम लोकेशन ससुराल में मिली। पुलिस टीम रविवार को ससुराल सीबीगंज क्षेत्र के गांव गोविंदपुरा पहुंची तो वहां भी ताला लटका मिला। आरोपी और उसकी पत्नी का मोबाइल स्विच ऑफ है। पुलिस टीम जिले में एक दर्जन से अधिक उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे चुकी है।

इज्जतनगर क्षेत्र निवासी हरदोई में तैनात न्यायाधीश का 16 मई को कुत्ता गायब हो गया था। उनकी पत्नी ने सनसिटी फेस वन निवासी डंपी अहमद समेत 14 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि कुत्ते को डंपी ले गया है। मामला तूल पकड़ने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी। इस बीच एक सीसीटीवी कैमरे की वीडियो पुलिस के हाथ लगी। जिसमें रात में करीब 12 बजे डंपी पत्नी के साथ जाता दिखाई दे रहा है। जबकि कुत्ता इन दोनों के पीछे जाता दिख रहा है। जब वे लौटे तो कुत्ता नहीं था। पुलिस का शक डंपी को लेकर उस समय और गहरा हो गया, जब पुलिस ने दबिश दी तो वह घर से परिवार सहित फरार हो गया।



फुटेज में दंपती के पीछे जाता दिखा कुत्ता।

> डंपी की तलाश में उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द उसे गिरफ्तार कर कुत्ता बरामद कर लिया जाएगा।
> – **जयशंकर सिंह**, थाना प्रभारी इज्जतनगर

उसके मुख्य दरवाजे पर ताला लटका था। पुलिस ने उसके फोन की लोकेशन ट्रेस की। इसपर उसकी लोकेशन ससुराल में मिली। पुलिस पहुंची तो वहां भी ताला लटका था। दो घंटे बाद उसकी लोकेशन भोजीपुरा क्षेत्र में मिली। पुलिस पहुंच पाती कि उसका और पत्नी का मोबाइल मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।

# रेलवे ने जनरल कोच घटाए, एसी का टिकट लेने वाले झेल रहे हैं मुश्किल



न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस के एसी कोच में यात्रियों की भीड़।



दुर्गियाना एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर के दौरान खड़े यात्री।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दो ट्रेनों में एसी कोच में पुलिसकर्मियों के साथ भर गए जनरल के यात्री
- यात्रियों ने एक्स पर की शिकायतें फिर भी कोई नतीजा नहीं निकला

**अमृत विचार :** ट्रेनों में जनरल कोच कम किए जाने का खामियाजा एसी कोच के टिकट लेने वालों को भुगतना पड़ रहा है। जनरल टिकट लेने वालों की भीड़ घुसने से एसी कोच का भी हाल जनरल जैसा हो जा रहा है। कन्फर्म टिकट वालों को भी सीट नहीं मिल पा रही है।

टिकट चेकिंग स्टाफ और आरपीएफ और जीआरपी भी भीड़ को काबू करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। आशीष अग्रवाल ने एक्स पर रेलवे को पोस्ट की कि वह पत्नी के साथ 15624 भगत की कोठी एक्सप्रेस में यात्री कर रहे हैं। पुलिस के कई जवानों ने द्वितीय एसी श्रेणी के अंदर कब्जा कर लिया है और उनका आरक्षण भी नहीं है।

इसी तरह से 12357 दुर्गियाना एक्सप्रेस की यात्री सौम्या रंजन भट्टाचार्या ने शिकायत की कि ट्रेन के बी-4 कोच में कुछ लोग घुस गए हैं और खुद को पुलिसकर्मी बता रहे हैं। वह चुनाव ड्यूटी से लौटने का दावा कर रहे हैं लेकिन बिना टिकट हैं। 12325 न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे रयान सिंह ने शिकायत की कि ट्रेन के थर्ड एसी कोच में कई लोग चढ़ गए हैं और एसी को जनरल बना दिया गया है। उन्होंने 1700 रुपये किराया अदा किया है जो फिलहाल किसी काम का नहीं लग रहा।

# मुख्य आरक्षी की बाइक में टक्कर मारकर कार चढ़ाने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परसाखेड़ा में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा ड्यूटी से लौटते समय किला पुल के पास मारी टक्कर

**अमृत विचार :** किला पुल के पास बाइक पर जा रहे हेड कांस्टेबल को टक्कर मारकर गिराने के बाद कार चढ़ाने की कोशिश की गई। हेड कांस्टेबल परसाखेड़ा में ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा ड्यूटी से वापस पुलिस लाइन लौट रहे थे। घटना में घायल होने के बाद पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल मनीष कुमार (49) ने बताया कि उनकी ड्यूटी परसाखेड़ा में स्ट्रांग रूम में रखी गईं ईवीएम की सुरक्षा में लगी है। वह शनिवार रात 12 बजे ड्यूटी खत्म करके बाइक से लौट रहे थे। किला पुल के पास सराय चौकी के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। वह बाइक से नीचे गिर गए। कार में मौजूद लोगों ने इसके बाद भी उनका हालचाल लेने के बजाय उनके ऊपर कार चढ़ाने की कोशिश की। मनीष के मुताबिक उन्होंने शोर मचाया तो वे लोग कार लेकर भाग निकले।

हेड कांस्टेबल ने आरोप लगाया है कि किसी ने उन्हें जान से मारने की कोशिश की है। हालांकि फिलहाल उन्होंने न किसी का नाम बताया है न ही किसी पर शक जताया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के जरिए कार का पता लगाने की कोशिश कर है।

### जंक्शन पर घंटों देरी से पहुंचीं ट्रेनें

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेनों की देरी भी यात्रियों की परेशानी बढ़ा रही है। बरेली जंक्शन पर रविवार को 04313 देहरादून स्पेशल 10 घंटा 41 मिनट, 15909 अवध असम सात घंटा, 15903 डिब्रूगढ़ चंडीगढ़ आठ घंटा, 12588 अमरनाथ चार घंटा 16 मिनट, 04059 जयनगर आनंद विहार समर स्पेशल 5 घंटा 32 मिनट की देरी से पहुंची।

# छुट्टियों में ट्रेन से वैष्णो देवी की यात्रा लोगों की पहली पसंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कटरा और जम्मूतवी जाने वाली ट्रेनों में 150 से ज्यादा वेटिंग
- जंक्शन से जाने वाली फिलहाल किसी भी ट्रेन में कन्फर्म टिकट नहीं

**अमृत विचार :** अधिकतर यात्री गर्मियों की छुट्टियां पहाड़ पर गुजारना चाहते हैं। खास तौर से लोग धार्मिक यात्रा के लिए वैष्णो देवी ज्यादा जा रहे हैं। इस वजह से श्री माता वैष्णोदेवी कटरा स्टेशन और जम्मूतवी को जाने वाली ट्रेन में टिकटों की उपलब्धता नहीं है। इन ट्रेनों में 150 से ज्यादा वेटिंग है, जबकि अतिरिक्त कोच लगाने के साथ बड़ी संख्या में समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

15651 लोहित एक्सप्रेस में 28 मई को 111, चार जून को 67, 11 को 59, 18 को 40, 15655 कामाख्या श्री वैष्णोदेवी कटरा एक्सप्रेस में 28 मई को 172, चार जून को 174, 11 को 163, 18 को 109, 04623 श्री वैष्णो देवी कटरा समर स्पेशल में 28 मई को 80, चार जून को 61, 11 जून को 52, 18 को 89, 05656 गुवाहटी जम्मूतवी स्पेशल ट्रेन में 29 मई को 46, पांच जून को 35, 12 को 36, 19 को 51, 12587 अमरनाथ एक्सप्रेस में 27 मई को 53, तीन जून को 44, 10 को 39, 17 को 44, 13151 सियालदह एक्सप्रेस में 27 मई को 42, 28 को 29, 29 को 29, 30 को 31, 12355 अर्चना एक्सप्रेस में 28 मई को 25, एक जून को 50, चार को 34, आठ को 29 वेटिंग ऑनलाइन दिख रही है। एसी कोचों की भी यही स्थिति है।



### नैनीताल के लिए इन ट्रेनों में है टिकटों की उपलब्धता

अगर आप नैनीताल जाने के लिए काठगोदाम या लालकुआं तक ट्रेन से सफर करना चाहते हैं तो अब भी कई ट्रेनों के में टिकट उपलब्ध है। 12209 काठगोदाम गरीब रथ एक्सप्रेस में 11 जून को दो, 18 को 30, 25 को 66, 09075 मुंबई सेंट्रल काठगोदाम समर स्पेशल ट्रेन में 30 मई को 41, छह जून को 70, 13 को 97, 20 को 75 टिकटों की उपलब्धता शनिवार शाम तक ऑनलाइन दिख रही थी।

### पहाड़ पर जाने के लिए 550 से ज्यादा बुकिंग

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मियों की छुट्टियों का आनंद लेने के लिए लोग पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। टूर एंड ट्रेवल्स कंपनियों के अनुसार शहरवासी कश्मीर, लद्दाख, मनाली, कौसानी, मुक्तेश्वर समेत कई जगहों की सैर करने का प्लान बना रहे हैं। अब तक 550 से अधिक लोग बुकिंग करा चुके हैं। इनमें सभी बुकिंग मई के अंतिम सप्ताह से लेकर जुलाई के पहले सप्ताह तक की हैं। इसके अलावा लोग श्रीनगर, गुलमर्ग, पहलगाम व सोनमर्ग घूमने जा रहे हैं। रामपुर बाग स्थित चौहान टूर एंड ट्रेवल्स के अखिलेश चौहान ने बताया कि विदेश जाने वालों की संख्या भी कम नहीं है, करीब 20 से अधिक परिवारों की ओर से दुबई, सिंगापुर, इंडोनेशिया जाने के लिए बुकिंग कराई गई है। वीजा शुल्क कम होने सर्वाधिक लोग दुबई को प्राथमिकता दे रहे हैं। विदेशों का टूर 80 हजार से शुरू होकर ढाई लाख रुपये तक है। सिविल लाइंस के एपेक्स टूर के अंशुल अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखंड के लिए 30, हिमाचल के लिए 45 और कश्मीर के लिए 40 हजार रुपये के पैकेज हैं।

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइटि्स, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें :
संजीव कुमार पाडेय
चेयरमैन
9837892555
9412192305

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

THE TOOTH LOUNGE
Regd. No. : 21537
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION
● दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना ● दाँतों के रंग की फिलिंग करना ● दाँतों का निकालना ● दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग ● दाँत एवं बत्तीसी बनवाना ● RCT ● डिजिटल एक्स-रे ● टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना ● डेंटल इम्प्लांट
डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

# क्लर्कों पर अतिरिक्त जिम्मेदारियां थोपने का विरोध

## पंजाब नेशनल बैंक स्टाफ यूनियन की तिमाही बैठक में आउटसोर्सिंग नियुक्तियों पर भी जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पंजाब नेशनल बैंक स्टाफ यूनियन की बैठक में बोलते वक्ता और मौजूद अतिथि।



एक होटल में आयोजित बैठक में मौजूद संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक स्टाफ यूनियन की बैठक में प्रबंधन की ओर से क्लर्कों पर अतिरिक्त जिम्मेदारियां थोपने पर सख्त नाराजगी जताई गई। बैठक में बैंकों में आउटसोर्सिंग नियुक्तियों पर भी विरोध जताया गया और सदस्यों से इसके खिलाफ बड़ा आंदोलन करने के लिए तैयार रहने को कहा गया।

पीलीभीत बाईपास पर एक बैंक्वेट हॉल में हुई राज्यस्तरीय तिमाही बैठक की अध्यक्षता करते हुए यूनियन के महामंत्री केएन पांडेय ने कहा कि पहले किसी चेक के भुगतान के लिए क्लर्क की संस्तुति पर मैनेजर की ओर से उसे पास करने के बाद हेड कैशियर भुगतान करते थे। इसमें गलती की संभावना कम रहती थी। अब लिपिकों की संस्तुति के साथ भुगतान करने को भी कहा जा रहा है, इससे गलतियों की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने पदाधिकारियों की ओर से अंशकालिक सफाई कर्मियों के प्रमोशन और स्थानांतरण के मुद्दों पर बात करते हुए यह लड़ाई जारी रखने का आह्वान किया।

उप महामंत्री परमवीर ने यूनियन की मासिक पत्रिका निकालने पर जोर दिया। संगठन के जिलाध्यक्ष आरएस उपाध्याय ने कहा कि सभी सदस्य बैंकों की बदलती हुई परिस्थितियों से लगातार अपडेट होते रहें ताकि नई चुनौतियों का सामना कर सकें। उप्र के अध्यक्ष दिनेश कुमार सक्सेना ने भरोसा दिलाया कि वे हर समय सदस्यों की समस्याएं दूर करने के लिए तत्पर रहेंगे। संयुक्त सचिव अशोक अग्रवाल ने कहा की सरकार छोटे कर्मचारी को कुचल देना चाहती है लेकिन उनकी एकजुटता से ऐसा नहीं कर पा रही है। सहायक महामंत्री चरण सिंह यादव ने कहा कि बैंक कर्मचारियों का शोषण कर रही है। बैठक में अरुण कुमार, अनुराग शुक्ला, आकाश बत्रा, अमित खंडेलवाल, रामसेवक अग्निहोत्री, समर पाल सिंह, मुकेश अग्निहोत्री, शुभम कश्यप, चंद्रशेखर सिंह, लालमणि सिंह आदि मौजूद रहे।

# बदायूं की फर्म में 45 लाख की जीएसटी चोरी पकड़ी

● बरेली की एसआईबी ने ई-वेस्ट को रीसाइकिल करने वाली फर्म पर की जांच

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं में वाणिज्य कर विभाग ने ई-वेस्ट को रीसाइकिल करने वाली फर्म की जांच में 45 लाख की टैक्स चोरी पकड़ी है। फर्म ने मौके पर 30 लाख रुपये जमा कर दिए।

एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर ओपी चौबे के निर्देश पर विशेष अनुसंधान विंग के डिप्टी कमिश्नर राजीव पाण्डेय, विकास मिश्रा, प्रवीण माथुर और वकीउल्लाह ने बदायूं में रीसाइकिल वेस्ट मैनेजमेंट फर्म में जांच की। फर्म पुराने एसी, फ्रिज, प्रिंटर, वाशिंग मशीन आदि को खरीद कर रीसाइकिल कर कॉपर, ऐल्यूमिनियम, आयरन और प्लास्टिक स्क्रैप निकालकर बेचती है। फर्म का डाटा जांचने पर पाया कि फर्म की ओर से टर्न ओवर के सापेक्ष कैश बहुत कम दिखाया जा रहा है। इसके अलावा मांग और सप्लाई का अनुपात भी ठीक नहीं पाया गया। ई-वे बिल के लिए प्रयोग होने वाले वाहनों का मूवमेंट भी नहीं मिला। एसआईबी ने जांच में पाया कि स्टॉक और लेख में लगभग ढाई करोड़ की सप्लाई ऐसी मिली जिसे फर्म ने जानबूझकर अदा नहीं किया था। प्रथम दृष्टया लगभग 45 लाख की टैक्स चोरी मिली। इस पर व्यापारी ने 30 लाख रुपये टैक्स के मौके पर जमा कर दिए। जांच पूरी होने के बाद बाद शेष राशि और ब्याज भी जमा कराया जाएगा। एडिशनल कमिश्नर वाणिज्य कर ओपी चौबे ने बताया कि बदायूं जैसे छोटे शहर में ई वेस्ट का काम कम है। इसके अलावा पिछले वर्ष की अपेक्षा फर्म ने इस बार अप्रैल में डेढ़ करोड़ रुपया कम टैक्स दिया।

# सामाजिक और व्यापारिक क्षेत्र के 11 लोगों को सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● हरीश चंद की पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई

● अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने किया कार्यक्रम

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने स्व. हरीश चंद अग्रवाल की पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई। इस मौके पर सामाजिक एवं व्यापारिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 11 लोगों को सम्मानित किया गया।

कोतवाली स्थित कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र रस्तोगी ने बताया कि 26 मई 1979 को लखनऊ में सर्वे का विरोध कर रहे व्यापारियों पर पुलिस ने लाठियां और गोलियां चलाईं थीं, जिसमें व्यापारी हरीश चंद अग्रवाल की गोली लगने से मौत हो गई थी। उनकी शहादत का ही परिणाम है कि आज व्यापारी संगठनों को शासन प्रशासन अग्रिम पंक्ति में रखकर तमाम अवसरों पर उनसे सहयोग मांगता है।



कार्यक्रम में मौजूद सम्मानित होने वाले लोग और व्यापारी नेता।

महानगर महामंत्री मुकेश सिंघल ने कहा कि व्यापारी समाज के सम्मान के लिए जो भी लड़ाई होगी, उसे पूरी ताकत से लड़ा जाएगा। अभय अग्रवाल ने सर्वे और छापे का विरोध करने की बात कही। इस मौके पर सुरेन्द्र अग्रवाल, रमेश चंद्र अग्रवाल, विनीत बिसारिया, रजनीश सक्सेना, सागर रस्तोगी आदि को सम्मानित किया गया। अंकुर सक्सेना, अरुण भसीन, संजय गर्ग, योगेश सक्सेना, हर्ष अग्रवाल, प्रिंस सोढ़ी, दीपक रस्तोगी, कमलजीत सिंह, सतनाम सिंह, पवन निहलानी, विक्की मित्तल, राशिद अली आदि मौजूद रहे।



माधोबाड़ी स्थित श्रीरामायण मंदिर में भजन कीर्तन करते लोग। ● अमृत विचार

## षष्ठी महोत्सव : भजन संध्या के जरिये हरि नाम का गुणगान

**बरेली, अमृत विचार :** माधोबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में रविवार से दो दिवसीय षष्ठी महोत्सव शुरू हो गया। इस मौके पर अखिल भारतीय राधा माधव संकीर्तन मंडल ने हरि नाम का गुणगान किया। युधिष्ठिर मलिक और सुनील मलिक ने संगीतमय वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। चरण कमल बंदों हरि राई, अब मेरा मन तेरे बरसाने में है... आदि भजनों की प्रस्तुति दी गई। मंदिर को विशेष रूप से फूलों से सजाया गया था। इस दौरान सचिव नवीन अरोड़ा, कमल अरोड़ा, राम अरोड़ा, आकाश अरोड़ा, भविष्य, अरुण, दीपक, भूषण आदि मौजूद रहे।

## हाफिजगंज में अवैध अस्पताल आज होगा सील

**बरेली, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीम सोमवार को कस्बा हाफिजगंज में अवैध अस्पताल को सील करेगी। दो दिन पहले हाफिजगंज में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालन की सूचना पर टीम गई थी। यहां जिस अस्पताल में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहा था, उस अस्पताल का भी विभाग में पंजीकरण नहीं था। टीम के पहुंचने से पहले ही संचालक अस्पताल का बोर्ड हटा कर फरार हो गया था। झोलाछाप नियंत्रण सेल प्रभारी डॉ. लईक अहमद अंसारी ने बताया कि सोमवार को नियमानुसार अस्पताल पर कार्रवाई की जाएगी।

# अलीगंज क्षेत्र में मोर की हत्या करने वाले को पीटा

संवाददाता, बरेली/अलीगंज

● हत्या करने के बाद बोरे में बंद कर ले जा रहा था, ग्रामीणों ने दबोचा

**अमृत विचार :** अलीगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गौंटिया में एक शिकारी ने मोर की हत्या कर दी। शिकारी मोर को बोरे में बंद कर ले जा रहा था तो गांव वालों ने उसे पकड़कर बंधक बना लिया और उसकी जमकर पिटाई की। शिकारी की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। आंवला रेंजर शिशुपाल बिष्ट ने मामले की जांच डिप्टी रेंजर को सौंपा है। जांच रिपोर्ट के बाद रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

गांव नौगवां गौंटिया के पास 8 मई की दोपहर को राष्ट्रीय पक्षी को 35 साल के एक शिकारी ने मार दिया। वह मोर को बोरी में भरकर ले जा रहा था। जानकारी पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और शिकारी के गले में कपड़े का फंदा डाल दिया और उसकी जमकर पिटाई की। शिकारी हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा। इस दौरान किसी ने पिटाई का वीडियो बना लिया जो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में शिकारी को तीन-चार युवक पीटते दिख रहे हैं लेकिन उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। एक युवक के हाथ में बेल्ट भी है।

> मामले की जांच डिप्टी रेंजर को दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले में पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। **शिशुपाल बिष्ट, आंवला रेंजर**

> मोर की हत्या की वन विभाग जांच करा रहा है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
> **-मानुष पारीक**, एसपी दक्षिणी

## बेकरी का ताला तोड़कर आठ लाख रुपये चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में चोरों ने बेकरी का ताला तोड़कर आठ लाख रुपये पार कर दिए। चोरों ने दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिंधु नगर कॉलोनी निवासी भारत ने बताया कि उनकी कॉलोनी में बेकरी है। उन्होंने 19 मई की रात दुकान बंद की थी। दूसरे दिन सुबह दुकान खोलने गए तो देखा कि शटर के दोनों ताले टूटे हुए हैं और सामान बिखरा पड़ा है। जब उन्होंने कैश काउंटर खोला तो आठ लाख रुपये गायब थे। चोरों ने सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया था। थाना प्रभारी अमित पाण्डेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सार-संक्षेप

### हर ब्लाक में दो मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति करेगी कांग्रेस



**बरेली, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय पर हुई, जिसमें जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने बताया कि अब हर ब्लाक में दो मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी को सत्ता से हटाएगी। संचालन जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने किया। जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट, पूर्व चेयरमैन इलियास अंसारी, दिनेश दद्दा, उल्फत सिंह कठेरिया, मुराद बेग, रिजवान बेग, यूसुफ अली, दत्त राम गंगवार, रामपाल माली, नईम शेर, सरफराज बेग आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य मेले में आंखों के संक्रमण के 33 मरीज मिले



**बरेली, अमृत विचार :** जिले के 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में रविवार को 3243 मरीजों को परामर्श दिया गया। शिविर में बुखार, डायरिया के अलावा आंखों के संक्रमण के भी मरीज पहुंचे। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के अनुसार गर्मी की वजह से आंखों के संक्रमण के भी मरीज बढ़े हैं। स्वास्थ्य मेले में 33 मरीज आंखों के संक्रमण के मिले। चलते मेले में 33 मरीज आंखों के संक्रमण से ग्रसित मिले इसके साथ ही सबसे अधिक डायरिया से ग्रसित मरीजों की संख्या रही। उन्होंने कहा कि लोग धूप में निकलने से बचें और जरूरत पर निकलें तो आंखों का बचाव करें।

### दहेज कम मिलने से नाराज पति कर रहा दूसरी शादी

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज कम मिलने पर युवक ने पत्नी को पीटकर घर से निकाल दिया। आरोप है कि युवक तलाक दिए बिना दूसरी शादी कर रहा है। पीड़िता की शिकायत पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के रहपुरा चौधरी निवासी नाजमा परवीन की शादी 2016 में कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया निवासी जुल्फिकार से हुई थी। आरोप है कि दहेज कम मिलने से नाराज पति ने शादी के छह माह बाद पत्नी को घर से निकाल दिया।

### कॉलेज गेट के पास युवक को चाकू के साथ दबोचा

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। युवक के खिलाफ प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि केडीएम इंटर कालेज के पूर्वी गेट के पास से बानखाना बगिया निवासी छोटू उर्फ नायाब को गिरफ्तार किया गया है।

### रास्ते से गाड़ी हटाने को कहा तो किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** किला क्षेत्र में रास्ते से छोटा हाथी हटाने को कहने पर मालिक ने धारदार हथियार से दो लोगों पर हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किला छावनी निवासी विनीत उर्फ टीटू ने बताया कि वह साथी चंदन सक्सेना के साथ शनिवार को घर जा रहे थे। रास्ते में छोटा हाथी खड़ा था। उन्होंने छोटा हाथी के मालिक खेमकरन से इसे हटाने के लिए कहा तो वह मारपीट करने लगा। उसने साथियों के साथ मिलकर उनकी और उनके साथी पर हमला कर दिया।

## एक नजर

### दो घंटे कुंडली जागरण ध्यान साधना कराई



**बरेली, अमृत विचार :** सिद्ध योग शक्ति दरबार ट्रस्ट ने रविवार को ट्रस्ट संस्थापक गुरुदेव गोविंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशेष ध्यान साधना का आयोजन किया। साधन सत्र में शक्तिपात कर दो घंटे कुंडली जागरण ध्यान साधना कराई गई। इसके बाद लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। शाम को भजन संध्या में भक्तों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर गुरुदेव गोविंद ने कहा कि रोजाना 40 मिनट ध्यान करने से शरीर और मन स्वस्थ रहता है। राजीव शर्मा, कमल मेहरोत्रा, सुमेधा, अवनीश मिश्रा, शशि मिश्रा, देवेश मिश्रा, राघवेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### अमरनाथ में 29 जून से 19 अगस्त तक चलेगा भंडारा

**बरेली, अमृत विचार :** शिव शक्ति सेवा समिति की ओर से अमरनाथ में 29 जून से 19 अगस्त तक भंडारा आयोजित किया जाएगा। रविवार को एक प्रेस क्लब में समिति के प्रधान संजय पराशरी ने बताया कि भंडारे की तैयारी के लिए भक्तों का जत्था 15 जून को रवाना होगा। डा. पवन सक्सेना, तुषार पराशरी, गोविंद कांत मिश्रा, अजय मिश्र, वीरेंद्र अटल व मुकेश तिवारी, पुत्तन सक्सेना मौजूद रहे।

# महिला एकल में लखनऊ की अमोलिका और पुरुषों में नोएडा के चिराग बने विजेता

## सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट: मेन्स डबल्स में आयुष अग्रवाल और तुषार गंगनेजा जीते

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला बैडमिंटन संघ की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के रविवार को सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले गए। पुरुष एकल के फाइनल में लखनऊ के सिद्धार्थ मिश्रा को हराकर नोएडा के चिराग सेठ विजेता बने। वहीं महिला एकल में लखनऊ की अमोलिका ने आगरा की दिव्यांगी को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया।

फाइनल में मेन्स डबल्स में आगरा के आयुष अग्रवाल और गोरखपुर के तुषार गंगनेजा ने आजमगढ़ के आरुष श्रीवास्तव और राजन यादव को हराया। इसके अलावा वूमेन्स डबल्स में गोरखपुर की अदिति यादव और बस्ती की शिवांगी सिंह ने लखनऊ की समृद्धि सिंह और मेरठ की शैलजा शुक्ला को हराया। मिक्सड डबल्स में गोरखपुर के बालकेशरी यादव और नोएडा की रिद्धिमा सिंह ने अलीगढ़ के प्रदीप चौधरी और मेरठ की शैलजा शुक्ला को हराया।



स्पोर्ट्स स्टेडियम में महिला डबल्स के फाइनल मुकाबले में जोर आजमातीं आदित्या यादव और शिवांगी सिंह। ● अमृत विचार

इस मौके पर मुख्य अतिथि सीडीओ जग प्रवेश और विशिष्ठ अतिथि शिव कुमार अग्रवाल मौजूद रहे। संघ के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि सभी विजेता खिलाड़ियों को आठ हजार और उपविजेता खिलाड़ियों को छह हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष डीएल खट्टर, उपाध्यक्ष श्रीकुमार अग्रवाल, जगदीश खंडेलवाल, विष्णु शंकर शर्मा, देवेंद्र थापा, गौरव भसीन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते सीडीओ जग प्रवेश। ● अमृत विचार



रिद्धिमा में आल इडियट्स का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

## आल इडियट्स : सरकारी कामकाज की यही है व्यवस्था

● नई दिल्ली के उमापति थिएटर ग्रुप ने किया नाटक का मंचन

**बरेली, अमृत विचार :** दिल्ली के श्री उमापति थिएटर ग्रुप ने एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को आल इडियट्स नाटक का मंचन किया। नाटक में हास्य और व्यंग्य के जरिए सरकारी कामकाज की व्यवस्था और समाज में मौजूद क्राइम को दर्शाया गया।

कहानी सीआईडी डिपार्टमेंट में कार्यरत डीएसपी और उनकी टीम की गतिविधियों पर आधारित है। डीएसपी अनपढ़ पत्नी के रवैये और बेटी की आवारागर्दी से परेशान हैं। बेटी पैसों के लालच में लेडी गैंग से जुड़कर तस्करी करती है। डीएसपी घर और आफिस में इडियट्स के झुंड से घिरे हैं। डीएसपी को लेडी गैंग को पकड़ने की जिम्मेदारी मिलती है। इन सब के बीच हास्य की स्थिति उत्पन्न होती है।

नाटक में रोज सैनी (डिम्पल), एसपी सिंह सेंगर (डीएसपी), अन्नू शर्मा (डीएसपी की पत्नी), मंजू शर्मा (डीएसपी की बेटी) के साथ अतुल नंदरा और रचित माथुर ने सीआईडी अफसर की भूमिका निभाई है। ऑल इडियट्स पंडित भूषण के हास्य नाटक बुरे फंसे पर आधारित है। नाटक का निर्देशन एसपी सिंह सेंगर ने किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. रीता शर्मा मौजूद रहीं।

## आरटीई : चौथे चरण के लिए 1 जून से आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत 1 से 20 जून तक चौथे चरण के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता आशीष ने बताया कि फरवरी से अब तक तीन चरणों में लॉटरी के माध्यम से 1230 बच्चों का चयन कर निजी स्कूलों में दाखिला कराया जा चुका है। अब अंतिम चरण की तैयारी चल रही है। इस संबंध में अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। योजना के तहत बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश दिलाया जाता है।

## सार-संक्षेप

### समाजसेवियों को दिया पारस रत्न सम्मान




**बरेली, अमृत विचार :** पारस एजुकेशनल सोसाइटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 111 शिक्षक, साहित्यकार, खिलाड़ी और समाजसेवियों को उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। डीडीपुरम स्थित अर्बन कोआपरेटिव बैंक के सभागार में हुए कार्यक्रम में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि समाज में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि शिक्षकों को सम्मानित करना गौरव की बात है। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि शिक्षक ही बच्चों के आदर्श होते हैं। सोसाइटी के अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह (बंटी ठाकुर) ने कहा कि 2009 में स्थापना के बाद से सोसाइटी निरंतर जरूरतमंद लोगों की मदद कर रही है। डॉ. विमल भारद्वाज, गुलशन आनंद, अर्चना सिंह, राजपाल, पल्लवी शर्मा, जाकिर हुसैन, प्रमोद रघुवंशी, भारतेंदु सिंह चौहान, विनय कुमार सिंह राठौड़, संजीव अवस्थी, धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

### कौशल बने आर्म्स रेसलिंग संघ बरेली के अध्यक्ष



**बरेली, अमृत विचार :** इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन (यूपी) की ओर से रविवार को वसंत विहार में आयोजित सम्मान समारोह में पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। आईबीएफए के प्रदेश अध्यक्ष नदीम खान ने बताया कि शिवम वार्ष्णेय को आईबीएफए बदायूं जिलाध्यक्ष, फौजी चरण सिंह को प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी, अमित चौहान को मंडल कोषाध्यक्ष, कौशल सिंह को आर्म्स रेसलिंग संघ बरेली अध्यक्ष, फैजान मियां को जनरल सेक्रेटरी, सैय्यद हामिद अली को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईबीएफए नॉर्थ इंडिया चेयरमैन अशोक चौधरी ने इन पदाधिकारियों को सम्मानित किया। मनमोहन सिंह तनेजा, आलम सिद्दीकी, मो आरिफ पिंटू, मोइन उद्दीन, सुमित बालाजी, मो. कमर, दानिश रजा, तौफीक रजा, अनुराग शर्मा, अंकित चौहान, पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

### समर कैंप : बच्चों ने प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा



**बरेली, अमृत विचार :** बेदी इंटरनेशनल स्कूल में सात दिवसीय समर कैंप का रविवार को समापन हुआ। इस मौके पर आर्ट, क्राफ्ट, विज्ञान, गणित, हिंदी आदि विषयों पर आधारित प्रदर्शनी में बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इससे पहले अमनदीप बेदी और प्रधानाचार्य जेके साहनी ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

### फेयरवेल में मेधावियों को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को 12 वीं की फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। इस मौके पर 10 वीं और 12 वीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व हेड गर्ल उज्जिका ढींगरा, चेयरमैन पारुष अरोरा, प्रधानाचार्य ममता सक्सेना, उप प्रधानाचार्य शिवानी सूरी और कोऑर्डिनेटर वैशाली गुप्ता ने कार्यक्रम की शुरुआत की। स्नेहा पांडे, वनीशा महाजन, भूमिका गुप्ता, मोहम्मद आरान, सलोनी गुप्ता, मयंक शर्मा, अंजलि कुमारी, अल्तमश, शिफा नूरी मौजूद रहीं।

### रामचरितमानस पाठ के बाद हुआ भंडारा

**दुनका, अमृत विचार :** गांव कमलपुर में किच्छा नदी के किनारे रामचरितमानस पाठ के बाद भंडारे के साथ भजन संध्या का आयोजन हुआ। भंडारे में सुमित सिंह, वीर सिंह, संतोष कुमार, शीशपाल, लाखन सिंह, राकेश बाबू, अनिल कुमार, रामावतार, जयवीर सिंह आदि ने सहयोग किया। ग्रामीणों के मुताबिक नदी के किनारे भंडारा और रामायण पाठ, इसलिए किया गया कि नदी में बाढ़ आने पर कोई नुकसान न हो।

## एलएलबी और बीएससी कृषि की परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम समेत अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। परीक्षाएं 28 मई से 43 केंद्रों पर शुरू होंगी।

परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक बीबीए, बीसीए, बीलिब, एमलिब, पीजीडीसीए, बीकॉम वित्त एवं वित्तीय सेवा, एलएलएम, एलएलबी, बीएएलएलबी, बीएससी कृषि, एमएससी कृषि की परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा केंद्र देख सकते हैं। परीक्षा की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

## टाई ब्रेकर में एयरफोर्स स्कूल को हराकर आर्मी स्कूल फाइनल में

● करन सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का आज होगा फाइनल

**बरेली, अमृत विचार :** करन सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट में सोमवार को अंडर-14 का फाइनल मुकाबला सेक्रेड हार्ट्स स्कूल और आर्मी स्कूल के बीच होगा। सेक्रेड हार्ट्स स्कूल में चल रहे टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को पहला मैच अंडर 14 में आर्मी स्कूल और एयर फोर्स स्कूल के बीच मैच हुआ, जिसमें आर्मी स्कूल की टीम ट्राई ब्रेकर में 3-2 से विजयी रही। दूसरे मैच में विपक्षी टीम की अनुपस्थिति पर अल्मा मातेर को वाक ओवर दे दिया गया।

तीसरा मैच कृष्णा पब्लिक स्कूल और सेक्रेड हार्ट्स स्कूल के बीच हुआ। सेक्रेड हार्टस 2-0 से विजयी रहा। चौथे मैच में सेक्रेड हार्ट्स (ए) की टीम ने अल्मा मातेर को 3-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

अंडर-19 में पहला मैच आर्मी स्कूल और सेक्रेड हार्ट्स स्कूल (बी) टीम के बीच हुआ। जिसमें आर्मी स्कूल की टीम ने सेक्रेड हार्ट्स (बी) को 4-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा मैच कृष्णा पब्लिक स्कूल और सेक्रेड हार्ट्स कान्वेंट के मध्य हुआ, जिसमें कृष्णा पब्लिक स्कूल ने विपक्षी टीम को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। चंद्र कुमार, मनोज, अविनाश, रिंकू गोम्स, सुभाष चंद्र भगत, राजकुमार, शाहनवाज खान आदि मौजूद रहे।

## नए नौ खेलों के लिए परिषदीय स्कूलों में कोई प्रशिक्षक नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के तहत नौ नए खेलों को शामिल किया गया है, लेकिन इन खेलों का प्रशिक्षण देने के लिए परिषदीय विद्यालयों में कोई प्रशिक्षक नहीं है। जबकि जुलाई में प्रतियोगिताएं शुरू होने जा रही हैं। स्पोर्ट्स फॉर स्कूल के तहत शतरंज, गतका, कलारीपयटटू, थांगता जैसे नौ नए खेल शामिल किए गए हैं। जिले में कुल 198 खेल अनुदेशक हैं। इनमें इन नए खेलों का कोई प्रशिक्षक नहीं है। शिक्षक भी इन खेलों के बारे में कम ही जानते हैं। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि खेल प्रशिक्षकों की नई नियुक्ति शासन के निर्देश पर ही होनी है। वर्तमान स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

# अध्यात्म के अनुभव के लिए गृहस्थ आश्रम उत्तम

● संत दिव्यानंद आश्रम में सत्संग में बोले आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन
● बदायूं, शाहजहांपुर समेत कई जिलों से पहुंचे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मढ़ीनाथ स्थित संत दिव्यानंद आश्रम में रविवार को आयोजित सत्संग में आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन ने कहा कि विरले ही होते हैं जो अपने तमाम कार्यों को छोड़कर सत्संग के लिए निकलते हैं। संतों ने अध्यात्म के लिए सबसे अच्छा साधन गृहस्थ आश्रम को ही बताया है।

गृहस्थ में लोगों को कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है और जब कोई अध्यात्म को साथ लेकर चलता है तो उसे संयमित होकर हर परिस्थिति से निकलने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि संत और महापुरुषों की संगत से मन का आवेग भी शांत रहता है। काम, क्रोध, लोभ, मोह अंहकार से निकलने का संयमित रास्ता संत ही बताते हैं।



मढ़ीनाथ स्थित संत दिव्यानंद आश्रम में सत्संग में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कहा कि दिनचर्या साधना की पृष्ठभूमि है। यदि कोई हमें परेशान करता है तो हमें तरीका आना चाहिए इससे उबरने का न कि उसी में अपना जीवन खराब करने का। यदि क्रोध आता है तो उसे कैसे नियंत्रित करना है, हमें इसका उपचार तलाशना है न कि उसे बढ़ाना है। आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन ने कहा कि संत कृपाल सिंह महाराज कहा करते थे कि हमें अच्छाई अपने घर से ही शुरू करनी है न कि समाज से। उन्होंने कहा कि गुरु के दिखाए मार्ग पर चलें। किसी के बहकावे में न आएं।

सत्संग में गेंदनलाल, प्रीतम लाल, प्रेम शंकर, हरपाल, महेश के अलावा पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर समेत कई स्थानों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालु उत्साहित नजर आए।



आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन।















बवासीर
भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# बांटने से पहले ही ब्लैक कर चुकी थी राशन, कोटेदार पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, भोजीपुरा

- लोगों की शिकायतों पर जांच करने गांव पहुंची थी टीम

**अमृत विचार :** घंघोरा पिपरिया गांव की कोटेदार ने राशन बांटने की शुरुआत करने से पहले ही उसे ब्लैक कर दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर जांच के लिए टीम पहुंची तो राशन का स्टॉक कम मिला। इसके बाद पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत भोजीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भोजीपुरा के गांव घंघोरा पिपरिया के ग्रामीणों ने प्रधान नरेंद्र कश्यप के साथ कोटेदार पर राशन कम देने और दुकान मनमर्जी से खोलने की शिकायत एसडीएम सदर से की गई थी। उन्होंने पूर्ति निरीक्षक सदर ललित कुमार श्रीवास्तव और लिपिक को जांच करने मौके पर भेजा था। जांच टीम के आने की भनक लगते ही कोटेदार घर से चली गई। टीम को दुकान के बरामदे में पचास किलो की भरती वाले 37 कट्टे चावल और 31 कट्टे गेहूं, 1.75 कुंतल खुले चावल और 1.20 कुंतल गेहूं खुला पाया गया। कोटेदार अनोखी की मां से टीम ने अन्य राशन के स्टॉक के संबंध में पूछा तो उसने बताया कमरे में राशन है, चाभी उसकी कोटेदार बेटी लेकर दवाई लेने गई। टीम ने एसडीएम सदर से संपर्क किया। उनके निर्देश पर भोजीपुरा पुलिस, नायब तहसीलदार, ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की मौजूदगी में कमरे का ताला तोड़ा गया। कमरे में मात्र तीन कट्टे चावल के मिले। कार्डधारकों ने पहुंचकर कम राशन देने और समय पर न देने की शिकायत की।पूर्ति निरीक्षक ने कार्डधारकों के बयान दर्ज किए। पूर्ति कार्यालय से नोटिस भेजा गया। लेकिन कोटेदार ने कोई जवाब नहीं दिया। एसडीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ललित श्रीवास्तव ने कोटेदार अनोखी के भोजीपुरा थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# नवाबगंज में हाईवे पूरे दिन जाम, चेयरमैन बोलीं- सुनते ही नहीं हैं कस्बे के व्यापारी

## मुख्यमार्ग पर व्यापारियों और ई रिक्शा तो हाईवे पर ठेलों और डग्गामार वाहनों का कब्जा

संवाददाता, नवाबगंज


बरेली-पीलीभीत हाईवे पर ई-रिक्शा और ईको की वजह से सड़क पर जाम में फंसे वाहन चालक। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** नवाबगंज कस्बे से होकर निकले बरेली-पीलीभीत हाईवे हो, कस्बे का मुख्यमार्ग हो या फिर बिजौरिया और याकूबपुर मार्ग। सभी स्थानों पर जाने को आपको जाम से ही जूझना पड़ेगा। सभी मार्गों पर लगने वाले जाम से यहां के निवासी ही परेशान नहीं होते बल्कि प्रशासन को इससे दो चार होना पड़ता है। इसके बाद भी जाम को लेकर न तो तहसील प्रशासन कोई कदम उठाता है और न ही नगर पालिका और पुलिस प्रशासन। जनप्रतिनिधियों की माने तो प्रशासन शासन के आदेशों का पालन ईमानदारी से नहीं कर रहा।

**नाले के पार भी लग रहे ठेले:** बरेली पीलीभीत हाईवे के दोनों ओर जब से एनएचएआई ने नाले का निर्माण कराया है हाईवे पर जाम के हालत बने रहते है जिससे आए दिन कोई न कोई सड़क हादसा होना आम बात हो चुकी है।

एनएचएआई के नाले पर नाले के पीछे बनी दुकानों के मालिक ठेले वालों का कब्जा कराकर उनसे मोटी कमाई करते हैं। कुछ ठेले वाले तो नाले के आगे भी अपने ठेले लगाते हैं तो इनसे मिलकर ही ई- रिक्शा, तिपहिया वाहन, ईको वैन सवारियां भरने को कब्जा जमाए खड़े रहते हैं जिसके चलते यहां रुकने वाली रोडवेज की बसे भी हाईवे पर ही ठहरती हैं जिसके चलते यहां प्रायः जाम की स्थिति बनी रहती है।

### हाईवे पर ही वाहनों को खड़े करके बैठाते हैं सवारियां


ईको और ई रिक्शा की वजह से फंसीं बसें।

हाईवे पर ही रोडवेज बस और डग्गामार वाहन चालक खड़े होकर सवारियां भरते है, इससे कई बार जाम की समस्या विकराल हो जाती हैं। कस्बे के मुख्यमार्ग पर शिक्षण संस्थानों के साथ ही ब्लॉक कार्यालय, तहसील कार्यालय और थाना है। इस मार्ग पर अपनी दुकानों के सामने पटरी पर व्यापारियों ने कब्जा जमाया हुआ है जिससे यहां सामान लेने आने वालों को वाहन सड़क पर ही लगाने होते हैं। उसके बाद कस्बे में दौड़ लगाने वाले ई रिक्शा जाम को बढ़ा देते हैं। कई बार व्यापारियों से अपना सामान दुकानों के अंदर रखने को नगर पालिका व पुलिस द्वारा कहा जाता है इसका कोई असर नहीं। बिजौरिया मार्ग का हाल भी कुछ ऐसा ही है। यहां तो सड़के के किनारे खासी जगह है जिसमें कुछ पर व्यापारियों का कब्जा है तो कुछ पर डग्गामार वाहनों का। इस मार्ग पर प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। याकूबपुर मार्ग पर सीएचसी है। यहां जाने को नगर के तहसील चौराहे से मार्ग निकला है। इस मार्ग पर व्यापारियों के साथ ही डग्गामार वाहनों का कब्जा रहता है। यहां से मरीजों को लाती एंबुलेंसों को अक्सर जाम में फंसता देखा जा सकता है।

### बोले- प्रशासन गैरजिम्मेदार

दूसरी बार सत्ता पर काबिज होने के साथ ही मुख्यमंत्री ने हाईवे पर वाहनों के खड़े होने पर रोक लगाने के साथ ही अतिक्रमण पर रोक लगाने के आदेश दिए थे। हाईवे के किनारे बने नाले पर तो ठेले लगते ही है साथ ही हाईवे पर भी ठेलों को ख़ड़ा देखा जा सकता है तो उसके बाद डग्गामार वाहनों के चलते जाम लगा रहता है। प्रशासन अपना काम जिम्मेदारी से नहीं कर रहा है।

**-डॉ. एमपी आर्य**, विधायक

व्यापारियों से कई बार पटरी से कब्जा हटाने को कहा जाता है पर कोई सुनने को तैयार नही है। दुकानों के आगे व्यापारियों के कब्जों के साथ ही ई रिक्शा का बेतरतीब दौड़ना मुख्यमार्ग, बिजौरिया मार्ग और याकूबपुर मार्ग पर जाम लगने का प्रमुख कारण है तो हाईवे पर नाले के ऊपर ठेले वालों का कब्जा तो हाईवे पर डग्गामार वाहनों के कब्जे के चलते जाम लगता रहता है।

**-प्रेमलता राठौर**, पालिकाध्यक्ष

# मुख्यमंत्री को अपशब्द बोलने का वीडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपशब्द बोलते हुए एक युवक का वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में एक्स पर अधिकारियों को पोस्ट कर शिकायत की गई है।

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने सुभाषनगर थाना प्रभारी को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। वीडियो में जो युवक दिख रहा है, वह मढ़ीनाथ का रहने वाला है। इस मामले में आईजी और एसएसपी को एक्स पर पोस्ट कर कार्रवाई की मांग की गई है।

## ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** भिटौरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। बरेली जंक्शन जीआरपी थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात रेलवे फाटक पास एक व्यक्ति के ट्रेन से कटने की सूचना मिली। एसआई चमन सिंह मौके पर पहुंचे। शव की पहचान नहीं हो सकी है। एक कट्टा मौके से मिला है। लोगों ने बताया कि व्यक्ति कूड़ा बीनकर गुजारा करता था।

## चौकीदार की चार लोगों ने की पिटाई

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज में आईटीआई के सामने बिधौलिया में दुकान के चौकीदार की चार युवकों ने जमकर पिटाई की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव सनैया रानी निवासी अब्दुल सत्तार ने बताया कि वह बिधौलिया स्थित एक स्पेयर पाट्‌र्स की दुकान पर चौकीदारी हैं। शनिवार की रात करीब 3 बजे चार दबंग बाइक से आए और उनपर हमला बोल दिया।


**नियमों पर न सही, खुद पर तो रहम खाओ**
ट्रैफिक पुलिस की नजरों से बचकर यातायात नियमों को तोड़ना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन यह जिंदगी पर भी भारी पड़ सकता है। बाइक पर सवार ये चार लोग शायद इस बात से बेखबर हैं। • अमृत विचार

# घर में घुसकर युवक के सीने में चाकू घोंपा

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- पिता को पीटा, एसएसपी के आदेश पर तीन पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र में जमीनी रंजिश में बाइक सवार तीन युवकों ने घर में घुसकर युवक की सीने में चाकू घोंपकर हत्या की कोशिश की। आरोपियों ने युवक के पिता के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर थाना पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव बिधौलिया निवासी बरकत ने बताया कि वह शनिवार की रात करीब आठ बजे अपने परिवार के साथ घर में थे। इसी दौरान गांव के आसिफ, सफी उर्फ रहमान और यासीन बाइक से आए और गालीगलौज करते हुए घर में घुस गए। जब तक वह कुछ समझ पाते कि तीनों ने मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आसिफ ने उनके बेटे आमिर अंसारी के सीने में चाकू घोंप दिया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


प्रगतिनगर कॉलोनी जैसे ये नजारे आंवला में आम हो गए हैं। • अमृत विचार

# मंत्री जी..! आपके क्षेत्र में छुट्टा सांड़ बन गए हैं बड़ा सिरदर्द

संवाददाता, आंवला

- ग्रामीणों ने पशुधन मंत्री को सांड़ों की लड़ाई का वीडियो भेजकर की समस्या के समाधान की मांग

**अमृत विचार :** आंवला की प्रगति नगर कॉलोनी में दो सांड़ों के बीच हो रही लड़ाई का एक वीडियो पशुधन मंत्री समेत अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट करके समस्या के समाधान करने की मांग की ।

छुट्टा गोवंशीय पशुओं से शहर से लेकर देहात तक के लोग परेशान हैं। आंवला की प्रगति नगर कॉलोनी निवासी सुनील सौभरि ने बताया कि उनकी कॉलोनी में निराश्रित गोवंशीय पशु का झुंड डेरा डाले रहते है। सांड़ आपस में लड़ते रहते हैं। इससे कॉलोनी वासियों को बहुत परेशानी है। बच्चों और महिलाओं का घरों से निकलना मुश्किल रहता है। हर वक्त डर बना रहता है। कॉलोनीवासी ने दो सांडों के बीच हो रही लड़ाई का वीडियो बनाकर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, डीएम बरेली, सीडीओ बरेली को एक्स पर शिकायत भेजकर गोशाला भेजने की मांग की है। सीडीओ बरेली ने एक्स पर ही एसडीएम आंवला को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने की बात कही है। एसडीएम नहनेराम का कहना है कि प्रगतिनगर कॉलोनी में गोवंश की शिकायत मिली है। गोवंशों को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाएगा।

# किशोरी को घर से भगाकर किया निकाह

**बरेली :** किला क्षेत्र में एक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के परिजनों ने घर से 20 हजार की नकदी और जेवरात ले जाने का आरोप लगाया। आरोप है कि युवक के परिजनों ने किशोरी का निकाह करा दिया है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने युवक समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किशोरी के पिता ने बताया कि उनकी बेटी को 30 अप्रैल की रात बाकरगंज निवासी राशिद अपने भाई मीनू, छोटा, राजा, परवेज, मां परवीन, बहन भूरी और बहनोई के साथ मिलकर भगा ले गया। राशिद के परिजनों ने किशोरी का निकाह राशिद से करा दिया।

**सामान खरीदने के बहाने घर से निकली युवती प्रेमी के साथ फरार:** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में घर से खरीददारी करने के बहाने निकली युवती प्रेमी के साथ फरार हो गई। पिता ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती का प्रेम प्रसंग अंकुर यादव से चल रहा था। युवती के पिता के मुताबिक बुधवार को बेटी बाजार से सामान खरीदने की बात कहकर गई थी लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। अंकुर ने गुरुवार को उन्हें फोन पर बताया कि बेटी उनके साथ है लेकिन बेटी को वापस भेजने से मना कर दिया।

## एक नजर

### घर के सामने से बाइक चुराते चोर कैमरे में कैद

**बहेड़ी, अमृत विचार** : बहेड़ी के मोहल्ला शेखूपुर होली चौराहे के निकट एक घर के दरवाजे पर खड़ी बाइक चोर चुरा ले गया। अपराह्न साढ़े तीन बजे हुई यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोर सिर पर भगवा रंग का गमछा ओढ़कर पैदल जा रहा है। बाइक के पास पहुंचकर उस पर बैठा और स्टार्ट करके ले भागा। पीड़ित अभिषेक शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पालिका के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर जश्न

**आंवला, अमृत विचार** : नगर पालिका परिषद के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें केक काटकर वर्ष गांठ मनाई गई। चेयरमैन और सभासदों ने एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान चेयरमैन समेत पालिका के सभी सभासद रहे।

### किसान का डीजल इंजन चुरा ले गए चोर

**नवाबगंज, अमृत विचार** : नवाबगंज के ग्राम अभयराजपुर के किसान का डीजल इंजन चोर शनिवार रात चुरा ले गए, किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। अभयराजपुर निवासी रूप किशोर घर के पड़ोस में खाली पड़ी जगह पर कृषि उपकरण खड़े करते है। शनिवार रात चोर उसका डीजल इंजन ट्रॉली समेत चुरा कर ले गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने नवाबगंज पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### विवाहिता को ससुराल वालों ने किया प्रताड़ित

**मीरगंज, अमृत विचार** : एक महिला ने ससुरालियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। निशा अंसारी निवासी मोहल्ला ललितपुरी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 3 साल पहले जाकिर अंसारी निवासी ग्राम सिधौली से हुई थी। उसके घर वालों ने क्षमता के अनुसार दहेज दिया। शादी के कुछ समय बाद ससुराली उसके साथ मारपीट करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि उसकी शादीशुदा ननद जो उसे पिटवाती है। जब वह ससुराल जाती है तो उत्पीड़न करते हैं।

### नकदी-जेवर लेकर प्रेमी के साथ गई किशोरी

**बहेड़ी, अमृत विचार** : एक किशोरी नकदी और जेवर के साथ अपने प्रेमी के साथ चली गई। किशोरी के पिता ने बताया कि शनिवार शाम सभी लोग छत पर थे इसी दौरान उसकी बेटी नीचे उतर गई। उसे मोहल्ला होली चौराहा निवासी युवक बाइक से लेकर फरार हो गया। शिकायत कर्ता ने बताया कि उसकी, बेटी घर से 20 हजार नकद, डेढ़ तोला सोना और कपड़े भी साथ ले गई। पीड़ित ने रविवार को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# चरित्र पर शक से परेशान पत्नी ने कराई थी पल्लेदार की हत्या

## वारदात के बाद घर में डकैती होने का मचाया शोर, जांच में खुली पोल

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार** : इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव अल्लेहपुर समसपुर की मढ़ैया निवासी पल्लेदार की हत्या के मामले में पुलिस खुलासे के करीब पहुंच चुकी है। पुलिस के अनुसार पल्लेदार की पत्नी ने ही उसकी हत्या की थी और डकैती का रूप दे दिया। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामला खुल गया। फिलहाल पुलिस सोमवार को घटना का खुलासा करेगी। तब अन्य तथ्य भी उजागर हो सकेंगे।

अल्लेहपुर समसपुर की मढ़ैया निवासी महेश राणा की हत्या शुक्रवार की रात को कर दी गई थी। मृतक की पत्नी का आरोप था कि डकैतों ने उसके पति की हत्या कर दी और लूट पाट की। घटना को गंभीरता से लेते हुए एडीजी पीसी मीना भी घटना स्थल पर पहुंचे थे और जल्द खुलासा करने के निर्देश एसएसपी को दिए थे। मृतक की पत्नी ममता लगातार डकैती की बात कह रही थी, लेकिन पुलिस ने जब तथ्य जुटाने शुरू किए। तो आरोपी तक पहुंच गई। पुलिस ने महेश राणा की पत्नी ममता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो मामला साफ हो गया। पुलिस सूत्रों की माने तो ममता पर महेश उसके चरित्र पर शक करता था और आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। इससे वह परेशान हो गई। शुक्रवार की रात को उसने महेश को ठिकाने लगाने का मन बना लिया। रात ढाई बजे के करीब उसने महेश कि सर पर ईंट और डंडों से प्रहार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। तब परिजन आ गए और पुलिस को सूचना दी।

### हत्या के बाद नकदी और जेवर छिपा दिए

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ममता ने हत्या की बात स्वीकार कर ली है। उसने महेश की हत्या के बाद मंगलसूत्र और नकदी छिपा दिए। इसके बाद शोर मचाने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। तब उसने डकैती की बात कही। परिजनों ने भी उसकी बात को स्वीकार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि हत्याकांड का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# बेटी की मौत से परेशान पिता ने भी फंदा लगाकर जान दी

संवाददाता, उसावां

**अमृत विचार** : बेटी की मौत ने बुजुर्ग को इस कदर तोड़ दिया कि वह अवसाद ग्रस्त हो गया और रविवार को फंदे पर लटक कर जान दे दी। बुजुर्ग की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।

उसावां थाना क्षेत्र के गांव गौतरा पट्टी नरपत रमसी निवासी रक्षपाल (50) खेती करके परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके दो बेटे और एक बेटी मीना थी। पत्नी की डेढ़ वर्ष पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। पत्नी की मौत के बाद रक्षपाल का ख्याल उनकी बेटी मीना रखती थी। करीब एक वर्ष पूर्व मीना ने किसी बात से नाराज होकर आत्महत्या कर ली थी। मीना की मौत ने रक्षपाल को पूरी तरह तोड़ दिया। वह अवसाद में रहने लगे। ग्रामीणों के अनुसार बेटे समझाते तो वह नाराज हो जाते थे। रविवार सुबह को रक्षपाल काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकले। तब परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा। अंदर रक्षपाल का शव फंदे पर लटका था। लोगों ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला।

### दवा लेने के लिए निकले बुजुर्ग ने की आत्महत्या

**बदायूं,अमृत विचार** : बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने रामगंगा नदी में छलांग लगा दी। तीन घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोर शव बाहर निकाल सके। बुजुर्ग की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव बमनपुरा नवीन निवासी भोजपाल बीमार चल रहे थे। इलाज कराने के बाद भी उनकी सेहत में सुधार नहीं हो रहा था। रविवार को वह हजरतपुर से दवा लेने की बात कहकर घर से गए थे। दवा लेकर आते समय हजरतपुर क्षेत्र में रामगंगा के पुल के पास बैठ गए। वहां मौजूद लोगों के अनुसार काफी देर तक वहां बैठने के बाद उठे और रामगंगा में छलांग लगा दी।

## सार-संक्षेप

### इफको के खिलाफ भाकियू 10 को करेगी बड़ी पंचायत

**आंवला, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ओर से एक समीक्षा बैठक हुई, जिसमें आचार संहिता के बाद इफको की ओर से की गई वादा खिलाफी के खिलाफ आंदोलन तेज करने को लेकर चर्चा हुई। तहसील कार्यालय के सामने चल रहे धरना प्रदर्शन स्थल पर हुई बैठक में प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह ने कहा इफको में रोजगार पाने को लेकर भूदाता किसान कई दिनों से धरना दे रहे हैं। परंतु शासन-प्रशासन और इफको प्रबंधन ने उनकी सुध नहीं ली है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद आंदोलन तेज करेंगे। आगामी 10 जून को बड़ी पंचायत की जाएगी। जिसमें तहसील और जिले के तमाम पदाधिकारी और भूदाता किसान शामिल होगें। इस दौरान महाराज सिंह यादव, ओमशंकर सक्सेना, पंकज कुमार शर्मा, बसंत कुमार मौर्य, वीर सिंह यादव, जानकी प्रसाद मौर्य, रामस्वरूप मौर्य, लखन मौर्य, ओम प्रकाश मौर्य, विजेंद्र सिंह, विपिन कुमार, जगन्नाथ मौर्य, जसवीर सिंह, बलवीर सिंह मौर्य आदि मौजूद रहे

### भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया शरबत



**फरीदपुर, अमृत विचार** :भीषण गर्मी से लोगों को बचाने के लिए असहायों और अति निर्धनों की सेवा के लिए बनाए गए समूह ने रेलवे फाटक पर राहगीरों को शीतल शरबत पिलाया। कार्यक्रम का आरंभ डॉ. श्याम मोहन सक्सेना और राजा सक्सेना ने किया। इस पुनीत कार्य में गिरीश बाबू शर्मा, विजय बहादुर गौड़, सुशील गुप्ता, राजेश कुमार शर्मा, सुख पाल शर्मा, संतोष कश्यप, वैभव शर्मा, देवेंद्र यादव, कामेश्वर दयाल, हिमांशु आदि का सहयोग रहा। 15 दिनों से इसी स्थान पर ग्रुप के सदस्य शीतल प्याऊ चला रहे है। ग्रुप के संस्थापक ज्ञानेश कुमार शर्मा ने बताया कि शीतल जल सेवा के बीच -बीच शीतल शरबत पिलाई जा रही है।

### श्याम बाबा के कीर्तन में झूमे भक्त

**मीरगंज, अमृत विचार** : मीरगंज मढ़ी सत्याना स्थित खाटू श्याम बाबा के मंदिर की स्थापना के प्रथम वर्षगांठ पर शनिवार देर रात तक लोगों ने मंदिर में सामूहिक पूजन किया। इसके साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन भी कराया गया। भंडारे में कस्बे और आसपास गांव के लोग भी शामिल हुए। रात में श्याम बाबा का कीर्तन हुआ। कीर्तन में रुद्रपुर से आए अमन सांवरिया और मुरादाबाद से आई अन्नू के भजनों पर श्याम भक्त पूरी रात थिरके। रविवार की सुबह प्रसाद का वितरण हुआ।कार्यक्रम में रामनारायण गुप्ता,अजीत गुप्ता,आलोक गुप्ता, सुशील गुप्ता, महेश गुप्ता समेत अन्य रहे।

### युवा अधिवक्ता प्रभात अवस्थी की हादसे में मौत

**नवाबगंज, अमृत विचार** :नवाबगंज के चाणक्यपुरी निवासी युवा अधिवक्ता प्रभात कुमार अवस्थी की रविवार शाम सड़क हादसे में मौत हो गई।पूर्व राजस्व निरीक्षक महावीर प्रसाद अवस्थी के बड़े बेटे प्रभात कुमार रविवार शाम पीलीभीत से पत्नी के साथ बाइक से आ रहे थे। शाम साढ़े छह बजे के करीब जतीपुर के पास विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर से उनकी बाइक खाई में जा गिरी और गम्भीर घायल अधिवक्ता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनकी पत्नी भी गम्भीर घायल हो गईं। पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीलीभीत भेजने के साथ ही अधिवक्ता की घायल पत्नी को इलाज के लिए भिजवाया है। इसकी सूचना पहुंचते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई ।

### प्लाट से चोरी करने वाले दो चोर पकड़े

**बरेली, अमृत विचार** : इज्जतनगर थाना पुलिस ने दो चोरों को जीएन सिटी के सामने खाली प्लॉट से गिरफ्तार किया। चोरों की पहचान शुभम उर्फ गोलू निवासी मठ लक्ष्मीपुर और अंशु कुमार निवासी अशोक विहार संजय नगर के रूप में हुई है।

### तेज धमाके के साथ फटी सड़क फैल गई दहशत

**एटा, अमृत विचार** : भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान से हर व्यक्ति बेचैन है। सूरज के तेवरों में नर्मी नहीं आ रही। जमीन भी तपने लगी है। एटा जिले के अलीगंज कस्बे में चौंकाने वाली घटना सामने आई है। मुस्तफा सब्जी मंडी में अचानक जोरदार धमाके के साथ आरसीसी से बनी सड़क फट गई। धमाके की आवाज सुन बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सड़क से अचानक धमाके की आवाज आने के साथ दरार पड़ने की घटना पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई। घटना रविवार दोपहर तीन बजे के आसपास की बताई गई है। सड़क में दरार के पीछे तेज गर्मी और बढ़ते तापमान को बजह माना जा रहा है। किराना व्यवसायी मनीष कुमार ने बताया की वह अपनी दुकान पर बैठे थे अचानक जोरदार धमाका हुआ। कुछ समझ नहीं आया। देखा तो सामने सड़क में लंबी दरार आ गई। ये सड़क वर्षों पहले बनी है।

### गर्मी बढ़ने से बढ़ी बिजली कटौती ने किया परेशान

**बहेड़ी, अमृत विचार** : इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से लोग परेशान है, ऊपर से बिजली कटौती बढ़ने से लोगों की समस्या को और बढ़ा दिया है। एसडीओ अमित गंगवार ने बताया कि डिमांड के अनुपात में आपूर्ति तो कम हुई ही है, स्थानीय स्तर पर भी समस्या खड़ी हो रही है। बेतहाशा गर्मी की वजह से कहीं केबिल फुंक जाती है तो कहीं फ्यूज उड़ जाता है जिसके सुधार के लिए ब्रेक डाउन लेना पड़ता है।

# सवारियां बैठाने पर विवाद बस चालक का सिर फोड़ा

संवाददाता, शीशगढ़

**अमृत विचार** : शीशगढ़ के बरेली बस अड्डे पर सवारियां बैठाने को लेकर हुए झगड़े में टेंपो चालक ने बस चालक के सिर में लोहे का रॉड मारकर फोड़ दिया। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर घायल को मेडिकल के लिए भेजकर बस और टेंपो को सीज कर दिया।

रविवार सुबह 11 बजे शीशगढ़ से बरेली को चलने वाली निजी बस के ड्राइवर साबिर अली निवासी नवाब नगर का शीशगढ़ से धनेटा फाटक तक चलने वाले टेंपो चालक दीपक निवासी ग्राम बसई थाना शाही से सवारियां बैठाने को लेकर झगड़ा हो गया । टेंपो चालक ने लोहे की रॉड से मारकर बस चालक का सिर फोड़ दिया। बस चालक का भाई शब्बू घर से डंडा लेकर पहुंच गया। इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार ने बताया कि घायल बस चालक को मेडिकल को भेजकर दो लोगों को शांति भंग में चालान कर बस और टेंपो को सीज कर दिया है।

### रुपये के लेनदेन के विवाद में घर में घुसकर पीटा

**मीरगंज, अमृत विचार** : रुपये के लेनदेन के विवाद में दबंगों ने एक घर में घुसकर पूरे परिवार के साथ मारपीट की, पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना शीशगढ़ के मोहल्ला गौड़ी निवासी किसवरी ने बताया कि गुरुवार को रात 11:00 बजे मोहल्ला शेखूपुर निवासी तीन चार लोग रुपयों के लेनदेन को लेकर उसके दरवाजे पर आकर गाली दे रहे थे। विरोध करने पर सभी उसके घर में घुस आए और मारपीट करने लग गए। उसे बचाने उसकी बेटी और पति आए तो उनके साथ भी मारपीट की। पड़ोसियों के आने पर आरोपी वहां से भाग गए। शीशगढ़ पुलिस ने तहरीर के आधार पर तौकीर,अंजार, इकरार और इंतजार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

# फैक्ट्री मालिक ने पूरे परिवार को पीटा

**भोजीपुरा, संवाददाता**: बर्फ फैक्ट्री के सामने वाहनों के खड़े होने से रास्ता जाम होने की शिकायत अनुसूचित जाति के परिवार को भारी पड़ गई। फैक्ट्री मालिक ने परिजनों के साथ महिला और उसकी बेटी-बेटे से मारपीट की।

भोजीपुरा के भूड़ा गांव में मदन लाल साहू की बर्फ फैक्ट्री है। फैक्ट्री पर ई-रिक्शा और छोटा हाथी जैसे वाहनों से लोग बर्फ लेने आते हैं, जिसकी वजह से रास्ता जाम हो जाता है। फैक्ट्री के पड़ोस में रहने वाली पिंकी देवी ने बताया कि जाम की शिकायत उन्होंने फैक्ट्री मालिक से की लेकिन उसने कुछ नहीं किया। रास्ते में बेटी के साथ जाते समय मदनलाल दिखे तो उन्होंने दोबारा शिकायत की। इस पर उसने मारपीट की। पीड़िता थाने पहुंची तो पुलिस ने उसकी तहरीर के आधार पर मदन लाल,आकाश, चंद्र भानु,पिंकी पुत्री मदन लाल व दो तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दामाद ने पत्नी और सास से की मारपीट

**मीरगंज,अमृत विचार** : थाना शाही के गांव काशीपुर निवासी महिला ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी 2 वर्ष पहले हुई थी। उसके पिता ने हैसियत से ज्यादा दहेज दिया था। लेकिन ससुराली संतुष्ट नहीं थे। उस पर बाइक और तीन लाख रुपये और लाने के कहने लगे। असमर्थता जताने पर पीटकर घर से निकाल दिया तब से वह मायके में रह रही है। विगत 11 मई उसने एक पुत्र को जन्म दिया, इसके बाद 21 मई को ससुराली उसके मायके आए दहेज में बाइक और तीन लाख रुपये की मांग करने लगे न देने पर धमकी दी। तुझे और तेरे बच्चे को ले जाकर मार देंगे। विरोध करने पर उसे और उसकी मां के साथ मारपीट की। शोर सुनकर पड़ोसियों के आने पर आरोपी चले गए। पीड़िता ने तहरीर देकर पति समेत अन्य ससुरालियों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### तीन दिन पहले हुए विवाद में ई रिक्शा चालक को पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार** : नवाबगंज के गांव टांडा सदात के अब्दुल वाहिद ने थाने पर शिकायती पत्र देकर बताया कि तीन दिन पहले उसने अपना ई-रिक्शा गांव में ही एक दुकान के आगे खड़ा किया तो दुकानदार गालियां देने लगा। विरोध पर उसने ने बेटे और भतीजे को बुलाकर उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि शनिवार को वह सैंथल से ई रिक्शा लेकर घर आ रहा था। इसी दौरान आरोपी दुकानदार ने गालियां देते हुए ई-रिक्शा रुकवा लिया और अपने परिवार के लोगों के साथ उस पर लाठी डंडों से फिर उस हमला कर दिया। हमलावरों में एक ने उसके सिर पर बंके से प्रहार किया जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने नवाबगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर वालों की डांट से नाराज होकर युवक ने की खुदकुशी

**शाहजहांपुर।** बाराकला गांव के एक युवक ने गांव के बाहर एक युवक का शव गमछे से लटका मिला। परिवार वालों ने किसी बात को लेकर उसे डांट दिया था। कलान थाना क्षेत्र के गांव बाराकला निवासी मजनू का बेटा भूरा (18) सुबह आठ बजे घर से बिना बताए निकला था। दोपहर तीन बजे तक वह घर वापस नहीं आया था। परिवार वालों ने उसकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। शनिवार की शाम गांव के बाहर एक बाग में उसका शव पेड़ से गमछे से लटका मिला। खबर मिलने पर मजनू मौके पर गए और शव की शिनाख्त बेटे भूरे के रूप में की। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार वालों से जानकारी की। परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। इसीलिए उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

### समर कैंप में बच्चों ने खेल गतिविधियों में लिया भाग

**आंवला, अमृत विचार**: ज्ञानदीप इंटर कॉलेज में 5 दिवसीय समर कैंप संपन्न हो गया। जिसमें बच्चों को विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। शिविर में योग, नृत्य, साहित्य, भाषा आदि सिखाए गए, विभिन्न प्रकार के खेल श्रृंखला में शामिल रहे। छात्रों को आजादी की भावना एवं सामाजिक बनाने के लिए घरों से दूर प्रतिकूल मौसम और जीवन शैली की शिक्षा दी गई। छात्रों ने भारतीय संस्कृतियों के बारे में जानकारी हासिल की। बच्चों को मोबाइल का प्रयोग कम करने के लिए प्रेरित किया गया।



अमृत विचार में खबर छपने के बाद चौपुला पुल पर रेलवे के क्षतिग्रस्त सेफ्टी जाल को ठीक करा दिया गया।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

### मारपीट के मामले में तीन दिन बाद फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए

**भमोरा, अमृत विचार** : संपत्ति के विवाद में युवक पर तीन दिन पहले हुए जानलेवा हमले के मामले में फॉरेंसिक टीम ने रविवार को साक्ष्य जुटाए। इसके बाद ट्रेनी आईपीएस डॉ. ईशान सोनी ने मौका मुआयना किया। घायल का दिल्ली में इलाज चल रहा है। ग्राम भमोरा निवासी पुष्कर उपाध्याय के बड़े बेट सुमित उर्फ ऋषि उपाध्याय गुरुवार रात जब घर की छत पर सो रहे थे तो अज्ञात बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।उनके पिता पुष्कर उपाध्याय ने अपने छोटे बेटे विकास उपाध्याय के साथ चार अन्य लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। तीन दिन बाद रविवार सुबह फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंच छत पर पड़े खून के सैंपल और हमलावरों के छोड़े गए अंगोछा को अपने साथ ले गए ।

# कैंसर पीड़ित पूर्व प्रधानाचार्य ने गंगा नदी में कूदकर दी जान

संवाददाता, अल्हागंज

**अमृत विचार**: कस्बे में स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य ने कैंसर से परेशान होकर गंगा में कूदकर जान दे दी।

स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य श्रीराम पाली कई माह से बीमार चल रहे थे। उपचार के दौरान रिपोर्ट में उन्हें कैंसर बताया गया था। इसकी जानकारी उन्हें हो गई थी, जिससे वह काफी तनाव में रहते थे। कभी-कभी गंगा जी में कूदकर जान देने की बड़बड़ाते थे। रविवार सुबह सात बजे वह घर से बगैर किसी को बताए निकल आए और एक लड़के की साइकिल पर बैठकर बस स्टेशन तक गए। फर्रुखाबाद के लिए जाने वाली बस पर बैठकर पांचाल घाट गंगा तट पर पहुंच गए। जहां वह गंगा में कूद गए, जब तक लोग उनको बचा पाते, इसके पहले ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर परिजन पहुंच गए और उनके शव को ले आए। पूर्व प्रधानाचार्य के दो पुत्र सौरभ कुमार और गौरव कुमार हैं। इनके तीन पुत्रियां भी हैं।

### बाइक को बचाने में पलटा वाहन चालक घायल

**आंवला, अमृत विचार** : अचानक सामने आई बाइक को बचाने के चक्कर में एक ई रिक्शा पलट गया, हादसे में चालक घायल हो गया। कस्बे के मोहल्ला मिर्जापुर निवासी नेकपाल ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है, रविवार सुबह वह कस्बे की ओर आ रहा था। रास्ते में अचानक सामने से एक बाइक सवार तेज गति से आ गया। उसने टक्कर होने से बचाने के लिए ई - रिक्शा को कट मारा, जिससे ई रिक्शा पलट गया और बाइक सवार भी गिर गया।

### पट्टे की भूमि पर निर्माण के दौरान विवाद, शिकायत

**नवाबगंज, अमृत विचार** : नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर गागा उर्फ नवादा के धर्मेंद्र कुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि करीब 20 वर्ष पहले गांव में उसके नाम आवासीय पट्टा हुआ था। जिस पर उसने दखल के दौरान ही बुनियाद भरवा कर छोड़ी थी। अब वह उस पर मकान बनवाने के लिए दोबारा नींव भरवा रहा था, पड़ोस के लोगों ने गालियां देते हुए कहा कि हमारी जगह पर नींव क्यों भरवा रहे हो जब उसने अपने पट्टे की भूमि पर निर्माण करने की बात कही तो सभी ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने दोबारा नींव भरवाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई गुहार लगाई है, पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

### आयुष्मान मेले में पहुंचे सिर्फ 20 लोग

**शेरगढ़, अमृत विचार** : शेरगढ़ सीएचसी पर रविवार को आयुष्मान भव : मेला में डॉक्टरों ने मरीजों को देखा और दवा वितरित की। शेरगढ़ में कुल 20 मरीजों का पंजीकरण के बाद दवा देकर इलाज किया गया। डॉक्टरों ने बताय कि अधिकांश मरीज मौसमी बीमारियों जैसे उल्टी -दस्त और चर्म रोग से पीड़ित इलाज को पहुंचे।

### मुर्गी फार्म की रखवाली कर रहे युवकों को पीटा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव रसुला चौधरी में बदमाशों ने मुर्गी फार्म की रखवाली कर रहे दो युवकों को पीटा । मोहल्ला सराय निवासी मोहम्मद उमर का रसुला चौधरी गांव के खेतों में मुर्गी फार्म है। उस पर शकील अहमद निवासी पुन्नापुर थाना बिथरी मुर्गी के बच्चों को दाना डालने का काम करते हैं और कृष्णपाल निवासी रसुला चौधरी रात को रखवाली करते है। शनिवार रात 7- 8 बदमाश पहुंचे और पूछा तेरा मालिक कहा है, रुपये कहा है। उन्होंने कहा मालिक घर है रुपये हमारे पास नही है तो बदमाशों ने दोनों की पिटाई की और चले गए।

### दबंगों ने ग्रामीण के दो शीशम के पेड़ काट लिए

**नवाबगंज, अमृत विचार** : नवाबगंज के ग्राम अभयराजपुर के रविन्द्र पाल का आरोप है कि गांव के ही दबंगों ने शुक्रवार दोपहर में उसके खेत की मेढ़ पर लगे शीशम के दो पेड़ काट ले गए। किसान ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### महिला स्वास्थ्य परामर्श केंद्र में मिलेगा मुफ्त इलाज

**कैंट, अमृत विचार** : लालफाटक स्थित दूरदर्शन केंद्र के पास रामेश्वर धाम कालोनी में शनिवार को महिला समन्वय ब्रज प्रांत के बैनर तले महिला स्वास्थ्य परामर्श केंद्र शुरू हुआ। केंद्र पर महिलाओं को और छात्राओं को निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा । महिलाओं की निशुल्क जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। कार्यशाला का आरंभ डॉ. राखी चौहान ने किया। इस मौके पर निर्मला चौहान, माधुरी चौहान, विद्योत्मा, गीता रानी, छवि गुप्ता, शिवा, अलंकृता राज, पलक चौहान आदि महिलाएं मातृशक्ति के रूप में मौजूद रहीं।

### ननिहाल से पीटकर निकाला, मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार** : ननिहाल में रह रही एक लड़की को मारपीट कर घर से निकाल दिया। लड़की की मां ने मायके वाले 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के मोहल्ला गौसिया चौक निवासी फहीम की पत्नी नगीना ने बताया कि उसकी बेटी मनतसा मोहल्ला बजरिया में अपनी ननिहाल में रह रही थी। शनिवार सुबह करीब 8 बजे उसके मायके वालों ने उसकी बेटी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। सूचना पर वह मायके गई और पूछताछ की। तो उन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। उसने बताया कि उसकी बेटी का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर फुरकान, इमरान, भूरा और हिना निवासी मोहल्ला बजरिया कस्बा आंवला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### चोरी की तीन बाइकों के साथ दो चोर गिरफ्तार

**आंवला, अमृत विचार** : आंवला पुलिस ने रामनगर रोडवेज बस अड्डा के पास रविवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 3 चोरी की बाइक बरामद हुई एक किशोर समेत दो लोगों को हिरासत में लिया । जबकि दो लोग चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने ओवेस खां निवासी दस्तमपुर थाना सिरौली और एक किशोर हिरासत में लिया गया है। उनके पास से 3 बाइक और दो फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुई हैं। मौके से वीरेश ठाकुर उर्फ देवू निवासी रंपुरा थाना सिरौली और पुच्चा निवासी ग्राम रंपुरा आंवला फरार होने में सफल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपने बेटा अशोक शर्मा उर्फ यज्ञ शर्मा व पुत्रवधू प्रीती को अपनी चल -अचल संपति से बेदखल कर दिया है मेरा परिवार के किसी सदस्य का इससे कोई सरोकार वास्ता नहीं है । **सुमन पत्नी रामानंद शर्मा निवासी वार्ड नंबर 7 कस्बा व थाना कुंवर गांव जिला बदायूं**

**सूचना**

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2020 संबद्धता संख्या 2130084 क्र.सं. /177 प्रवेश सं S/08/88 का स्थानांतरण प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **मो. फजील पुत्र मो. युसूफ निवासी 35R-4A, रामपुर बाग, बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम चेतन से बदलकर चेतन तनेजा कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नए नाम से जाना पहचाना जाए। **चेतन तनेजा पुत्र श्री वेद प्रकाश तनेजा 81 बी आई बाजार बरेली कैंट।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

### ब्राह्मण प्रत्याशी उतार कर भाजपा को घेरने के सपा के दांव में बसपा का यादव उम्मीदवार बढ़ा रहा मुसीबत

# सपा की बिछाई बिसात में बसपा की चाल से भाजपा को राहत की सांस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** कभी युवा तुर्क के नाम से मशहूर रहे, खांटी समाजवादी नेता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सियासी जमीन बलिया में उनके जीवन काल में कभी भगवा नहीं फहरा पाया, लेकिन 2014 की मोदी लहर में यहां पहली बार कमल खिला और अब इस बार के चुनाव में चंद्रशेखर के ही बेटे नीरज शेखर भाजपा को लगातार तीसरी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए हैं। पूर्वांचल इलाके में बिहार की सीमा से लगने वाली बलिया लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं।

### 2019 का चुनाव परिणाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | वीरेंद्र सिंह मस्त | 4,69,114 | 47 .40 प्रतिशत |
| सपा | सनातन पांडेय | 4,53,595 | 45 .83 प्रतिशत |
| सुभसपा | विनोद | 35,900 | 3 .63 प्रतिशत |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | भरत सिंह | 3,59,760 | 38 .18 |
| सपा | नीरज शेखर | 2,20,324 | 23 .38 |
| कौमी एकता | अफजाल अंसारी | 1,63,943 | 17 .40 |
| बसपा | वीरेंद्र कुमार पाठक | 1,41,684 | 15 .04 |
| कांग्रेस | सुधा राय | 13,501 | 1 .43 |

- 2014 की मोदी लहर में सपा का किला ध्वस्त करने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने को तत्पर
- 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था कांटे का संघर्ष, 15,559 मतों से भाजपा से हार गई थी सपा मुकाबला

### नीरज शेखर के पाला बदल की परीक्षा

- वर्तमान में राज्यसभा सांसद रहते हुए ही भाजपा ने उन्हें बलिया लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। नीरज शेखर के खिलाफ सपा ने दूसरी बार सनातन पांडेय पर अपना भरोसा जताया है। 2019 का चुनाव वह भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त से कांटे के मुकाबले में 15 हजार से कुछ अधिक मतों से हार गए थे। सपा ने ब्राह्मण, यादव और मुस्लिम मतों के सहारे इस बार भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने की व्यूह रचना की है। लेकिन सपा की इस कोशिश में बसपा के प्रत्याशी गाजीपुर निवासी पूर्व सैनिक लल्लन सिंह यादव रोड़ा अटकाते नजर आ रहे हैं। वह बसपा के कॉडर वोट को लामबंद करने के साथ सपा के परंपरागत यादव मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जातीय समीकरण अनुमानित

| जाति | % |
|---|---|
| ब्राह्मण | 15% |
| राजपूत | 13.5% |
| दलित | 16% |
| भूमिहार | 09% |
| यादव | 12 % |
| मुसलमान | 08 % |
| अनुसूचित जनजाति | 2.5 % |
| अन्य | 24 % |

**2014** की मोदी लहर में टूटा था समाजवादी तिलिस्म और पहली बार बागी बलिया की धरती पर खिला था कमल

### आठ बार पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने दर्ज की जीत

- ब्राह्मण और राजपूत बहुल मानी जाने वाली बलिया लोकसभा सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के परिवार का दबदबा रहा है। चंद्रशेखर आठ बार इस सीट से सांसद चुने गए। इसमें छह बार लगातार जीतने का रिकार्ड भी उनके नाम पर है। चंद्रशेखर के निधन के बाद उनके बेटे नीरज शेखर समाजवादी पार्टी से दो बार सांसद चुने गए। नीरज शेखर पहली बार पिता के निधन के बाद साल 2007 में हुए उपचुनाव में जीते फिर 2009 के चुनाव में भी सपा से ही सांसद चुने गए। लेकिन 2014 के चुनाव में मोदी लहर के आगे नीरज शेखर भाजपा के प्रत्याशी भरत सिंह मस्त से 1.39 लाख वोटों से हार गए और सपा का किला ध्वस्त कर भाजपा ने इस सीट पर अपनी पहली जीत दर्ज की। हालांकि सपा की हार का कारण कौमी एकता दल से चुनाव लड़े अफजाल अंसारी को माना गया, जिन्हें 1.63 लाख वोट मिले थे। 2014 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने नीरज शेखर को राज्यसभा में भेज दिया। लेकिन साल 2019 में नीरज सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें दूसरी बार राज्य सभा के लिए नामित किया और वह राज्यसभा के सांसद चुन लिए गए।

### बलिया सीट पर मतदाता

- कुल वोटर 19,12,864
- पुरुष मतदाता 10,26,474
- महिला मतदाता 8,86,316
- थर्ड जेंडर मतदाता 74



### तीन विधानसभा सीटें सपा के पास, भाजपा व सुभासपा का एक-एक पर कब्जा

बलिया लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें बलिया सदर, फेफना, बैरिया, जहूराबाद और मोहम्मदाबाद आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बलिया सदर में भाजपा विजयी रही थी। तीन सीटों बैरिया, फेफना और मोहम्मदाबाद में सपा ने जीत हासिल की थी। जहूराबाद सीट सुभासपा के खाते में गई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्रों में बैरिया, बलिया सदर और फेफना में भाजपा आगे रही थी, जबकि मोहम्मदाबाद और जहूराबाद में सपा ने बढ़त बनाई थी।

**02** जिलों गाजीपुर और बलिया में फैला है यह लोकसभा क्षेत्र, गाजीपुर की दो और बलिया जिले की तीन विधानसभा सीटें यहां पर हैं

# सातवें चरण में 11-2 के स्कोर से आगे बढ़ पाएगा इंडिया गठबंधन

चुनाव डेस्क



**अमत विचार।** उत्तर प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में पहली जून को मतदान होगा। इसमें गाजीपुर और घोसी लोकसभा सीट 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में जीती थी। इस बार दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। सपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। सपा के समर्थन से देवरिया और महराजगंज सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी ताल ठोंक रहे हैं । इस तरह सपा 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले भाजपा अंतिम चरण की 10 सीटों पर ही चुनाव मैदान में है। मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) चुनाव लड़ रहा है, तो घोसी सीट पर सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर भाजपा की मदद से अपने बेटे अरविंद राजभर को संसद में पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किए हैं।

अंतिम चरण की मतदान वाली 13 सीटों में से 11 पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी। इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा ने सभी 13 सीटें जीतने के लिए जोर लगा रखा है। रविवार को भीषण गर्मी के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिर्जापुर, मऊ और देवरिया में चुनावी रैलियां करके सात लोकसभा सीटों पर जीत के समीकरण साधे। इस दौरान मोदी ने जनता से इंडिया गठबंधन पर पूर्वांचल का प्रहार करने, साजिश के तहत पूर्वांचल को पिछड़ा बनाए रखने और सपा-कांग्रेस पर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए संविधान बदलने का आरोप लगाकर एनडीए के लिए 400 पार की हुंकार भरी। एनडीए गठबंधन को मात देकर पिछली बार से ज्यादा सीटें झटकने के लिए इस बार सपा-कांग्रेस गठबंधन ने जातीय समीकरणों पर भरोसा करते हुए न सिर्फ प्रत्याशी उतारे हैं।

### बलिया, चंदौली और राबर्ट्सगंज सीटें कड़े मुकाबले वाली

- पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सातवें चरण में औसतन 52 प्रतिशत वोट जबकि विपक्ष को 38 प्रतिशत वोट ही मिले थे। 2019 के चुनाव परिणाम के लिहाज से बलिया और चंदौली सर्वाधिक कड़े मुकाबले वाली सीटें हैं। यहां दो प्रतिशत से कम वोटों के अंतर से भाजपा को जीत मिली थी। चंदौली में भाजपा को 47 .07 और सपा-बसपा को 45 .79 फीसद जबकि बलिया में भाजपा को 47 .40 और सपा-बसपा को 45 .43 फीसद वोट मिले थे। इसी तरह राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट भी नजदीकी मुकाबले में छह प्रतिशत वोटों के अंतर से भाजपा के हाथ लगी थी। यहां भाजपा को 45 .32 और सपा-बसपा को 39 .82 प्रतिशत वोट मिले थे।

- 10 सीटों पर 2019 में सपा-बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर भी 10 फीसदी से ज्यादा था वोटों का अंतर
- इस बार सपा 11 और भाजपा 10 सीटों पर लड़ रही है चुनाव, कांग्रेस-दो, अपना दल (एस) दो सीटों पर मैदान में

### 2019 में 13 सीटों पर यह था मत प्रतिशत

| सीट | भाजपा | सपा-बसपा |
|---|---|---|
| गाजीपुर | 40 .40% | 51.20% |
| घोसी | 39 .56% | 50 .30% |
| बलिया | 47 .40% | 45 .83% |
| चंदौली | 47 .07% | 45 .80% |
| राबर्ट्सगंज | 45 .32% | 39 .82% |
| सलेमपुर | 50 .72% | 38 .52% |
| महराजगंज | 59 .2 .% | 31 .45% |
| गोरखपुर | 60 .54% | 35 .07% |
| कुशीनगर | 56 .69% | 24 .64% |
| देवरिया | 57 .19% | 32 .57% |
| बासगांव | 56 .14% | 40 .57% |
| मिर्जापुर | 53 .34% | 32 .42% |
| वाराणसी | 63 .62% | 18 .40% |

### घोसी में सपा और बसपा ने घेर रखी एनडीए की चुनौती

पिछले चुनाव में घोसी लोकसभा सीट पर बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 मतों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार यहां सपा और बसपा दोनों ने मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं। सपा से राजीव राय तो बसपा से बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण यहां से एक बार सांसद रह चुके हैं। एनडीए ने इस सीट पर सुभासपा के अनिल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। वह सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बेटे हैं। भाजपा सपा विधायक दारा सिंह चौहान को पार्टी में लेकर चुनाव हारने के बाद भी मंत्री बना चुकी है, ताकि चौहान (नोनिया) वोटों का फायदा हो सके। लेकिन बसपा उम्मीदवार भी नोनिया जाति से होने के कारण यह फायदा भाजपा को मिलता नहीं नजर आ रहा है। इसी तरह भाजपा को मिलने वाला भूमिहार वोट भी बंट रहा है, क्योंकि समाजावादी पार्टी के प्रत्याशी राजीव राय भूमिहार समुदाय से ही आते हैं। घोसी लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हुए हैं। यहां 14 मौके पर राय, राजभर अथवा चौहान प्रत्याशी ही जीतते रहे हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल इन्हीं जातियों पर भरोसा जताते रहे हैं। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले में इन्हीं जातियों के बीच संघर्ष है। घोसी सीट पर भाजपा एक बार सिर्फ मोदी लहर में 2014 में यहां चुनाव जीत सकी है।

# जालंधर में बहुकोणीय मुकाबले में साख पर प्रतिष्ठा

चुनाव डेस्क

पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर चारों प्रमुख दलों आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। इसके चलते आधी से ज्यादा सीटों पर त्रिकोणात्मक और बाकी सीटों पर चतुष्कोणीय के साथ एक-दो स्थानों पर बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर देखने में नजर आ रही है। ऐसी ही एक सीट जालंधर की भी है, जहां आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील रिंकू भाजपा से और शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक पवन टीनू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तो शिरोमणि अकाली दल से वरिष्ठ नेता मोहिंदर सिंह केपी के साथ बसपा की चुनौती भी कमजोर नहीं आंकी जा रही है।



चरणजीत सिंह चन्नी।



सुशील रिंकू।

आप ने जालंधर सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। पिछले साल उपचुनाव में पार्टी ने इस सीट को जीतकर लोकसभा में फिर से अपनी जगह बनाई थी। यहां से जीते सुशील रिंकू आम आदमी पार्टी के एकमात्र सांसद थे।

इस बार भी आप ने उनको टिकट दिया था, लेकिन टिकट की घोषणा होने के बाद रिंकू भाजपा में शामिल हो गए। रिंकू अब भाजपा प्रत्याशी के रूप में जालंधर से ताल ठोंक रहे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से हो रहा है। इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी से उतरे अकाली दल के दो बार के विधायक पवन टीनू भी हैं, तो बसपा से बलविंदर कुमार मैदान में हैं।

बलविंदर कुमार की चुनौती को हल्के में इसलिए नहीं लिया जा रहा है, क्योंकि 2019 में भी उन्होंने बसपा से चुनाव लड़ा था और दो लाख से अधिक मत हासिल करके सबको चौंका दिया था। अकाली दल ने यहां से पूर्व सांसद मोहिंदर सिंह केपी पर दांव लगा रखा है। मजे की बात यह है कि मोहिंदर सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी के बीच आपस में समधी का रिश्ता है। मोहिंदर सिंह की बेटी की शादी चन्नी के भतीजे के साथ हुई है। दोनों दलित नेता के रूप में पहचान रखते हैं और कई चुनाव जीत चुके हैं।

भाजपा प्रत्याशी रिंकू आप में शामिल होने से पहले कांग्रेस के टिकट पर जालंधर पश्चिमी से विधायक रहे चुके हैं। जानकार उन्हें मजबूत मान रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और अकाली दल के अनुभवी प्रत्याशियों ने उनके लिए कड़ी टक्कर का मैदान तैयार कर दिया है। उधर आम आदमी पार्टी से उतरे पवन कुमार टीनू 2012 से 2022 तक आदमपुर सीट से शिअद के विधायक रहे हैं, अप्रैल 2024 में शिअद का दामन छोड़कर वह आप में शामिल हुए थे।



**मैच जीतेंगे** जादवपुर सीट से टीएमसी प्रत्याशी सयानी घोष के लिए सभा करने पहुंची सीएम ममता बनर्जी ने मंत्री अरूप विश्वास के साथ जनता की तरफ फुटबाल फेंकी।

### ओवैसी ने काराकाट में दिलचस्प बना दिया चुनावी मुकाबला

**चुनाव डेस्क।** काराकाट लोकसभा सीट पर 2019 में मिली हार का बदला लेने को आतुर रालोसपा चीफ उपेंद्र कुशवाहा इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे हुए हैं। यहां से भाजपा नेता एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने भी उनकी मुश्किल बढ़ा रखी है। पवन यहां से निर्दलीय मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा के कोर मतदाता भी असमंजस में हैं कि वे पवन के साथ जाएं या गठबंधन धर्म निभाते हुए उपेंद्र कुशवाहा को वोट दें। इन सबके बीच एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के एक दांव ने यहां की लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। ओवैसी की पार्टी की उम्मीदवार प्रियंका चौधरी के पक्ष में अतिपिछड़ा और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के जुटान ने पवन सिंह के साथ ही सीपीआईएमएल के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा को भी परेशान कर दिया है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा को अपनी जीत आसान दिख रही है पर वे भाजपा के कोर मतदाताओं को समझाने की कोशिश में कितना सफल होते हैं या समय बताएगा। भाजपा के मतदाता उनके साथ जाएं इसके लिए पार्टी नेता भी रात दिन एक कर रहे हैं।

# मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अब माफिया को मिलेगी चुनावी मात?

- भाजपा ने पिछली हार का बदला लेने के लिए अफजाल अंसारी के खिलाफ झोंक रखी है पूरी ताकत
- आज हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद साफ होगी सपा से प्रत्याशिता की तस्वीर, बेटी भी मैदान में

गाजीपुर लोकसभा सीट

चुनाव डेस्क



**अमृत विचारः** माफिया डॉन की छवि वाले मुख्तार अंसारी की मौत के दो माह बाद गाजीपुर में पहली जून को लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में 28 मार्च को मौत हो गई थी। सपा ने इस बार गाजीपुर लोकसभा सीट पर मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी को चुनाव मैदान में उतार रखा है। वह 2019 में सपा के साथ हुए गठबंधन में बसपा से यहां से चुनाव जीते थे और फिलहाल गैंगस्टर एक्ट में चार साल की सजा सुनाए जाने के बाद हाईकोर्ट से सोमवार को आने वाले फैसले का इंतजार कर रहे हैं। पिता की प्रत्याशिता पर संकट होने की संभावना के मद्दे नजर उनकी बेटी नुसरत अंसारी कवर प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय मैदान में हैं। भाजपा से यहां पारसनाथ राय ताल ठोंक रहे हैं। उन्हें इस सीट के पूर्व सांसद और लोकसभा क्षेत्र में खासा प्रबाव रखने वाले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का करीबी माना जाता है। मनोज सिन्हा के चुनावों की जिम्मेदारी उठाने वाले पारसनाथ इलाके के भूगोल और मतदताओं के गणित से अच्छी तरह वाकिफ हैं। भाजपा और सपा के बीच सीधे संघर्ष के मैदान में बसपा तीसरा कोण बनाने की कोशिश में है, लेकिन उसके प्रत्याशी डॉ. उमेश कुमार सिंह की चुनौती बहुत मजबूत नहीं मानी जा रही है। भाजपा ने पिछले चुनाव की हार का बदला लेने और माफिया का वर्चस्व समाप्त करने के लिए गाजीपुर में पूरी ताकत झोंक रखी है। रविवार को यहां चुनावी सभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफजाल अंसारी की प्रत्याशिता को लेकर सपा पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि सपा के 'शहजादे' ने कभी कहा था कि माफिया की 'इंट्री' पर रोक लगाएंगे लेकिन वह तो माफिया के ही चरणों में जाकर बैठ गए। सपा ने माफिया को पाला पोसा और टिकट दिया। सपा के राज में प्रदेश में माफिया लालबत्ती में घूमते थे, खुली जीप में कानून को चेतावनी देते थे। विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। दरइसल, अंसारी परिवार का गाजीपुर के साथ पड़ोस के बलिया, मऊ, और वाराणसी जिलें तक में प्रभाव माना जाता है।

### मनोज सिन्हा को 1.20 लाख वोटों से दी थी मात

- अफजाल अंसारी ने 2019 के चुनाव में भाजपा के मनोज सिन्हा को मात दी थी। अफजाल को पांच लाख 66 हजार 82 वोट और मनोज सिन्हा को चार लाख 46 हजार 690 वोट मिले थे। सुभासपा के रामजी को 33 हजार 877 और कांग्रेस के अजीत प्रताप कुशवाहा को 19 हजार 834 वोट मिले थे। इस बार सुभासपा भाजपा तो कांग्रेस सपा के साथ है।

### एक विधान सभा सीट पर सुभासपा बाकी में समाजवादी पार्टी का कब्जा

मुख्तार की मौत के बाद परिवार सहानुभूति वोट बटोरने की कोशिश में लगा है। गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र जखनिया (सुरक्षित), सैदपुर (सुरक्षित), गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जामनिया आते हैं। इनमें से जखनिया को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर सपा का कब्जा है। जखनिया में सुभासपा के त्रिवेणी राम विधायक हैं। 2022 का विधानसभा चुनाव सपा और सुभासपा ने मिलकर लड़ा था। अब सुभासपा ने सपा से रिश्ता तोड़ लिया है, भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।

### बाप और बेटी प्रचार में एक दूसरे के लिए मांगते घूम रहे हैं वोट

गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी सपा से तो उनकी बेटी नुसरत अंसारी निर्दलीय मैदान में हैं। अफजाल अंसारी को एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने 29 अप्रैल 2023 को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार देकर चार साल की सजा सुनाई थी। हालांकि बाद में उनकी सजा पर हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए जमानत दे दी थी। अब मामले में हाईकोर्ट में फैसला आना है। 27 मई को सुनवाई है। अगर फैसला हक में आता है तो अफजाल मैदान में होंगे अन्यथा नुसरत ही सपा-कांग्रेस के समर्थन से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में होंगी, क्योंकि सजायाफ्ता व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता है। चूंकि नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। ऐसे में अफजाल की उम्मीदवारी तो रद नहीं हो पाएगी लेकिन वे चुनाव जीत जाते हैं तो पद छोड़ना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में अफजाल खुद के बजाय बेटी के लिए ही वोट मांगेंगे। इस परिस्थिति से सपा-कांग्रेस के मतदाता असमंजस में हैं, तो भाजपा और समर्थक वोटरों की निगाह भी हाईकोर्ट के निर्णय पर टिकी है। अभी तो अफजाल लोगों से खुद की जीत के लिए वोट मांग रहे हैं, साथ में बेटी नुसरत अंसारी का प्रचार भी चल रहा है। । यही काम उनकी बेटी भी कर रही हैं, ताकि राहत नहीं मिलने की स्थिति में बेटी का चुनाव निशान हर किसी को याद रहे और समर्थकों के वोट उसे मिल सकें।

## एक नजर

### प्रेमी युगल ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायसेन।** मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के बम्होरी में एक प्रेमी युगल ने आज दोपहर पेड़ पर एक ही रस्सी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर सुल्तानपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहित राय सिख (22) ने अपनी प्रेमिका सरीना (18) के साथ दोपहर को पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शवों को सुल्तानपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

### सड़क दुर्घटना में एक बच्चे समेत छह की मौत

**हासन (कर्नाटक)।** कर्नाटक में हासन के निकट रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मंगलुरु से वापस आ रहे लोगों की कार राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर एक ट्रक से टकरा गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं, तीन पुरुष और एक बच्चा शामिल है। उन्होंने बताया कि चालक के अलावा बाकी सभी लोग चिक्कबल्लापुर से थे और एक ही परिवार के सदस्य थे। ये लोग मंगलुरु से लौट रहे थे। रास्ते में ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।

# पांच वर्ष के भीतर पूरे देश में लागू होगा यूसीसी : शाह

## बोले-एक राष्ट्र-एक चुनाव को भी लागू करेगी मोदी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा के सत्ता में आने पर सभी पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद अगले पांच वर्ष के भीतर पूरे देश के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। शाह ने एक न्यूज एजेंसी से साक्षात्कार में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार अपने अगले कार्यकाल में एक राष्ट्र, एक चुनाव को लागू करेगी क्योंकि देश में एक साथ चुनाव कराने का समय आ गया है।



भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से खर्च भी कम होगा। चुनाव को सर्दियों या साल के किसी अन्य समय में आयोजित करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि इस पर विचार किया जा सकता है। यदि हम कोई एक चुनाव प्रीपोन (निर्धारित समय से पूर्व) कराते हैं तो यह किया जा सकता है। यह किया भी जाना चाहिए। यह छात्रों की छुट्टी का समय भी होता है। यह बहुत सारी समस्याएं भी पैदा करता है। समय के साथ, चुनाव (लोकसभा) धीरे-धीरे इस अवधि (गर्मियों के दौरान) में होने लग गए। समान नागरिक संहिता के बारे में शाह ने कहा कि संविधान सभा ने हमारे लिए जो मार्गदर्शक सिद्धांत तय किए थे, उनमें समान नागरिक संहिता शामिल है और उस वक्त भी केएम मुंशी, राजेंद्र बाबू, डॉ. आंबेडकर जैसे कानूनविदों ने कहा था कि एक पंथ निरपेक्ष देश के अंदर धर्म के आधार पर कानून नहीं होना चाहिए। एक समान नागरिक संहिता होनी चाहिए। शाह ने कहा कि मेरा मानना है कि समान नागरिक संहिता एक बड़ा सामाजिक, कानूनी और धार्मिक सुधार है।

### मोदी सरकार ने मजबूर संप्रग की जगह ले ली

**जहानाबाद/आरा/नालंदा।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को मजबूत सरकार प्रदान की है जो पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने में सक्षम है। नड्डा ने बिहार के जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, आरा में भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और नालंदा में राजग प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में अलग-अलग चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया, 2014 में सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार मजबूर, कमजोर और अपंग थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मजबूत है।

### जम्मू में बंगलादेशी नागरिक हिरासत में

**जम्मू, एजेंसी :** सुरक्षा बलों ने जम्मू के बाहरी इलाके खौर में एक बंगलादेशी नागरिक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने रविवार को कहा, सेना ने कल खौर इलाके के लोअर कोट मैरा से एक बंगलादेशी भिखारी को हिरासत में लिया। उसे पुलिस को सौंप दिया गया। पूछताछ के दौरान उसने कहा कि वह बंगलादेश के अलुपोट्टी नटोर का रहने वाला तुफज्जल बबलू (35) है। उसके पास से 10 रुपये के पुराने बंगलादेशी नोट, एक रुपये का सिक्का, तीन सिम कार्ड, पुराने बंगलादेशी बिल, पुराना स्टूडेंट कार्ड और डायरी बरामद हुई।

# नीतीश बोले- फिर मोदी मुख्यमंत्री बनें

**पटना, एजेंसी**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एक बार फिर जुबान फिसल गई जब उन्होंने रविवार को एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि वह चाहते हैं कि एक बार फिर नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री बनें। चुनावी भाषण के दौरान जुबान फिसलने की वजह से पहले भी नीतीश कुमार काफी चर्चा में रहे हैं।

पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के दनियावां इलाके में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के पक्ष में एक

### फिसली जुबान



चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नीतीश ने कहा, मेरी इच्छा है कि नरेन्द्र मोदी फिर से मुख्यमंत्री बने। देश का विकास हो और बिहार का विकास हो। सब कुछ हो। यह सुनते ही मुख्यमंत्री के करीब खड़े एक अंगरक्षक ने उनके कान में जब कुछ कहा तो नीतीश ने कहा, नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री तो हैं ही, वह तो प्रधानमंत्री रहेंगे ही। यही कह रहे हैं कि वही आगे बढ़ेंगे। इससे पहले सात अप्रैल को नवादा जिले में एक रैली में प्रधानमंत्री की मौजूदगी में अपने संबोधन के दौरान नीतीश ने राजग को चार हजार से अधिक सीटों की उम्मीद जताई। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने बयान को सही किया।

### प्रचार के दौरान नीतीश के हेलीकॉप्टर का ईंधन खत्म

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के हेलीकॉप्टर में रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान ईंधन खत्म हो गया। मुख्यमंत्री पार्टी के वरिष्ठ नेता और जेडीयू के राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा के साथ मसौढ़ी में एक चुनावी बैठक के लिए जाना था। पटना में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पायलट ने ईंधन खत्म होने की जानकारी दी। इसके बाद मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी के सांसद सड़क मार्ग से मसौढ़ी से दूसरे गंतव्य के लिए रवाना हुए।

# मोदी की मुजरा टिप्पणी बिहार का अपमान : खरगे

**सासाराम, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी नेताओं के लिए मुजरा शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने यह टिप्पणी करके बिहार का अपमान किया।

सासाराम लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता और महागठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुमार के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बिहार में एक चुनावी रैली में विपक्षी नेताओं के लिए मुजरा शब्द का इस्तेमाल किया। मोदी जी ने इस शब्द का इस्तेमाल कर बिहार का अपमान किया। यह बिहार और उसके मतदाताओं का अपमान है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी खुद को तीस मार खां मानते हैं, वह गलतफहमी में हैं। जनता ही असली तीस मार खां है। खरगे ने कहा, वह केवल एक ही काम जानते हैं सोनिया जी, राहुल जी और अन्य कांग्रेस नेताओं को गाली देना।

### नासिक की आभूषण कंपनी पर आयकर छापा, 26 करोड़ रुपये बरामद हुए

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में एक आभूषण कंपनी पर आयकर विभाग ने छापा मारकर 26 करोड़ की नगदी बरामद की है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि आभूषण कंपनी और उसके प्रवर्तकों द्वारा कथित कर चोरी के संबंध में जानकारी मिलने के बाद तलाशी शुरू की गई। तलाशी के दौरान अब तक लगभग 26 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। टीम को कथित अघोषित निवेश से संबंधित कुछ दस्तावेज मिले हैं।

## प्रदेश

### आग के सामने बैठकर तपस्या कर रहे साधु की मौत

**संभल, अमृत विचार :** जिले के कैलादेवी थाना क्षेत्र में भीषण गर्मी में आग के सामने बैठकर तप कर रहे साधु की हालत बिगड़ने के बाद मृत्यु हो गई। बाबा ने विश्व शांति, जगत कल्याण एवं गोरक्षा के लिए 23 मई से तप शुरू किया था। बाबा के निधन की सूचना से सेवादारों और श्रद्धालुओं में शोक व्याप्त है। पागल बाबा के नाम से पुकारे जाने वाले श्रीपाल तिवारी (72) अमेठी जिले के शिव धाम निकट सगरा महाकाल के गांव रामसेजल भवानी के रहने वाले थे। बाबा ने संभल के गांव बेनीपुर चक में 43 डिग्री तापमान में अग्नि प्रज्वलित कर बीच में बैठकर तपस्या शुरू की थी। बाबा के सेवादार बताते हैं कि इसके लिए प्रशासन ने अनुमति भी ली गई थी। रविवार को सुबह से ही बाबा तपस्या में लीन रहे। सुबह करीब 11 बजे बाबा की हालत बिगड़ी और सांस लेने में तकलीफ होने लगी।

# पिज्जा हब के मालिक अभिषेक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल भेजा

## अभिषेक के साथ मिलकर शुभम ने बनाई थी हत्या की योजना

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** पिज्जा हब में नर्स की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने हब के मालिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या की योजना में धारा 120 बी के तहत उसका चालान कर दिया। जबकि मुख्य आरोपी शुभम शुक्ला ने पूरनपुर में अपने गांव से कुछ दूरी पर फांसी लगाकर जान दे दी थी।

एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि शनिवार की शाम चौक कोतवाली के मोहल्ला चारखंभा में पिज्जा हब में पीलीभीत जिले के पूरनपुर की युवती का शव बाथरूम से बरामद हुआ था। उसके गले में दुपट्टा कसा हुआ था। पुलिस ने



पुलिस हिरासत में अभिषेक कश्यप।

काउंटर से शुभम शुक्ला का आधार कार्ड बरामद किया था। उसने एक कमरा बुक कराया था। शुभम खाना लेने के बहाने निकल गया था। नर्स के पिता ने शुभम शुक्ला, एक अन्य अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म तथा हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जबकि पिज्जा हब मालिक अभिषेक कश्यप को 120

- दुष्कर्म के बाद नर्स की हत्या मामले में जान दे चुका है आरोपी

बी का अभियुक्त बनाया गया था। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने पिज्जा हब के मालिक व अभियुक्त को डैम के पास रविवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त अभिषेक कश्यप ने बताया कि शुभम शुक्ला को काफी पहले से जानता हूं। वह नर्स को लेकर उसके हब पर आता-जाता रहता था। 23 की दोपहर शुभम उसके पास अकेले आया और कहा कि नर्स मुझसे शादी करने के लिए दबाव बना रही है और काफी परेशान हूं। फिर दोनों लोगों ने उसकी हत्या का योजना बनाई ।

### छह साल की बच्ची को कुत्तों ने नोच कर मार डाला

**कानपुर, अमृत विचार :** गोविंद नगर, सीटीआई कच्ची बस्ती में रविवार देर रात कुत्तों ने घर के बाहर खेल रहे भाई, बहन को नोच डाला। चीख पुकार सुनकर दुकान संचालक ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों ने छह वर्षीया बच्ची को मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने सीटीआई पेट्रोल पंप के पास शव रख कर जाम लगा दिया। सीटीआई कच्ची बस्ती निवासी छोटू, पत्नी पूजा, 6 वर्षीय बेटी खुशी व दो साल के बेटे भोला के साथ रहता है। छोटू ने बताया कि रविवार रात काम से लौटने के बाद वह लोग खाना खा रहे थे। खेल खेल में दोनों बच्चे घर से कुछ दूरी पर सुनसान जगह पर पहुँच गए, जहां कुत्तों ने भोला पर हमला बोल दिया। भाई को बचाने में कुत्तों ने खुशी को नोच डाला।

## सार-संक्षेप

### यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण के मामले में आरोपी प्रिंसिपल के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण के प्रयास के मामले में आरोपी प्रिंसिपल को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान करते हुए उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पाया कि प्रिंसिपल का नाम प्राथमिकी में नहीं है और उनके खिलाफ कोई सीधा आरोप भी नहीं लगाया गया है। इसके अलावा कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर जांच में छात्र की भूमिका स्पष्ट होती है तो छात्र और उसके पिता दोनों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने प्रिंसिपल सेंट अलॉयसियस हाईस्कूल कैंट, कानपुर नगर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। कोर्ट ने सभी विपक्षियों से चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा मांगा है और मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को सुनिश्चित की है।

### इंडिया गठबंधन को 272 सीट पर विजय मिल चुकी है: खेड़ा

**लखनऊ, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने दावा किया है कि इंडिया गठबंधन को 6 चरणों के चुनाव में 272 सीट पर विजय मिल चुकी हैं अब इसके ऊपर जितनी सीट मिले वह बोनस होगी। पवन खेड़ा रविवार को वाराणसी में कांग्रेस के लोस. प्रत्याशी अजय राय के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी अनुसार, पवन खेड़ा ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री हार की हताशा में इतना ज्यादा अपने स्तर और गरिमा को घटा रहे है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। कांग्रेस का इतिहास वाराणसी में बड़ा स्वर्णिम रहा है, पंडित कमलापति त्रिपाठी के नाम और उनकी सिद्धांत की कहानियां सुनते सुनते हम बड़े हुए लेकिन देश के किसी प्रधानमंत्री का स्तर इतना गिरते हुए नहीं सुना जिसमें विपक्ष के लिए मुजरा जैसे शब्द का इस्तेमाल हो।

### अब कुबेर टीला व शेषावतार मंदिर में भी मिलेगा दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को शेषावतार, सप्त मंडपम और कुबेर टीला पर भगवान शिव के भी दर्शन कराए जाएंगे। इसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट श्रद्धालुओं को नंगे पांव परिसर में एक स्थान से दूसरे स्थान तक प्रवेश कराने को बड़ी चुनौती मान रहा है। मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा के मुताबिक कुबेर टीला का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जहां जटायु महाराज स्थापित भी हो गए हैं। राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे सप्त मंडप और शेषावतार मंदिर के निर्माण का कार्य सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। तब तक सभी मंदिरों को जोड़ने वाला दर्शन पथ भी सही तरीके से तैयार हो जाएगा, जिससे श्रद्धालु आसानी से सभी मंदिरों तक जा सकेंगे।

### आम की फसल कमजोर जरूर पर स्वाद पहले से बेहतर

**लखनऊ, अमृत विचार :** फलों के राजा दशहरी के शौकीनों को इस बार बेहतरीन आम चखने को मिलेगा। न केवल स्वाद बेहतर होगा बल्कि इसकी गुणवत्ता भी अच्छी होगी। वजह यह है कि बागवान आम की फसल के लिए मौसम को अनुकूल मान रहे हैं। लेकिन इस बार फसल कमजोर है इससे लोगों को आम का स्वाद लेने के लिए जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ेगी। बागवानों के मुताबिक महज 30 से 35 फीसद फसल ही बाग से उतरेगी।



इस बार करीब बीस प्रतिशत किसानों ने फ्रूट बैगिंग का उपयोग किया। यह एक प्रकार का आवरण होता है जिसे आम के आकार लेने के बाद पेड़ों में इसे आम पर चढ़ा दिया जाता है या यूं कहें कि इस नए आवरण से आम को ढक दिया जाता है।

# मतदान कराने के बाद घर लौटते ही मौत

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव करा कर घर आए सहायक प्रशासनिक अधिकारी की हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। भारतीय जीवन बीमा निगम सैटेलाइट कार्यालय बीकापुर में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी तुषार श्रीवास्तव (42) 25 मई को गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के राजबली इंटर कॉलेज में ड्यूटी लगी थी।

उन्हें ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया गया था। आवास विकास

- बीमार कार्मिक की नहीं कटी थी चुनाव ड्यूटी

परिषद से सेवानिवृत्त चाचा विजय श्रीवास्तव ने बताया कि तुषार की तबीयत काफी दिनों से खराब थी। उन्होंने आरोप लगाया कि तुषार पत्नी को लेकर दवाओं के पर्चे के साथ राजकीय इंटर कॉलेज में ड्यूटी कटवाने के लिए अधिकारियों के पास गए थे। इस दौरान कुछ ने कहा कि आप अपनी एप्लीकेशन सीडीओ को दे दीजिए। एक दो अधिकारी ने यहां तक कह दिया कि जिस तरह आप ड्यूटी कटवाने के लिए भाग दौड़ कर रहे हैं। उसी तरह चुनाव ड्यूटी भी कर सकते हैं। बकौल विजय उसी दौरान मौके पर सीडीओ भी आ गए। तुषार ने बीमारी से संबंधित पर्चे व एप्लीकेशन सीडीओ को दी। इसके बाद भी उनकी ड्यूटी लग गई। चुनाव ड्यूटी सकुशल कर शनिवार रात 11:30 बजे नाका मुजफ्फरा स्थित अपने घर पहुंचे। रात में दो बजे के करीब तुषार की तबीयत गड़बड़ हो गई। उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाया गया। रविवार सुबह पांच बजे के करीब तुषार ने दम तोड़ दिया।

### किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करके दुष्कर्म करने वाले आरोपी को शहजादनगर पुलिस ने मगरमऊ पुल के पूर्वी किनारे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की बेटी गाजियाबाद निवासी मोहित नागर के संपर्क में आ गई थी। युवक मौका पाकर किशोरी का अपहरण करके ले गया था।

### सोने-चांदी से भरे छह घड़े देने का झांसा देकर दो दोस्तों से 30 लाख रुपये ठगे

**बिजनौर, अमृत विचार :** सोने-चांदी से भरे छह घड़े देने का झांसा देकर दो दोस्तों से करीब 30 लाख रुपये की ठगी हो गई। 16 लाख और मांगने पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

नहटौर क्षेत्र के गांव दबथाला निवासी महेंद्र सैनी व नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव बलदाना निवासी रईस अहमद दोस्त हैं। महेंद्र सैनी को नूरपुर में एक व्यक्ति मिला। उसने देवी दिखाकर धन मिलने की बात कही। जिस पर उसने यह बात अपने दोस्त रईस से बताई। आरोपियों ने उन्हें गांव रतनगढ़ में एक बाग में ले जाकर देवी दिखाने के नाम पर साढ़े सोलह लाख रुपये ले लिए। रुपये लेने के बाद उन्हें रेत बजरी से भरे दो बंद घड़े दिए गए। इसके बाद हरिद्वार में पूजा अर्चना करते हुए साढ़े तेरह लाख रुपये लिए गए। पहले घड़े खोलने पर दोनों को अंधे होने का डर दिखाया गया।

# सन्न रह गए नौ परिवार, छाया मातम

**संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** हादसा शाहजहांपुर में हुआ लेकिन सन्नाटा सीतापुर में पसर गया है। भीषण हादसे में नौ परिवारों का घर उजड़ गया है। इसमें अधिकांश ऐसे लोग थे। जिनके सहारे से घर की रोजी-रोटी और पत्नी, बच्चों का जीवन यापन होता था। लेकिन ऐसे लोगों की जान चली गई। जिनका अब सहारा देने वाला कोई नहीं रह गया है।

शनिवार रात हादसे में पत्नी, पुत्र और पुत्री तो किसी ने पति खो दिया। एक ही गांव के नौ परिवारों में दुखों

- शाहजहांपुर में हुए हादसे में नौ परिवारों का घर उजड़ा

का पहाड़ टूटा है जिससे मातम छाया हुआ है। रिश्तेदारों और पड़ोसियों ने मृतकों के घर पहुंच कर वहां बचे लोगों को संभाला लेकिन इस कठिन संकट में उनकी आंखों के आंसू भी नहीं थम रहे है। हादसे के बाद कुछ परिजन गांव वालों के साथ खुटार पहुंचे। जहां शवों को देखकर परिजन बेसुध होकर जमीन पर गिरते रहे और लोग उन्हें संभाले में खुद बिखरते रहे। पोस्टमार्टम के बाद 12 शव गांव पहुंचेंगे और एक साथ चिताएं उठेगी। जहां मातम के सिवा चारों ओर कुछ नहीं होगा। सीतापुर के थाना कमलापुर के गांव जटहा के गंगाराम ने अपनी पत्नी सुमन, पुत्र आदित्य, रूपेश ने पुत्र अजीत, रोहिणी पुत्री रामगोपाल, रामगोपाल, रामदास ने पुत्र सुधांशु, पत्नी सीमा, छोटेलाल ने पत्नी छुटकी, केदारी ने अपनी पत्नी सोनवती, महेश ने पुत्र प्रमोद को खो दिया है और साथ ही गांव के शिव शंकर, बिंद्रा की मौत हो गई। ऐसे में नौ परिवारों का घर पूरी तरह उजड़ गया है।

## उत्तराखंड

# ऑनलाइन फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वाले हरिद्वार के चार ट्रैवल एजेंट गिरफ्तार

**ब्यूरो, देहरादून**

**अमृत विचार :** पुलिस ने चारधाम यात्रा में फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वाले चार ट्रैवल एजेंसी संचालक/एजेंट को गिरफ्तार किया है। चारों ने श्रद्धालुओं के फर्जी रजिस्ट्रेशन किए थे।

एसएसपी के निर्देशानुसार 24 मई को विकास नगर कोतवाली पुलिस हरबर्टपुर बस स्टैंड, कटापत्थर बैरियर पर टूरिस्ट केयर एप से यात्रियों के रजिस्ट्रेशन की जांच कर रही थी। इस बीच कई के रजिस्ट्रेशन फर्जी मिले। जांच में पता चला कि यात्रियों ने ट्रैवल एजेंसी संचालक/एजेंट से रजिस्ट्रेशन कराए थे। इस पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा

- अब तक दिल्ली, नोएडा व हरिद्वार के 8 एजेंट हो चुके हैं गिरफ्तार

दर्ज किया था। पुलिस ने रविवार को ॠषभ गुलाटी पुत्र विनय गुलाटी (गंगा टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी के संचालक) निवासी भैरो मंदिर कॉलोनी, आशुतोष पुत्र नत्थूराम निवासी कनखल, भूपेश शर्मा पुत्र बलराम शर्मा निवासी भारतमातापुरम भूपतवाला और नीरज पुत्र रोशनलाल तनेजा निवासी मुख्य गली भूपतवाला को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 467, 468, 471,120 बी बढ़ाई गई। जांच में पता चला कि रजिस्ट्रेशन की आड़ में यात्रियों से मोटी रकम ली गई थी। आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, एक मोबाइल बरामद हुआ है। देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि चारधाम यात्रा के नाम पर यात्रियों के फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। अब तक फर्जीवाड़ा के आरोप में 8 ट्रैवल एजेंसी संचालक/एजेंटों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

### ऐसे करते हैं फर्जीवाड़ा

आरोपियों ने गुजरात के 27 यात्रियों और राजस्थान के भीलवाड़ा के 22 यात्रियों को बद्रीनाथ हेमकुंड साहिब की यात्रा का उत्तराखंड टूरिस्ट डेवलपमेंट बोर्ड साइट से फर्जी रजिस्ट्रेशन बनाकर एक ही क्यूआर कोड का इस्तेमाल कर फर्जी रजिस्ट्रेशन किया। रजिस्ट्रेशन स्लीप में यात्रा की फर्जी तारीख अंकित थी।

### 2 महिलाओं सहित चार चोर पकड़े गए

**खटीमा, अमृत विचार:** एक सप्ताह पूर्व टेढ़ाघाट में एक घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी चुराने के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। टेढ़ाघाट निवासी कैलाश चंद्र जोशी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने जेवरात और नकदी चुरा लिए थे। जब पूरा परिवार 15 मई को कैंचीधाम दर्शन को गया था। पुलिस अधीक्षक अपराध चंद्रशेखर घोड़बोले ने बताया कि मझोला, पीलीभीत, बरेली क्षेत्रों के 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर इस गिरोह को पकड़ा गया।

# पहाड़ों पर बारिश से मिली राहत मैदान में गर्मी का कहर जारी

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** राजय के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश जारी है। पिछले कई दिनों से पहाड़ों में बार-बार बारिश हो रही है तो मैदानी इलाकों में लू और गर्मी ने कहर बरपा रखा है।

रविवार को राजधानी देहरादून में अधिकतम तापमान 40.2, हल्द्वानी में 42 तो काशीपुर में 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा दर्ज हुआ है। मैदानी इलाकों में रातें गर्म हैं। लू और तपिश से लोग परेशान हैं। आगे भी मौसम ऐसे ही रहने का अनुमान है। पहाड़ों पर चौखुटिया में 26, अगस्त्यमुनि में 22.5, कनालीछीना में 10, ऊखीमठ में 9.5, जखोली में 6, गरुड़ में 5.5 और देवीधूरा में 3.5 मिमी बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने बागेश्वर, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिले में तीव्र बारिश और झोंकेदार हवाओं का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, नैनीताल, चमोली, चंपावत और टिहरी और पौड़ी जिलों में भी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार मैदानी इलाकों में कुछ दिनों तक अधिकतम तापमान 39 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# वन कर्मियों और तस्करों की मुठभेड़, एक तस्कर घायल

**हल्द्वानी/लालकुआं, अमृत विचार :** तराई केंद्रीय वन डिवीजन की टांडा रेंज के अंतर्गत लालकुआं के जंगलों में वन तस्करों और वन टीम की मुठभेड़ हो गई। तस्करों की फायरिंग के बाद वन टीम ने जवाबी फायरिंग की, इसमें एक तस्कर घायल हो गया। जिसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दो अन्य तस्कर गिरफ्तार हुए हैं, जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

वन अधिकारियों के अनुसार, टांडा रेंज की वन टीम शनिवार की रात करीब 2 बजे गश्त कर रही थी। इस बीच सूचना मिली कि वन तस्कर टांडा रेंज में लालकुआं पुलिस स्टेशन के पीछे जंगलों में शीशम की लकड़ी का अवैध कटान कर रहे हैं। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि 8-9 तस्कर शीशम के पेड़ काटकर पिकअप वाहन में भर रहे थे। टीम ने तस्करों को रोकने की कोशिश की तो तस्करों ने वन टीम पर हमला कर दिया। तस्करों ने तमंचे से वन टीम पर फायरिंग कर दी, जिसमें वन कर्मी बाल-बाल बच गए।

### जाम खुलवा रही सिपाही को हाइड्रा ने मारी टक्कर

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** इंद्रा चौक पर ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिस में तैनात एक महिला सिपाही को हाइड्रा ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे में सिपाही का एक पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया। महिला सिपाही को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने पैर का ऑपरेशन किया। वहीं घटना के दौरान चालक हाइड्रा छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने हाइड्रा को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। यातायात पुलिस में तैनात महिला सिपाही कांता अग्रवाल रोजमर्रा की तरह इंद्रा चौक पर तैनात थी।

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
SASHASTRA SEEMA BAL
OFFICE OF THE COMMANDANT :
49 BN LALOURIKHERA,
(Located at SSB Camp-Lalourikhera, Near Office of the Khand Vikash Adikari, Lalourikhera)
P.O. : Lalourikhera, Distt. Pilibhit (U.P.)-262001

PUBLIC NOTICE

Public Auction of unserviceable Govt. stores on 15th June, 2024 from 0900 hrs at the location cited above. All registered Firms/bidder and individual those are interested to participate in auction have to deposit Rs. 60,000/- (each bidder) as earnest money which will be refunded after the completion of auction. For Terms & Condition please visit www.ssb.nic.in & may contact on Tel. No. 9412081826 between 0900 AM to 0500 PM from Monday to Saturday.

Sd/-
Sher Singh Choudhary
Commandant
49 BN SSB Lalourikhera

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को मारे या न भी मारे। मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन की चुनौती

पूरा देश इस समय भीषण गर्मी से जूझ रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य और उत्पादकता पर गंभीर खतरा हो सकता है। आगामी दिनों में लू का जोखिम और बढ़ने की आशंका है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिन तक रात के पारे में कोई बदलाव के आसार नहीं है। रात का तापमान विशेष रूप से खतरनाक होता है। हर साल तापमान के रिकॉर्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मौसम के बदलाव ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। देश के 150 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण पिछले सप्ताह पांच वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जल विद्युत उत्पादन पर असर पड़ा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है।

आंकड़ों के मुताबिक 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। वास्तव में आज पूरी तरह से जलवायु परिवर्तन हो चुका है और इसका खामियाजा इंसान को भुगतना पड़ रहा है। शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण लोगों के जीवन जीने के तौर-तरीकों में काफी परिवर्तन आया है। विश्व भर की सड़कों पर वाहनों की संख्या काफी अधिक हो गई है। जीवन शैली में परिवर्तन ने खतरनाक गैसों के उत्सर्जन में काफी अधिक योगदान दिया है। यदि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय रूप से कमी नहीं की गई, तो सदी के मध्य तक अधिकांश क्षेत्रों में दैनिक उच्च और निम्न तापमान में कम से कम 5 डिग्री फ़ॉरेनहाइट की वृद्धि होगी, जो सदी के अंत तक 10 डिग्री फॉरेनहाइट तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है एवं इससे निपटना वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभावों को वर्तमान में भी महसूस किया जा सकता है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होने से हिमनद पिघल रहे हैं और महासागरों का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। आधुनिक युग में जैसे-जैसे मानवीय गतिविधियां बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी वृद्धि हो रही है जिसके कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। यानि यह समय जलवायु परिवर्तन की दिशा में गंभीरता से विचार करने का है।

# शरीर और मन : परिवेश और आनुवंशिकता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंत:करण। अंत:करण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है।**

**मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिंबित होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।**

विचार मनुष्य का बल है, वैभव है, लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए, तब? लेकिन अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेल खाना बना लेता है, कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है। वह भूल जाता है कि कोई भी विचार आखिरी लकीर नहीं है। विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, मनुष्य विचारधाराओं के लिए नहीं हैं। ये समस्त ज्ञान विज्ञान विचार दर्शन कला संगीत मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष के फल हैं। वृक्ष पर फल बार-बार आते हैं, फल तथा ऋतु का संबंध है। ऋतु बदलती है, नए फल आ जाते हैं। युग बदलता है, विचार बदल जाते हैं।

जीवन का विस्तार बहुत व्यापक है, वह किसी एक ही विचारधारा से न कभी पहले चल सका है, न आज चल रहा है और न आगे कभी चलेगा। इसलिए विचारधाराओं से भी पहला काम मनुष्य का अध्ययन है, पहला काम मनुष्य की पहचान है। हम सोचते हैं कि मनुष्य का क्या जानना, हम मनुष्य ही तो हैं। हां, ठीक बात है, हम मनुष्य हैं, मनुष्य की विराटता में एक इकाई। मनुष्य में बुनियादी समानता हैं, निश्चित ही हैं, किंतु विचित्रता भी हैं। इतनी विचित्रता कि उनको हम जितना भी जानते हैं, उतनी ही विचित्रता सामने आ जाती है। दिशा और काल में मनुष्य का कितना विस्तार है? क्या इस विस्तार की कल्पना भी हम कर सकते हैं? मनुष्य को जानने की बहुत सी पद्धतियां हैं, एक पद्धति ने मनुष्य को परिवेश और आनुवंशिकता के आधार पर जानने का प्रयास किया है।

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंतःकरण। अंतःकरण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है। अफ्रीका का आदमी, अमेरिका का आदमी या फ्रांस का आदमी एक जैसे रंग रूप देह-यष्टि के नहीं होते। चीन के आदमी का कद, रंग, उसकी आंखें, उसकी खोपड़ी, उसके हाथ पैर अलग-अलग रूप-रंग और आकृति के होते हैं। फिर समुद्र के पास रहने वाला आदमी पर्वतों के पास रहने वाले आदमी से भिन्न होता है। एक की छाती अधिक मजबूत है और दूसरे की टांगें अधिक मजबूत हैं। यह भिन्नता प्राकृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण होती है। देह तत्व को प्रभावित करने वाला दूसरा प्रभावशाली तत्व उसकी आनुवंशिकता है।

माता-पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप, नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है। अनेक व्याधियां आनुवंशिक होती हैं। बहुत सी लोकोक्तियां आनुवंशिकता पर हैं अब तो आनुवंशिकी (जैनेटिक्स) का विकास हो रहा है, जिस प्रकार माता-पिता और माता-पिता की वंश परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश परंपरा का दाय है। इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग-युगांतर की स्मृतियां सो रही हैं। शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न परंपरा का ही दाय है। जिस प्रकार शरीर पर परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है, उसी प्रकार मनुष्य की मानसिक संरचना अर्थात् मन पर भी परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है। मनुष्य की मानसिक संरचना में आनुवंशिकी का प्रभाव बहुत स्पष्ट होता है-नानी की टेव धेवती में आ। मूसे के जाए बिले खोदेंगे। मन पर परिवेश का प्रभाव सांस्कृतिक तत्व के रूप में होता है। बालक का जन्म शून्य में नहीं होता, सांस्कृतिक-परिवेश में होता है। बालक उस परिवेश से ही बोली और भाषा ग्रहण करता है तथा बोली और भाषा की तरह ही सांस्कृतिक तत्व ग्रहण करता रहता है।

प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश की विचार-प्रणाली होती है, आचार प्रणाली होती है, विश्वास-प्रणाली होती है, सौंदर्यचेतना होती है। प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश में सैकड़ों अवधारणाएं प्रचलित होती हैं। मनुष्य के चित्त का आधार पाकर वे अवधारणाएं भौतिक शक्ति जैसी बन जाती हैं। इसलिए बालक का मन अपने सांस्कृतिक परिवेश से रचा-पचा होता है। इस प्रकार मनुष्य की आंतरिक और बाहरी संरचना में परिवेश और आनुवंशिकता दोनों तत्व निर्णायक और प्रभावकारी होते हैं। जिस आनुवंशिकता से बालक को शरीर प्राप्त हुआ है, उसी आनुवंशिकता से उसे मन भी प्राप्त हुआ है। मन की प्रवृत्ति के रूप में जो तत्व है, वह भी वंश परंपरा से प्राप्त है। उसकी मानसिक संरचना में अतीत जीवन की स्मृतियों का कोश है।

आनुवंशिकता के कारण ही मनुष्य के मन को युगंधर या बीते युगों की स्मृतियों का ऐपीटोम कहा जाता है। समस्त युग उसके अवचेतन में समाए हुए हैं। यह ऐपीटोम केवल इस जीवन का ही नहीं है, उस वंशानुक्रम के जीवन का है, जो अंततः आदि-पुरुष (माता-पिता) से जुड़ता है। ध्यान रखने की बात यह है कि मनुष्य जीवन केवल वर्तमान से ही संचालित नहीं होता, मनुष्य जीवन के इतिहास की समग्रता अथवा वे स्मृतिकोश भी जीवन को संचालित करते हैं। मनुष्य धरती पर उगते हुए बीज को तभी से देख रहा है, जब से उसने धरती पर जन्म लिया था। धरती से बीज उगना इन अर्थों में साधारण घटना है कि उसे सभी ने देखा है और बार-बार देखा है, परंतु उसकी असाधारणता भी यही है कि उसे सभी ने देखा है, लोक ने भी देखा है, शास्त्र ने भी देखा है, पंडित ने भी देखा है मूढ़ ने भी देखा है, धनी ने भी देखा है और निर्धन ने भी देखा है। किसी ने पास से देखा है तो किसी ने दूर से देखा है, किसी ने प्रत्यक्ष देखा है तो किसी ने परोक्ष रूप से देखा है और इस निरंतर देखने के कारण ज्ञान की निरंतर वृद्धि हुई है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिंबित होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए वृक्ष से पत्ता गिरा। पत् धातु का अर्थ है गिरना, अतः गिरने के कारण पत्र संज्ञा बनी। पत्र शब्द से पत्ता, पत्ती, पन्ही, पात, पतिया शब्द निष्पन्न हुए। पुराने जमाने में पत्रों पर संदेश भी लिखे जाते थे, इसलिए पत्र शब्द का एक नया अर्थ विकसित हुआ चिट्ठी। जीवन में सुख के साथ दुख लगा हुआ है, जो फूलता है वह कुम्हलाता भी है। एक दिन फल लगते हैं और एक दिन पतझड़ भी होता है। यह संसार कांटों की झाड़ी है। संसार के संबंध उसी प्रकार के है, जैसे वृक्ष पर पत्ते उगते हैं, झड़ते हैं और हवा उन्हें दूर उड़ा ले जाती है। इस प्रकार लोकमानस की पूरी चिंतन प्रक्रिया वानस्पतिक बिंबों से ओत-प्रोत है।

## प्रसंगवश

# राजधानी में कानून व्यवस्था

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ में तैनात एक महिला पुलिस उप-अधीक्षक के एकलौते बेटे को दो गुंडे लड़कों द्वारा कार से रौंदने की घटना लोगों को भूली नहीं थी कि अब रिटायर्ड कमिश्नर देवेन्द्र नाथ दुबे के इंदिरानगर स्थित आवास पर दिन दहाड़े दिल दहलाने वाली ताजी घटना फिर हो गई जिसमें 25 मई को उनकी पत्नी की हत्या व घर में डकैती सुबह 7 और 9 बजे के बीच अंजाम दे दी गई, जब वे गोल्फ खेलने घर से बाहर गए थे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पुलिस की शिथिल कार्य प्रणाली के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन और पुलिस का भय अपराध जगत में रहा ही नहीं। वे घटनाएं करते रहते हैं और उन पर कार्यवाही नहीं होती है। जनवरी-2023 में मेरे साथ आन लाइन ठगी हुई थी। नगर के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, अखबारों में खबर का कवरेज आया, किंतु पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ सकी। दुबे जी 71 के हैं, मैं 84 का। खबरों में बहुधा आ जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों की पुलिस सूची बनाए है ताकि उनकी सुरक्षा का अनुश्रवण कर सके, लेकिन मेरे पास तो कभी कोई पुलिस वाला हाल पूछने आया नहीं और न रिपोर्ट पर कार्यवाही की। जब सर्वप्रथम लखनऊ व नोएडा में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की गई थी, तभी मैंने इस पद्धति को कम असरदार बताया था। इससे केवल पुलिस का एकाधिकार हो जाता है, मजिस्ट्रेसी मूक दर्शक बन जाती है। ऐसे में अपराध नियंत्रण कम कारगर रहता है।

राजधानी में तो पुलिस भी अपराध में लिप्त देखी गई है। इसी जनवरी (2024) में लखनऊ एटीएस में तैनात एक अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक महिला से बलात्कार व तत्परिणामी गर्भाधान और जबरिया गर्भपात कराने, धमकाने का आदि मामला प्रकाश में आया था। गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट तब दर्ज हुई, जब महिला योगी जी के पास खड़ी हो गई। सोचिए, यह पुलिस अपराध नियंत्रण कैसे करेगी? सपा के शासनकाल में पुलिस मंत्रियों की भैंसें ढूंढती थी, अब खुद अपराध करती है। उचित होगा कि मुख्यमंत्री पुलिस कमिश्नर प्रणाली समाप्त कर, कानून व्यवस्था पटरी पर लाने का प्रयास करें।

# बदल चुका है बड़े मंगल का स्वरूप



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

**इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है।**

जेठ माह की चिलचिलाती धूप में हर मंगलवार को 'बड़े मंगल' के रूप में मनाया जाना लखनऊ की अनूठी धार्मिक सांस्कृतिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह उत्सव मुख्यतः मोहल्ला अलीगंज के डंडहिया बाजार स्थित एक प्राचीन मंदिर तथा दूसरे अपेक्षाकृत बाद में निर्मित हनुमानजी के मंदिरों की गाथा को समर्पित है।

जनश्रुति के अनुसार तत्कालीन नवाब मोहम्मद अली शाह की बेगम आलिया/राबिया की कहानी इन दोनों हनुमान मंदिरों से जुड़ी हुई है। संतान प्राप्ति के लिए तमाम प्रयास विफल होने पर शोकग्रस्त बेगम को स्वप्न में प्राचीन मंदिर वाले हनुमानजी ने दर्शन दिए। बेगम आलिया ने मंदिर जाकर हनुमानजी की पूजा अर्चना की और संतान प्राप्ति हेतु मनौती मानी। कालांतर में मुराद पूरी होने पर उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और श्रद्धापूर्वक मंदिर के कलश के लिए चंद्रमा की आकृति भेंट की, जो आज भी मंदिर के शीर्ष कलश पर फहरा रही पताकाओं के साथ विराजमान है।

कहते हैं उसी कालखंड में लखनऊ में एक महामारी भी फैली। बेगम आलिया ने लोगों की सेवा सुश्रुषा की व्यवस्था की और खाने-पीने के लिए मंदिर में भंडारा भी चलवाया। बाद में बेगम ने मंदिर के पुजारी से यह अनुरोध किया कि वे कैसरबाग स्थित अपने आवास के पास हनुमानजी को स्थापित करना चाहती हैं। इस प्राचीन हनुमान मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के अलावा हनुमानजी की अतिरिक्त प्रतिमाएं सदा से रही हैं। आज भी इस मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के साथ हनुमानजी की तीन विभिन्न आकार वाली छोटी-बड़ी प्रतिमाएं मौजूद हैं। बेगम की श्रद्धा-भक्ति से प्रभावित होकर पुजारी ने उन्हें गर्भगृह में स्थित एक प्रतिमा ले जाने की अनुमति दे दी। हाथी पर बैठाकर हनुमानजी की वह प्रतिमा कैसरबाग के लिए प्रस्थित हुई, परंतु थोड़ी दूर लगभग एक किलोमीटर चलकर हाथी एक स्थान पर बैठ गया और तमाम प्रयास के बावजूद आगे नहीं बढ़ा।

बेगम आलिया ने यह मानकर कि हनुमानजी यहीं स्थापित होना चाहते हैं, उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण कराकर हनुमानजी को स्थापित किया, जो आजकल इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण है। यह भी उल्लेखनीय है कि इन दोनों मंदिरों के शिखर के नीचे अब भारत माता की ट्राइकलर्ड मूर्ति भी शोभायमान है। पिछले लगभग बीस वर्षों में 'बड़ा मंगल' के इस पर्व का स्वरूप काफी कुछ बदल चुका है। प्रारंभ में गोमती नगर क्षेत्र से ध्वजा पताका लिए जयकारा लगाते, गीत गाती महिलाओं व पुरुषों के समूह सड़कों पर अलीगंज की ओर जाते आम तौर पर दिखाई पड़ते थे। कुछ भक्त अपनी मनौती के अनुसार चिलचिलाती धूप में नंगे पांव ही चलते थे। हर सड़क पर दो-चार ऐसे भी लोग दिख जाते थे, जो केवल लेट लेटकर मंदिर तक की कष्टप्रद यात्रा करते थे। मंदिर में उनके प्रवेश व दर्शन का अलग गलियारा होता था। रास्ते में कोई अनाम व्यक्ति प्याऊ का संचालन करता रहता था। उसी दौरान संभवतः 2004 के आसपास स्व. अखिलेश दास ने संगठित रूप से प्याऊ की व्यवस्था प्रारंभ की। इसके पश्चात साल दर साल पहले शर्बत, फिर बुंदिया, बाद में पूड़ी, सब्जी आदि इत्यादि सभी के पंडाल लगने लगे।

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है। अब यह पर्व लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोकप्रिय हो रहा है। मंगलवार के साथ-साथ अब शहर में शनिवार को भी भंडारे के आयोजन बढ़ रहे हैं। भंडारा व प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या तो बढ़ रही है, पर सड़क पर भक्तों की भीड़ नहीं दिखाई पड़ती है।

## सोशल फोरम

# कौन थे बनाफर

**कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।**

बुंदेलखंड में आल्हा गायन की परंपरा रही है। आदमी के पास जब खेती-किसानी में कुछ करने को नहीं रहता था तब चौपालों में आल्हा गायन होता था, लेकिन फुर्सत में मैं आल्हा नहीं क्रांति की दास्तान ही पढ़ता हूं। 25 मई को आल्हा का जन्मदिन था कि ऊदल का।

फेसबुक पर पढ़ रहा हूं कि आल्हा ऊदल के जन्मदिन पर बधाइयां। पता नहीं कि किसने उनके जन्म तिथि की खोज की। दोनों का जन्मदिन तो एक ही दिन नहीं हो सकता, क्योंकि आल्हा खंड में सब जगह आल्हा को बड़ा बतलाया गया है। इनको बनाफर कहा गया है। अब ये बनाफर क्या है? जब मैं जालौन के इतिहास पर काम कर रहा था तब बनाफरों के बारे में भी थोड़ा पढ़ने को मिला वह भी किसी ऐसे वैसे का लिखा नहीं। प्रसिद्ध इतिहासकार काशी प्रसाद जयसवाल की पुस्तक अंधकालीन युगीन भारत जिसका अनुवाद रामचंद्र वर्मा ने किया है। वे पेज 76-77 में लिखते हैं कि कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।



देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ लेखक

चंदेलों के समय में अपनी वीरता तथा युद्ध कौशल के कारण ये बहुत प्रसिद्ध थे, पर समाज में उस समय उनको जातिप्रथा में वह स्थान नहीं मिला जिसके ये अधिकारी थे। उरई के माहिल इनके खिलाफ ही रहे। कर्नल टॉड ने अपनी पुस्तक में क्षत्रियों की सूची में 36 कुल लिखे हैं, उसमें यादव, भट्टी, जरिया, जादौं और बनाफर को एक साथ लिखा है और क्षत्रियों में शुमार किया है। **-फेसबुक वॉल से**

# लीडरशिप से जुड़ीं बातें



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

**मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंतत: वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है। हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें।**

यह मेरे बिजनेस के शुरुआती दिनों की बात है। वे दिन अब तक जो पढ़ा, सीखा उसकी आजमाइश के दिन थे। रोज पुराने विश्वास टूटते और नए सबक सीखे जाते। बतौर बिजनेसमैन जो काम मेरे जिम्मे थे, उनमें एक खास काम अपनी टीम को लीड करना था। इसलिए लीडरशिप से जुड़ी बातें मैं पढ़ता समझता और असल जिंदगी में उन्हें लागू करने की कोशिश करता। यह उन्हीं दिनों का एक किस्सा है।

मैंने देखा कि कुछ मजदूर मेरी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे। मैं उनकी आंखों में मैं अपने लिए एक किस्म की अवज्ञा का भाव देखता था। मैं समझ नहीं पा रहा था कि विनम्र और दोस्ताना व्यवहार के बावजूद वह क्या है, जो उन्हें मुझे अपना नेता मानने से रोकता है। मेरे ऑफिस के पास ही एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का ऑफिस था। अपने कर्मचारियों के साथ उनका व्यवहार मुझसे बिल्कुल उलट था। वे अपने ड्राइवरों और क्लीनरों की नियमित रूप से अनुष्ठान पूर्वक पिटाई करते थे। पच्चीस साल पहले के इस दौर में पुलिस कचहरी भी इसे मालिक नौकरों का निजी मामला मानकर इसमें टांग नहीं अड़ाते थे। वैसे भी वे बड़े आदमी थे, थाना, कचहरी, नेतागिरी, हर तरह से सक्षम। मेरा मैनेजमेंट ज्ञान कहता था कि वे एक बुरे एमप्लायर हैं और उनके यहां काम कर रहे लोग उन से असंतुष्ट होंगे, लेकिन अक्सर उनके ड्राइवरों की आपसी बातचीत के जो टुकड़े हवा मेरे कानों तक लाती थी, वह मेरे मैनेजमेंट ज्ञान को ताश के महल की तरह उड़ा ले जाते थे। मेरी समझ के उलट वे ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अपने स्टाफ के बीच बहुत लोकप्रिय थे, उनके कर्मचारी आपस में बात करते हमारा सेठ 'शेर' है। कल देखा नहीं फलां आदमी की उसने कैसे पिटाई की। ड्राइवरों का अपना एक समाज था। उस समाज में जिसका सेठ जितना शक्तिशाली और क्रूर हो उसकी उतनी ही इज्जत थी। अपने समाज में इज्जत पाना और एक शक्तिशाली मुखिया के कबीले का हिस्सा होना इतना बड़ा फायदा था कि इसके बदले में कभी-कभार की पिटाई और गाली गलौज बरदाश्त की जा सकती थी। ये तमाम ड्राइवर अपनी निजी जिंदगी में मजलूम थे। पावर लेस थे। एक शक्तिशाली बॉस उन्हें पावरफुल महसूस करवाता था। वे उससे प्रेम करते थे।

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंततः वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है।

हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें। अपनी निजी जिंदगी में हम जितने कमजोर होंगे एक ताकतवर लीडर की चाहना उतनी अधिक होगी। हम सब कभी बच्चे थे। हमें हमारे पिता सुरक्षित महसूस करवाते थे। फिर उम्र बड़ी हो गई, पिताजी नहीं रहे, पर हमारे भीतर का वह डरा सहमा बच्चा बड़ा नहीं हुआ। हम अब भी एक ताकतवर पिता खोजते हैं, जो हमें सुरक्षित महसूस करवाए। चाहे वह ऑफिस का बॉस हो समाज का अध्यक्ष या देश का नेता।

# ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

**देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।**

मैंने अपने जीवन में ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा। न कहीं प्रचार, न कहीं कोई उत्सव। बस किराए पर लाई गई भीड़ से जनसभा और रोड शो जिसके पास जितना संसाधन, उसकी सभाओं में उतनी भीड़। किराए के इन टट्टुओं के चेहरे पर न तो मुस्कान दिखी न कोई उत्साह, बस एक चिंता रहती थी कि घर वापसी के लिए सवारी मिलेगी या अपने साधन से घर लौटना पड़ेगा अथवा सभा में भोजन और पेयजल मिलेगा भी या इस भीषण गर्मी में खाली पेट रहना पड़ेगा।

पहले के चुनावों में शहर, कस्बों के चौराहों पर चुनाव प्रचार वाले लाउडस्पीकर अनवरत बजते रहे थे, गांवों में रिक्शा, टेंपो, जीप पर बंधे लाउडस्पीकर दहाड़ते रहते और प्रत्याशी के नाम, दल, चुनाव चिन्ह की घोषणा करते रहते थे। चौराहों, चाय की दूकानों पर चुनाव चर्चा चलती रहती थी, जो कभी गाली-गलौज और मारपीट में परिवर्तित हो जाती थी। दीवारें विभिन्न चुनाव चिन्हों से रंगी रहती, होर्डिंग, कटाउट शान से खड़े दिखते थे, लेकिन इस बार यह सब गायब दिखा।

बड़े दलों के चुनाव चिन्ह से तो लोग परिचित हैं, लेकिन छोटे दल या निर्दलीय प्रत्याशी के तो चुनाव चिन्ह ही पता नहीं चल पाए। मतदान अब किसी सैद्धांतिक आधार पर नहीं होने वाला है। इसमें धर्म जाति, धन, शराब, अपराध का रोल बढ़ता जा रहा है। पहले सोचा गया था कि शिक्षा और जागरुकता बढ़ने से चुनाव में इनका दखल कम होगा, दुर्भाग्यवश ऐसा न हो सका। हर दल, क्षेत्र में जाति और धर्म के मतदाताओं की गणना कर तदनुसार टिकट बांट रहा है। सपा तो खुले आम पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) चिल्ला रही है। बसपा को दलित ही दिखता है, भाजपा भी अब पिछड़ों पर अधिक दांव लगा रही है। सवर्ण को कोई दल घास नहीं डाल रहा है, क्योंकि उसके पास मतदाता कम हैं। आप किसी क्षेत्र में चले जाएं, मतदाता की जाति का पता कर बता सकते हैं कि वह किसे मत देगा। जनसंख्या के आधार पर जब जातियों का मूल्यांकन हो रहा है तो फिर जनसंख्या नियंत्रण की बात करना बेमानी है। जिन जातियों ने जनसंख्या नियंत्रण में कुछ योगदान दिया है, वह अब पछता रहे होंगे।

4 जून को देश या उत्तर प्रदेश में किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, कहना मुश्किल है। उत्तर प्रदेश 8-10 सीटें छोड़ दें, शेष सभी सीटों पर कांटे की टक्कर स्पष्ट नजर आ रही है। चुनाव आयोग का सही मतदान प्रतिशत शीघ्र न बताना जनमानस में भ्रम पैदा कर रहा है। प्रजातंत्र में मतदाता का निर्णय सर्वोपरि है। देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

## सार-संक्षेप

### दरोगा का अर्द्धनग्न अवस्था का वीडियो वायरल

**उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज थानांतर्गत कोलुहा गाढ़ा चौकी इंचार्ज का अंडरवियर में कुर्सी पर बैठने का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दरोगा की इस हरकत से चौकी परिसर में बने मंदिर में भागवत सुनने आईं सैकड़ों महिलाएं असहज हो गईं। एसपी ने वीडियो पर संज्ञान लेते हुए दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया, सीओ बीघापुर को मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। उधर, दरोगा ने अपनी सफाई में कहा कि उन्होंने सुबह कपड़े और तौलिया धुलकर सूखने को डाल दी थी। तभी अचानक लाइट चली गई। इस पर वह कुर्सी में बैठकर लाइट आने का इंतजार करने लगे। इसी दौरान किसी ने उनका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

### प्रेमी युगल ने एक ही दुपट्टे से फंदा लगाकर दी जान

**शिवली, अमृत विचार :** रामपुर गांव के बाहर खेतों में रविवार को बबूल के पेड़ से एक दुपट्टे में प्रेमी युगल फंदे पर लटके मिले। सूचना पर सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की है। दोनों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। शिवली कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी रामपाल का पुत्र मदन (21) कस्बे के देवनगर मोहल्ला निवासी महेश के यहां ट्रैक्टर चलता था। उसी दौरान उसकी दोस्ती महेश की पुत्री शकुंतला से हो गई थी। दोनों की दोस्ती प्रेम में बदल गई और वह दोनों बीते वर्ष 21 जुलाई को घर से बिना बताए केरल चले गए थे। पिता ने थाने पहुंच कर मदन पर पुत्री को बहला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों को केरल से बरामद किया था। मामले में मदन को जेल भेजने के साथ ही शकुंतला को नारी निकेतन भेजा गया था। परिजन पुत्री को नारी निकेतन से घर ले आए थे। बाद मे दोनों फिर मिलने लगे थे।

### डंडे से पीट-पीटकर बड़े भाई की हत्या

**राजपुर/सिकंदरा, अमृत विचार :** सिल्हौला बुजुर्ग गांव में देर रात किसी बात को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए हैं। वहीं गांव बाहर खेतों से आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिकंदरा थाना क्षेत्र के सिल्हौला बुजुर्ग गांव निवासी शैलेंद्र यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंझला भाई ट्रक चालक उपेंद्र यादव उर्फ नीतू (35) अपनी पत्नी रेशमा देवी की शिकायत पर शनिवार रात ट्रक लेकर घर आया था। इसी दौरान उसकी किसी बात को लेकर सबसे छोटे भाई रविंद्र यादव उर्फ कल्लू से विवाद हो गया। गालीगलौज के साथ दोनों में मारपीट होने लगी। तभी रविंद्र यादव ने डंडे से उपेंद्र यादव के सिर पर हमला कर दिया और पीट-पीटकर हत्या कर दी।

### मरीजों की जान बचाने में एंबुलेंस ड्राइवर कीअहम भूमिका

**लखनऊ, अमृत विचार :** एंबुलेंस 108 एवं 102 में कार्यरत पायलट बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त लोगों को अस्पतालों तक शीघ्र ले जाते हैं। गोल्डन आवर में मरीजों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। वह स्वंय सेवाओं में अग्रिम पंक्ति में काम करते हैं और आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। यह बात ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने कही। उप्र. में 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदाता संस्था की ओर से रविवार को आशियाना स्थित कार्यालय में पायलट दिवस मनाया गया। लखनऊ सहित विभिन्न जिलों के पायलट (एंबुलेंस ड्राइवर) के बेहतर कार्यों के लिए सर्टिफिकेट व चेक देकर सम्मानित किया गया ।

### चौकी प्रभारी का गाली देते हुए वीडियो वायरल, निलंबित

**अयोध्या, अमृत विचार :** गाली-गलौच का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने रौनाही थाने की चौकी सत्ती चौरा प्रभारी गोविंद अग्रवाल को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच शुरू कराई है। दो पक्षों के मध्य के रास्ते का विवाद सुलझाने गए चौकी इंचार्ज का एक शख्स से विवाद और गाली-गलौच हुआ था, जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। रौनाही थाना क्षेत्र के सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र के गांव रग्घूपुर दोस्त में अर्जुन पांडेय व जगदम्बा शुक्ला के बीच रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को पुलिस ने दोनों पक्षों को पंचायत के लिए बुलाया था और विवाद को सुलझाने के लिए चौकी प्रभारी अपने हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे थे। वायरल वीडियो से पता चलता है कि चौकी प्रभारी किसी युवक को भद्दी-भद्दी गाली दे रहे हैं और वह भी तमाम महिला व पुरुष तथा अन्य की मौजूदगी में। मामला संज्ञान में आने के बाद एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी सदर संदीप सिंह से पूरे प्रकरण की जांच कराई है। प्रथम दृष्ट्या कर्तव्य पालन में दोषी पाए जाने पर एसएसपी ने चौकी प्रभारी गोविन्द अग्रवाल को चुनाव आयोग की अनुमति से निलंबित कर दिया।

### दर्शन मार्ग पर युवक के पास मिली अवैध पिस्तौल

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र स्थित रामलला के दर्शन मार्ग से पुलिस ने वाराणसी के एक निजी सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर अवैध पिस्तौल बरामद की है। रविवार की सुबह दर्शन मार्ग पर जांच-तलाशी और सुरक्षा ड्यूटी में लगे सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धालुओं के सामानों की जांच के दौरान एक बैग में पिस्तौल होने की जानकारी मिली। सुरक्षाकर्मियों ने बैग के मालिक वाराणसी जनपद के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित पांडेयपुर निवासी सुमित सिंह (26) और उसके दो साथियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के साथ सुरक्षा और ख़ुफ़िया से जुडी एजेंसियों ने तीनों से पूछताछ की। इनके नाम-पता और चरित्र का सत्यापन कराया। जांच में पता चला कि सुमित अपने क्षेत्र स्थित एक होटल के कर्मी राजेंद्र सोनकर निवासी उड़ीसा व सूर्य कुमार शुक्ल निवासी पुणे, महाराष्ट्र के साथ यहां दर्शन-पूजन को आया था। सुमित का आरोप है कि किसी ने उसके बैग में साजिशन पिस्तौल रख दी। वहीं सुमित के खिलाफ हवाई फायरिंग के आरोप में उसके स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज मिली है।

### अयोध्या मंडल के पांचों जिले के बीएसए लखनऊ तलब

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीते 15 वर्षों के दौरान जिला स्तर पर निर्गत की गई मान्यता का ब्योरा न दे पाने के कारण अयोध्या मंडल के पांचों जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी बुरे फंसे हुए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने इस पर लेकर आपत्ति जताते हुए तीस मई तक ब्यौरा न दे पाने के कारण सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से मुख्यालय तलब किया है। महानिदेशक की ओर 24 मई को जारी आदेश में कहा गया है कि गत 15 वर्षों से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों के संचालन के लिए प्रदत मान्यता की सूचना मांगी गई थी। आदेश में कहा गया है कि 23 फरवरी को ही आदेश जारी कर 15 वर्षों में निर्गत मान्यता का ब्यौरा संबंधित प्रारुप के तहत मांगा गया था। इसे 15 दिन में दिया जाना था लेकिन अभी तक केवल जनपद अलीगढ़, बलरामपुर, बांदा, रायबरेली और सोनगढ़ को छोड़कर किसी जिले ने ब्यौरा नहीं दिया है जो गंभीर लापरवाही का परिचायक है। महानिदेशक ने निर्देश दिया है कि तीस मई तक निर्धारित एक्सेल शीट पर 15 वर्षों में निर्गत मान्यता का ब्यौरा दे।

# तकनीकी विशेषज्ञ, बैंक स्टॉफ के बगैर कैसे होगी साइबर सुरक्षा

## पुलिस की होने वाली भर्ती में तकनीकी विशेषज्ञ का जिक्र नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिना बैंक कर्मी समय से कैसे होगी फ्राड की विवेचना

**अमृत विचार:** साइबर अपराधों से प्रदेश को मुक्ति दिलाने की तैयारी तो शुरू कर दी गई है, लेकिन आधारभूत संरचना में कई बिंदुओं पर गौर ही नहीं किया गया है। प्रदेश के थानों में होने वाली 1,425 कार्मिकों की भर्ती में कार्मिकों की तकनीकी विशेषज्ञता का जिक्र ही नहीं किया गया है। यही नहीं फ्राड का बैंक डिटेल मिलने में महीनों लग जाते हैं, ऐसे में बिना बैंकर्स को साथ लिए समय से विवेचना कैसे संभव होगी। हालांकि उक्त दोनों चुनौतियों के प्रति पुलिस विभाग अवगत तो है, लेकिन कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

सरकार ने प्रदेश को साइबर अपराध से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएं हैं। इसी क्रम में प्रत्येक जिले में थाने खुल रहे हैं और आधारभूत संसाधन थानों में भेजे जा रहे हैं। विभाग को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अलग से कार्मिकों की भर्ती भी होने जा रही हैं। इन सबके बीच साइबर अपराध रोकने के सबसे महत्वपूर्ण घटक पर अभी चर्चा तक नहीं हुई है। वह है तकनीकि विशेषज्ञ एवं बैंक कर्मी। जिन कार्मिकों की भर्ती होने जा रही है उनके लिए तकनीकी से जुड़ी किसी भी अर्हता का जिक्र नहीं है। साइबर अपराध का खुलासा बिना तकनीकी विशेषज्ञ के संभव नहीं हो पाता। वहीं बिना बैंक कर्मी के साइबर थाने चलाने में भी दिक्कत आएगी। लगभग सभी तरह के साइबर अपराध रुपयों के लिए ही होते हैं। फ्राड की शिकायत होने के बाद बैंक डिटेल आने में ही कई-कई महीने लग जाते हैं। बैंक पूरी जानकारी भी नहीं देते। ऐसे में बिना बैंक कर्मी के ससमय विवेचना भी नहीं हो पाएगी। साइबर अपराध रोकने से जुड़ी पूरी संरचना में दोनों का जिक्र न होना चर्चा का विषय है।

### अब दंडात्मक नहीं मानी जाएगी साइबर विभाग में पोस्टिंग

एसएचओ के पद से साइबर सेल में तबादले को दंडात्मक पोस्टिंग के तौर पर गिना जाता था। लेकिन अब यह पोस्टिंग महत्वपूर्ण पोस्टिंग मानी जाएगी। जिले का पुलिस अधीक्षक ही साइबर थानों को नियंत्रित करेगा। थानों में पोस्टिंग के बाद अब दंडात्मक पोस्टिंग का भ्रम भी दूर हो जाएगा।

## प्रश्नपत्र लीक मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

- नोएडा एसटीएफ ने की कार्रवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** 17 एवं 18 फरवरी को उप्र. आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में एसटीएफ नोएडा की टीम ने हाथरस से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया था।

गिरफ्त में आया पहला आरोपी बिट्टू उर्फ विनोद कुमार शर्मा लोधा अलीगढ़ का निवासी है। बिट्टू एम्स ऋषिकेश में विद्युतकर्मी की नौकरी करता है। पेपर लीक कांड में बिट्टू की संलिप्तता का पहले ही खुलासा हो चुका था। जबकि दूसरे आरोपी कुशलपाल उर्फ राजा को भी गिरफ्तार किया गया है। राजा पांचवीं पास है और टैक्सी चलाने का काम करता है। राजा पर भी पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि दोनों की गिरफ्तारी हाथरस के रोडवेज वर्कशाप के पास से हुई है।

# अवैध खनन के विरोध पर मंत्री के पति को जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



- राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति अनिल शुक्ला वारसी का मामला
- खनन करा रही कंपनी के प्रबंधक निदेशक के खिलाफ एफआईआर

**अमृत विचार :** अवैध मिट्टी खनन का विरोध करने पर खनन करवा रही कंपनी के प्रबंध निदेशक ने राज्यमंत्री के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी को जान से मारने की धमकी दी और अपशब्द कहे। वारसी की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है।

उत्तर प्रदेश सरकार में महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अकबरपुर-रनियां विधानसभा क्षेत्र में मिट्टी चोरी व अवैध खनन का कार्य राज कारपोरेशन लिमिटेड (आरसीएल कंपाउंड स्टेशन रोड मैनपुरी) कर रही है। जिससे सड़कें बदहाल हो रही हैं। इसकी शिकायत राज्यमंत्री ने कोतवाली शिवली, एसपी, डीएम व आयुक्त कानपुर मंडल से की थी। पूर्व सांसद ने बताया कि 25 मई की दोपहर कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज यादव ने उन्हें फोन किया और धमकी देने लगे। जिसका विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि गरीब किसानों की जमीन पर बिना सहमति रात में मिट्टी खुदाई की जा रही है। ओवरलोड खनन वाहनों ने सड़कें भी खराब हो रही हैं। वारसी का आरोप है कि उक्त बात कहने पर प्रबंधक निदेशक ने भड़कते हुए उन्हें अपशब्द कहे और धमकी दी। पूर्व सांसद ने आरोपी से स्वयं व परिवार को खतरा बताया है। इस संबंध में शिवली कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि पूर्व सांसद की तहरीर पर कंपनी के प्रबंधक निदेशक के खिलाफ धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छानबीन की जा रही है।

## कक्षा 6 की छात्रा के साथ 37 वर्ष के युवक का हुआ विवाह

- मां को धमकी दे फूफा ने 12 वर्ष की बालिका का करा दिया विवाह

**बहराइच, अमृत विचार :** मनोचा गांव निवासी 12 वर्षीया बालिका और उसकी मां को डरा धमकाकर एक वर्ष पूर्व 37 वर्ष के युवक के साथ विवाह करवा दिया गया। इसके बाद बालिका के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगे। चोरी से घर पहुंची बालिका ने पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मरौचा गांव निवासी 12 वर्षीया बालिका कक्षा 6 की छात्रा है। बालिका के फूफा कोतवाली नगर के वजीरगंज मोहल्ला निवासी खेलावन पुत्र टेढ़े हैं। पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर छात्रा का कहना है कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। बालिका ने बताया कि फूफा ने मां को जान से मारने की धमकी देते हुए सहसलमपुर गांव निवासी पंकज के साथ उसका विवाह तय कर दिया। ससुराल सहसलमपुर में उसके पति उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगे। पुलिस ने पंकज, भाई विनोद, हनुमंत, पिता जोखू और फूफा खेलावन के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पूर्व राज्यमंत्री विनय शाक्य का हृदयाघात से निधन

**बिधूना, औरैया, अमृत विचार :** जिले की बिधूना विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं एमएलसी रहे पूर्व राज्यमंत्री विनय शाक्य की सोमवार की रात हृदयाघात से निधन हो गया।



सोमवार की देर रात विनय शाक्य को दिल का दौरा पड़ा। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी बिधूना लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रविवार को भटौरा स्थित आवास पर भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा।



**मैली हो रही गंगा**

कानपुर में गंगा में हर दिन एक करोड़ लीटर गंदा पानी उड़ेल रहा है सीसामऊ नाला। इस नाले को 2019 में टैप किया गया था और यहां सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। तब 20 करोड़ लीटर गंगा पानी गंगा में गिरता था। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने की वजह से अब गंदा पानी गंगा में उड़ेला जा रहा है। ● मनोज तिवारी

## माफिया की नई श्रेणी में पशु व शिक्षा माफिया

विनय सिंह, लखनऊ

- पहले खनन, शराब व भूमाफिया की बनती थी श्रेणी

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस ने माफिया को चिन्हित करने की कड़ी में दो अन्य तरह के माफिया के लिए अलग से श्रेणी बनाई है। ये दो नई श्रेणियां हैं, शिक्षा माफिया और पशु माफिया। अब पशु और शिक्षा के क्षेत्र में गैरकानूनी कार्य करने वालों को सामान्य माफिया की श्रेणी में न रखकर अलग से बनाई गई श्रेणी में रखा गया है।

लखनऊ जोन के दोनों परिक्षेत्रों को मिलाकर शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम दर्ज हुआ है। जबकि पशु माफिया 30 की संख्या में हैं। राज्य सरकार माफिया उन्मूलन को लेकर सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने लखनऊ जोन के घोषित पांच माफिया का तंत्र ध्वस्त कर दिया है। पुलिस खनन, शराब और जमीनों को लेकर गैरकानूनी कार्य करने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है।

खनन, शराब और जमीनों से जुड़े मामलों में माफिया को पुलिस पहले भी चिन्हित करके कार्रवाई करती रही है, लेकिन परीक्षाओं आदि में पेपर लीक कराने, परीक्षा सेंटर आवंटित कराने वाले व सामूहिक नकल कराने वाले माफिया और प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी आदि करने वाले माफिया की अलग से श्रेणी नहीं बनी थी।

### सर्वाधिक पशु-शराब माफिया बाराबंकी में

लखनऊ जोन में सर्वाधिक पशु माफिया बाराबंकी में हैं। यहां 10 पशु माफिया घोषित हैं। इस जिले में सर्वाधिक 11 शराब माफिया भी सक्रिय हैं। अमेठी में खनन, पशु, जमीन और शिक्षा की श्रेणी में एक भी माफिया नहीं है। लखनऊ जोन के माफिया की सूची में खनन माफिया की संख्या दो है। जबकि शराब माफिया की संख्या 45 है। भू-माफिया की संख्या 10 और पशु माफिया की संख्या 30 है। अन्य तरह के कुल 49 माफिया भी सूची में दर्ज हैं।

## गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहिए में लगी आग

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ऐशबाग से गोरखपुर जा रही ऐशबाग गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहियों में रविवार शाम करीब 5 बजे अचानक आग लग गई। सफेदाबाद स्टेशन मास्टर ने बाराबंकी स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि इंजन से दूसरे कोच में धुएं के साथ चिंगारी निकल रही है। ट्रेन सफीपुर क्रॉसिंग पहुंची थी, तभी अचानक पहियों से निकलता धुआं देख यात्रियों में भी हड़कंप मच गया।

## रिटायर्ड आईएएस की पत्नी हत्याकांडः फुटेज से आरोपियों का चेहरा हुआ हुआ साफ

**लखनऊ, अमृत विचारः** इंदिरानगर में रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र दुबे की पत्नी की हत्या में पुलिस की रेडार पर आए नीली स्कूटी सवार दोनों संदिग्धों के करीब पुलिस पहुंच गई है। घटनास्थल से सात किलोमीटर दूर कैंट के लालकुर्ती क्षेत्र में दोनों का एक फुटेज मिला है। इसमें दोनों संदिग्धों का चेहरा साफ नजर आ रहा है।

रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की शनिवार सुबह संदिग्धों ने गला घोंटकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद छानबीन में पुलिस को कॉलोनी के कुछ कैमरों की फुटेज दो संदिग्ध युवक दिखे थे। पुलिस ने घटनास्थल से 15 किलोमीटर के दायरे में लगे 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले। देर रात पुलिस को कैंट के लालकुर्ती में लगे एक कैमरे में यही नीली स्कूटी सवार दोनों युवक नजर आए। इस फुटेज में दोनों के चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। दोनों की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच है।

## वर्ग पहेली-82

**बाएं से दाएं**

2. 1. अवनति, गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।

4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।

6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।

7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।

8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।

**ऊपर से नीचे**

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।

3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।

5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।

7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | | | ■ | ■ | 5 |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| 7 | | | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 8 | | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -81 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 भो | ■ | ■ | 2 च | ■ | ■ |
| ■ | ज | ■ | 3 छ | पा | का | ■ |
| ■ | 4 क | चो | ट | ना | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | क | ■ | 5 शा | ना |
| ■ | 6 सा | 7 नु | ना | सि | क | ■ |
| ■ | ■ | जू | ■ | ■ | भा | ■ |
| 8 कॉ | ल | म | ■ | ■ | जी | ■ |

## सुडोकू -161

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | 8 | |
| | | | | | 9 | | | |
| 2 | | | | | | | | |

### सुडोकू -160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 2 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16 .53 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 10 .13 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। बुद्धिजीवी लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। शाम के समय आपको धन लाभ भी हो सकता है। दिन ठीक रहेगा। आप अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर पाएंगे।

**वृष:** आज क्रोध में आकर किसी से बात न करें। शाम के समय आप कई समस्याओं को सुलझाने में सफल होंगे। आपको बहुत से अनुत्तरित प्रश्नों का उत्तर मिल जाएगा। दिन की शुरुआत ज्यादा ठीक नहीं रहेगी, किंतु आप समस्याओं का समाधान ढूंढने में सफल होंगे।

**मिथुन:** आज यात्रा का विचार बना सकते हैं। कारोबार में मित्रों का सहयोग मिलेगा। विवाह संबंधी विषयों को लेकर घर में चर्चा हो सकती है। आंखों में जलन और दर्द की शिकायत होने की आशंका है। बिजली के यंत्रों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क:** आज कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ हो सकता है। नौकरी में उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। आपसे पड़ोसी भी आपकी प्रशंसा करेंगे और आपसे वार्तालाप करना चाहेंगे।

**सिंह:** आज काम का दबाव आपके ऊपर देखने को मिल सकता है। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने उत्पाद की बहुत अच्छी ब्रान्डिंग कर सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप काफी रुचि ले सकते हैं। अनावश्यक कार्यों में आपको व्यस्त नहीं होना चाहिए।

**कन्या:** आज आप कुछ पुराने मामलों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। घर का समस्याओं को बाहर के लोगों से व्यक्त न करें। माता-पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर परिवार की सहमति मिल सकती है।

**तुला:** आज आप नई जॉब के लिए प्रयास कर रहे हैं तो उसमें अचानक ही सफलता मिल सकती है। आप अपनी अभियोग्यता को बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध रहेंगे। कुछ गुप्त बातों को जानने में लगे रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। कारोबार में सहयोगियों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। हालांकि आप अपनी गलती सुधार भी लेंगे और स्थितियां अपने पक्ष में भी कर सकते हैं।

**धनु:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर दिखेंगे। आप अपनी संकल्प शक्ति के बूते कई लोगों के अपने अनुकूल काम भी करवा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर:** आज वैवाहिक जीवन में सामंजस्य अच्छा रहेगा। कोई नया काम शुरू न करें। बिना मन के किए गए कार्य गड़बड़ हो सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शाम के समय बीमार लोग स्वस्थ महसूस कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज ऐसे विषयों पर चर्चा न करें जिन पर झगड़ा होने की संभावना हो। संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर कुछ परेशानियां हो सकती हैं। यदि किसी मीटिंग आदि का आयोजन कर रहे हैं तो उसे दिन के दूसरे प्रहर से पहले कर लें।

**मीन:** आज कारोबार में विस्तार के अवसर मिलेंगे। यदि आप निवेशक हैं तो आपको उत्तम धन लाभ हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण कर सकते हैं। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
15 अगस्त — सुबह : 09 .52
मेला — रात : 07 .00

&pictures
सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10 .47
हीरोपंती 2 — शाम : 04 .56

Sony Pix
स्पाइडर-मैन — सुबह : 10 .45
द मैकेनिक — रात : 09 .00

Zee Cinema
मैं तेरा हीरो — सुबह : 10 .35
पहेली — रात : 07 .45

Colors Cineplex
बेटिंग राजा — दोपहर : 12 .34
रुध्रन — रात : 08 .02

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर शाम : 04 .56 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज?
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

# वर्क फ्रॉम होम के बारे में सुना है, वर्क फ्रॉम जेल के बारे में पहली बार सुना: राजनाथ

## चंडीगढ़ की चुनावी रैली में रक्षा मंत्री ने अरविंद केजरीवाल के काम पर कसा तंज

चंडीगढ़, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (घर से काम करने) के बारे में तो सुना है लेकिन वर्क फ्रॉम जेल (जेल से काम करने) के बारे में वह पहली बार सुन रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब से भाजपा के उम्मीदवार गेजा राम वाल्मीकि के समर्थन में खन्ना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा-यहां आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ है। आपको इस बारे में ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है कि वह किस तरह का काम कर रही है। सिंह ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा-दिल्ली में भी 'आप' सरकार है, लेकिन आप नेता को शराब घोटाले को लेकर जेल में डाल दिया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर किसी भी नेता पर कोई आरोप लगता है तो उसमें तब तक के लिए अपने पद से इस्तीफा देने का नैतिक साहस होना चाहिए जब तक वह आरोपों से मुक्त न हो जाए।

### भाजपा सरकार के तहत लोगों के जीवन में कोई प्रगति नहीं हो रही: प्रियंका गांधी



**फतेहगढ़ साहिब/पटियाला।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तो लोगों के जीवन में प्रगति क्यों नहीं हो रही। फतेहगढ़ साहिब सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमर सिंह के समर्थन में पंजाब में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए झूठ बोलने और जनता से खोखले वादे करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में 70 करोड़ युवा बेरोजगार हैं और बेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत सरकारी क्षेत्र में 30 लाख पद रिक्त हैं।

## केरल के रेस्तरां में खाना खाने के बाद करीब 70 लोग बीमार

**त्रिशूर (केरल)।** मध्य केरल के त्रिशूर जिले में एक दिन पहले एक रेस्तरां में खाना खाने वाले लगभग 70 लोगों को कथित तौर पर विषाक्त भोजन के चलते बीमार पड़ने पर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मूननुपीडिका क्षेत्र में एक रेस्तरां में खाना खाने वाले 60 से 70 लोगों ने विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया।

अधिकारी ने कहा-उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारियों को संदेह है कि संबंधित लोग कुझिमंथी नामक व्यंजन के साथ दी जाने वाली मेयोनीज खाकर बीमार पड़े। कैपमंगलम थाने के एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद अधिकारियों ने पूरे होटल को सील कर दिया है।

## छत्तीसगढ़ की विस्फोटक इकाई में धमाके के बाद आठ श्रमिक लापता

पिरदा, एजेंसी

- बचाव दल को घटनास्थल पर मानव शरीर के अंग भी मिले
- लापता श्रमिकों के रिश्तेदारों ने किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ में बेमेतरा जिले के पिरदा में शनिवार को विस्फोटक सामग्री बनाने वाले एक कारखाने में धमाके के बाद कम से कम आठ कर्मचारी लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पिरदा में विस्फोट स्थल के पास रविवार को तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, जहां उन लोगों ने प्रदर्शन किया जिनके रिश्तेदार घटना के बाद से लापता हैं। शनिवार को बेरला विकास खंड के पिरदा गांव के पास स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड नामक इकाई में हुए धमाके में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। बचाव दल को घटनास्थल पर मानव शरीर के अंग भी मिले हैं। अधिकारियों ने कहा था कि विस्फोट की तीव्रता इतनी थी कि इससे लगभग 30 फुट गहरा गड्ढा हो गया। बेमेतरा के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा-आठ श्रमिकों के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वे कारखाने में विस्फोट के बाद से लापता हैं। उन्होंने कहा कि विस्फोट स्थल पर मलबे से मानव शरीर के अंग बरामद हुए हैं। साहू ने कहा-विस्फोट में लोगों के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए और उनकी पहचान के लिए डीएनए जांच की जाएगी। वहीं जिलाधिकारी रणबीर शर्मा ने कहा कि कारखाना प्रबंधन को आठ लापता श्रमिकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है और उन्हें तुरंत पांच-पांच लाख रुपये का चेक दिया जा रहा है।

## जामिया वीसी विवाद: प्रो. ने नियुक्ति रद करने के आदेश को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** प्रो. इकबाल हुसैन ने जामिया मिलिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति के तौर पर अपनी नियुक्ति को निरस्त किए जाने के दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ के फैसले के खिलाफ खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया है। हुसैन की अपील न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की खंडपीठ के समक्ष सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश ने हुसैन को प्रति कुलपति बनाए जाने तथा बाद में विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के तौर पर नियुक्ति को यह कहते हुए रद कर दिया था कि नियुक्तियां संबंधित कानून के अनुरूप नहीं की गई थीं। एकल पीठ ने हालांकि, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के पद पर एक सप्ताह के भीतर नई नियुक्ति की जाए।

### एक नजर

#### बीएसएफ ने ड्रोन व 11 किलो हेरोइन पकड़ा

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमा पार से संचालित नार्को-सिंडिकेट्स को ध्वस्त करते हुए पंजाब के गुरदासपुर और अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों से एक ड्रोन और 11 किग्रा हेरोइन बरामद किया। शनिवार रात को बीएसएफ जवानों ने गुरदासपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन की गतिविधि पर नज़र रखी और संदिग्ध स्थानों पर जवानों को तैनात किया। रविवार सुबह 5:20 बजे बीएसएफ को गुरदासपुर के गांव अगवान में हेरोइन के दो पैकेट मिले। इसमें 11 किलो 36 ग्राम हेरोइन थी।

#### मणिपुर में बांध के पास मिले तीन आईईडी

**इंफाल।** मणिपुर में सेना ने रविवार को इंफाल पूर्वी जिले के मफौ बांध के पास तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि माफौ बांध के पास नोंगडैम तांगखुल और एतम तांगखुल गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर ये आईईडी बरामद किए गए। नियमित गश्त के दौरान, सेना के जवानों ने सड़क के किनारे एक साथ रखे हुए तीन आईईडी को बरामद किया और सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया।

## नमूने एकत्र और पीड़ितों की पहचान करना बना चुनौती

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र में डोंबिवली केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट के बाद पुलिस को मृतकों की सटीक संख्या का पता लगाने और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के कठिन कार्य से जूझना पड़ रहा है क्योंकि कई शव इस कदर जल गए हैं कि उनकी पहचान करना मुमकिन नहीं है।

इस विस्फोट में 10 लोगों की जान चली गई जबकि 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अहम सबूत, जिसमें जले हुए अवशेष और शवों के हिस्से के नमूने शामिल हैं, सावधानी पूर्वक एकत्र करके फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में डीएनए जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि उनके रिश्तेदारों से इसका मिलान किया जा सके। ठाणे जिले के डोंबिवली एमआईडीसी के फेज- 2 में स्थित अमुदान केमिकल्स में बॉयलर के फटने और इसके कारण लगी आग में 10 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

## विज्ञापनों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा को चुनावी विज्ञापन जारी करने से रोकने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। एकल पीठ ने 20 मई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चार जून तक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया था। इस फैसले के खिलाफ भाजपा ने खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन खंडपीठ ने 22 मई को कहा था कि वह एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील पर विचार करने की इच्छुक नहीं है।

## 22 लोगों का 16 लाख करोड़ कर्ज माफ हिमाचल को नहीं दिए 9,000 करोड़

शिमला, एजेंसी

- राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर लगाया आरोप



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ कर दिया, लेकिन वह पिछले साल मॉनसून में बारिश के कारण आई आपदा से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपये नहीं दे सके।

गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की मदद करने के बजाय मोदी ने राज्य की चुनी हुई सरकार को चुराने का प्रयास किया। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का कांग्रेस सरकार द्वारा अनुचित वितरण किए जाने का आरोप लगाया था और इसके खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया था। शिमला (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के नाहन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी ने सेब की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी भंडारण सुविधाओं को एक व्यक्ति को सौंप दिया। उन्होंने दावा किया कि जब भी नरेन्द्र मोदी शपथ लेते हैं, अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनियों के शेयर की कीमतें अपने आप ही बढ़ जाती हैं।

### चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानें : शाह



**औरंगाबाद/भभुआ।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे। शाह ने रविवार को काराकाट लोकसभा क्षेत्र के तहत औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव पर जमकर तंज कसा और कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे।

## पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर केंद्र से कोई जवाब नहीं: जी परमेश्वर

बेंगलुरु, एजेंसी

- महिलाओं के यौन शोषण मामले में बोले कर्नाटक के गृहमंत्री

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर राज्य को केंद्र से अभी तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस कथित बयान पर निशाना साधते हुए जिसमें कहा गया था कि प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, परमेश्वर ने जानना चाहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक मई लिखे गए पत्र का क्या हुआ।

परमेश्वर ने कहा-जहां तक मुझे पता है, हमें अब तक (केंद्र से) कोई सूचना या पत्र नहीं मिला है। मैंने देखा है कि विदेश मंत्री ने मीडिया से कहा है कि वे कार्रवाई कर रहे हैं और एक दो दिनों में वे इसे (राजनयिक पासपोर्ट) रद्द कर देंगे, लेकिन हमें इस पर कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने एक मई को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने की मांग की थी और उसके बाद आरोपों की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल ने भी केंद्र को इसी अनुरोध के साथ पत्र लिखा था।

## देश में 80,455 करोड़ रुपये के 10.46 लाख सड़क दुर्घटना दावे लंबित

नोएडा, एजेंसी

- आरटीआई अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से हुआ खुलासा



देश में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े 80,455 करोड़ रुपये के लगभग 10,46,163 दावे लंबित हैं और 2018-19 से 2022-23 के बीच इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हुई। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से यह जानकारी मिली है।

अप्रैल में उच्चतम न्यायालय के वकील के. सी. जैन के आवेदन के जवाब में भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने यह विवरण प्रदान किया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से पूछे गए प्रश्न में जैन ने राज्य और जिलेवार विवरण के साथ-साथ देश में लंबित मोटर दुर्घटना दावों की कुल संख्या बताने का अनुरोध किया था। उन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान शुरू किए गए, निपटाए गए व शेष दावों का वार्षिक विवरण और मोटर दुर्घटना दावों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्र द्वारा की गई पहल, यदि कोई हो, के बारे में पूछा था। आईआरडीएआई की जानकारी के मुताबिक वित्त वर्ष 2018-19 में 52,713 करोड़ रुपये के 9,09,166 दावे, 2019-20 में 61,051 करोड़ रुपये के 9,39,160 दावे, 2020-21 में 70,722 करोड़ रुपये के 10,08,332 दावे, 2021-22 में 74,718 करोड़ रुपये के 10,39,323 दावे, 2022-23 में 80,455 करोड़ रुपये के 10,46,163 दावे थे। क्षेत्रीय स्तर की जानकारी के बारे में आईआरडीएआई ने कहा, मोटर थर्ड पार्टी दावों का जिला-वार और राज्य-वार विवरण आईआरडीएआई के पास उपलब्ध नहीं है, क्योंकि आईआरडीएआई ऐसी विस्तृत जानकारी एकत्र या बरकरार नहीं रखता है।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### भारतपे, फोनपे ने पे पर लंबे समय से चल रहे विवादों को निपटाया

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों... भारतपे ग्रुप और फोनपे समूह ने प्रत्यय पे के साथ ट्रेडमार्क के उपयोग से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे सभी कानूनी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, भारतपे और फोनपे पिछले पांच वर्षों के दौरान कई अदालतों में लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवादों में रही हैं। यह समझौता सभी खुली न्यायिक कार्यवाही को समाप्त कर देगा।

#### गड़बड़ी से स्पाइसजेट का विमान वापस लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान रविवार सुबह कुछ गड़बड़ी की वजह से दिल्ली वापस लौट आया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि करीब 135 लोगों को लेकर लेह जा रहा यह विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी गई। यह उड़ान एसजी 123 10:30 बजे रवाना हुई थी और करीब 11 बजे वापस लौट आई।

#### ग्रीष्मकालीन यात्रा में 40 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली।** भारत में चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए इस साल ग्रीष्मकालीन यात्रा में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान आतिथ्य और यात्रा सेवाओं की जोरदार मांग देखने को मिल रही है। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि आम चुनावों का कॉरपोरेट बैठक, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी व्यवसाय पर मामूली प्रभाव पड़ा है। होटल के खुदरा व्यापार में वृद्धि हो रही है और पसंदीदा समुद्र तट के गंतव्य, पर्वतीय गंतव्यों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## चौथी तिमाही में 6.1-6.7% रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

### विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने जताई उम्मीद, 31 को जारी होगा वृद्धि दर का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 से 6.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। यह इससे पिछली तिमाहियों में दर्ज आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान लगाया है। सरकार चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और पूरे वित्त वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान 31 मई को जारी करेगी।

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर 7.6-7.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि मुख्य आंकड़े व्यापक रूप से मजबूत वृद्धि का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा-विनिर्माण गतिविधियां भी अच्छी रही हैं, और निर्माण से जुड़े और निवेश क्षेत्रों का प्रदर्शन भी बेहतर रहना चाहिए। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ सकती है। हमारा अनुमान है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहेगी और पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.6 प्रतिशत के करीब रहेगा। 31 मई, 2023 को जारी अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। भारद्वाज ने कहा-हम सेवा क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में कुछ नरमी देख रहे हैं। यही कारण है कि चौथी तिमाही में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 5.7 प्रतिशत और जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। जीडीपी एक निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य होता है।

### घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान जता रहे सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान




ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान दोनों 2024-25 में भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान जता रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा-बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर संभवत: 6.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी। ऐसे में पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.8 प्रतिशत रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का अनुमान भी यही है। एक अन्य रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का अनुमान है कि 2023-24 की चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहेगी। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा था कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर चार तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ जाएगी।

## वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे एजेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**नई व्यवस्था**

- प्रदेश में खरीफ से होगी शुरुआत एआईडीई एप से होगा बीमा
- कंपनियां बनाएंगी ब्लॉकों पर एजेंट, किसानों को मिलेगी सुविधा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा गांव-गांव जाकर एजेंट करेंगे। नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियां ब्लॉकों पर अपने एजेंट बनाएंगी। जो गैरऋणी किसानों से संपर्क कर एडवांस्ड इंट्रूजन डिटेक्शन एनवायरनमेंट (एआईडीई) एप पर वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे। एजेंटों को 30 से 32 रुपये कमीशन कंपनियां देंगी।

केंद्र सरकार ने 2023 में एआईडीई एप लांच किया था और शुरुआत मध्य प्रदेश व राजस्थान ने की थी लेकिन, पूरी तरह से एप का संचालन नहीं हो पाया था। नतीजा पुरानी व्यवस्था के तहत फसलें बीमित हुईं। लेकिन, इस वर्ष केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में एजेंट बनाकर बीमा कराने पर



जोर दिया है। इससे की ज्यादा से ज्यादा फसलें बीमित की जा सके। उत्तर प्रदेश में इस खरीफ सीजन में यह प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए केंद्र ने अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को वर्चअुल प्रशिक्षण दिया है।

**कॉमन सर्विस सेंटर लेते ज्यादा शुल्क:** गैरऋणी किसान यानी जो किसान क्रेडिट कार्ड धारक नहीं है वह कॉमन सर्विस सेंटर से सीधे फसलों का बीमा कराते हैं। इसमें किसानों को भागदौड़ करना होता है। कभी पोर्टल नहीं चला तो कहीं ओटीपी की समस्या भी झेलते हैं। बीमा करने पर संचालक सुविधा शुल्क लेते हैं। जबकि प्रक्रिया निशुल्क है और बीमा कंपनी पॉलिसी होने पर खुद शुल्क अदा करती है। हालांकि सेंटरों पर पहले की तरह बीमा किए जाएंगे। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड धारकों की फसलों का बीमा बैंकें ही करेंगी।

> खरीफ में एजेंटों के माध्यम से फसलों का बीमा कंपनियां करेंगी। जबकि पुरानी प्रक्रिया भी चलेगी। किसान सुविधानुसार बीमा करा सकते हैं। कॉमन सर्विस सेंटरों पर सुविधा शुल्क लेने पर कार्रवाई करेंगे।
>
> -उमा शंकर सिंह, उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## आरबीआई को संभवत: हुआ है तीन लाख करोड़ का लाभ : सुभाष चंद्र गर्ग

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व वित्त सचिव बोले सरकार को रिकॉर्ड लाभांश देने का है कारण

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि आरबीआई का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ करोड़ रुपये का लाभांश देने का कारण संभवतः अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है। हालांकि उन्होंने कहा कि मेरा अनुमान है कि आरबीआई का लाभांश संभवतः लगभग तीन लाख करोड़ रुपये हुआ है।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। गर्ग ने कहा-आरबीआई के अत्यधिक लाभांश का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की बैलेंस शीट प्रकाशित नहीं हुई है।

## एआई अध्ययन के लिए बोली लगाने की समय सीमा 18 जून तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने कृत्रिम मेधा (एआई) और प्रतिस्पर्धा पर इसके प्रभाव पर अध्ययन करने के लिए बोलियां जमा करने की समय सीमा 18 जून तक बढ़ा दी है। इससे पहले बोली लगाने की अंतिम तिथि तीन जून थी। सीसीआई ने कहा कि बोलियां किसी गठजोड़ (कंसोर्टियम) या संयुक्त उद्यम के माध्यम से प्रस्तुत नहीं की जा सकतीं। अन्य पात्रता आवश्यकताओं के अलावा, बोलीदाताओं के लिए न्यूनतम वार्षिक कारोबार 50 करोड़ रुपये बरकरार रखा गया है।

## भारत के शीर्ष 10 साझेदारों में से नौ के साथ हुआ व्यापार घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान चीन, रूस, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया समेत शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में नौ के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

व्यापार घाटा, आयात और निर्यात के बीच का अंतर है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि बीते वित्त वर्ष में 2022-23 की तुलना में चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और हांगकांग के साथ घाटा बढ़ गया। दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया और इराक के साथ व्यापार घाटे में कमी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 85 अरब डॉलर, रूस के साथ 57.2 अरब डॉलर, दक्षिण कोरिया के साथ 14.71 अरब डॉलर और हांगकांग के साथ 12.2 अरब डॉलर हो गया। चीन के साथ दोतरफा व्यापार 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर रहा, और वह अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 118.28 अरब डॉलर रहा।

## एफपीआई ने अब तक शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता के बीच एफपीआई ने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था।



# 10 साल बाद केकेआर ने जीता खिताब

## कोलकाता नाइट राइडर्स ने तीसरी बार हासिल की आईपीएल ट्रॉफी, हैदराबाद को सस्ते में समेट कर आठ विकेट से हराया



**सबसे कम मैच हारने वाली टीमें**

| टीम | हार | साल |
|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 3 मैच | 2008 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 3 मैच | 2024 |
| गुजरात टाइटंस | 4 मैच | 2022 |

**किस टीम को मिली कितनी धनराशि**

| श्रेणी | टीम | राशि (रुपये में) |
|---|---|---|
| विजेता टीम | कोलकाता नाइट राइडर्स | 20 करोड़ |
| उप विजेता टीम | सनराइजर्स हैदराबाद | 12.5 करोड़ |
| तीसरा स्थान | राजस्थान रॉयल्स | 7 करोड़ |
| चौथा स्थान | रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु | 6.5 करोड़ |

**आईपीएल में इन पर भी हुई पैसों की बारिश**

| श्रेणी | खिलाड़ी | राशि (रुपये में) |
|---|---|---|
| सबसे ज्यादा विकेट (पर्पल कैप) | हर्षल पटेल | 15 लाख |
| सबसे ज्यादा रन (ऑरेंज कैप) | विराट कोहली | 15 लाख |
| इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन | नीतिश रेड्डी | 20 लाख |

**हैदराबाद 113/10** 18.3 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा बोल्ड स्टार्क | 2 | 5 | 0/0 |
| ट्रेविस हेड कैच गुरबाज बो वैभव | 0 | 1 | 0/0 |
| राहुल त्रिपाठी कैच रमनदीप बो स्टार्क | 9 | 13 | 1/0 |
| एडेन मारक्रम कैच स्टार्क बो रसल | 20 | 23 | 3/0 |
| नीतिश रेड्डी कैच गुरबाज बो हर्षित राणा | 13 | 10 | 1/1 |
| हेनरिच क्लासेन बोल्ड हर्षित राणा | 16 | 17 | 1/0 |
| शहबाज अहमद कैच नरेन बो वरूण | 8 | 7 | 0/1 |
| अब्दुल शमद कैच गुरबाज बो रसल | 4 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस कैच स्टार्क बो रसल | 24 | 19 | 2/1 |
| जयदेव उनादकट पगबाधा नारायण | 4 | 11 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-14-2, वैभव अरोरा 3-0-24-1, हर्षित राणा 4-0-24-2, नारायण 4-0-16-1, आंद्रे रसल 2.3-0-20-3, वरूण चक्रवर्ती 2-0-9-1

**कोलकाता 114/2** 10.3 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज पगबाधा शाहबाज | 39 | 32 | 5/2 |
| नारायण कैच शाहबाज बोल्ड कमिंस | 6 | 2 | 0/1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 52 | 26 | 4/3 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 6 | 3 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर कुमार 2-0-25-0, पैट कमिंस 2-0-18-1, थंगारसु नटराजन 2-0-29-0, शाहबाज अहमद 2.3-0-22-1 जयदेव उनादकट 1-0-9-0, एडन मारक्रम 1-0-5-0

आंद्रे रसल
2.3 ओवर | 3 विकेट



चेन्नई, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के एकतरफा फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला। केकेआर ने गौतम गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में आईपीएल ट्राफी जीती थी। अब गुरू गंभीर ने कुशल रणनीतिकार के तौर पर केकेआर को तीसरी ट्राफी दिलाई। केकेआर इस तरह चेन्नई सुपर किंग्स (पांच) और मुंबई इंडियंस (पांच) के बाद तीन आईपीएल खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बनी।

गंभीर के अलावा मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस खिताब को दिलाने में अहम भूमिका निभाई जो जानते हैं कि रणजी ट्रॉफियां कैसे जीती जाती हैं। इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर (तीन विकेट पर 287 रन) बनाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद फाइनल में लड़खड़ा गई और टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के बाद 18.3 ओवर में महज 113 रन पर ढेर हो गई। यह आईपीएल फाइनल का सबसे कम स्कोर भी रहा। इस सत्र में शुरू से दबदबा बनाने वाले केकेआर के लिए यह लक्ष्य बनाना महज औपचारिकता थी, उसने वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52 रन) और रहमनुल्लाह गुरबाज (39 रन) की मदद से यह स्कोर 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर ने 26 गेंद में चार चौके और तीन छक्के लगाये जबकि गुरबाज ने 32 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। गुरबाज ने स्टंप के पीछे तीन शानदार कैच भी लपके। कप्तान के तौर पर यह श्रेयस अय्यर का दूसरा फाइनल था, उन्होंने तीन गेंद में नाबाद 6 रन बनाए। केकेआर की जीत के नायक रहे उसके गेंदबाज जिसमें मिचेल स्टार्क नीलामी में मिली रिकॉर्ड राशि को सही साबित करते हुए तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। आंद्रे रसेल ने मध्य के ओवरों में शिकंजा कसा और 2.3 ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट झटके। हर्षित राणा ने चार ओवर में एक मेडन से 24 रन देकर दो विकेट हासिल किए। केकेआर की शानदार गेंदबाजी के सामने सनराइजर्स हैदराबाद का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका।


ट्राफी के साथ जश्न मनाते केकेआर के मालिक शाहरुख खान, गौरी खान व जूही चावला।

> भावनाओं को व्यक्त करना मुश्किल है, हमने खिलाड़ियों से जैसी उम्मीद कि उन्होंने वैसा ही प्रदर्शन किया। आज हम भाग्यशाली रहे कि पहले गेंदबाजी करने का मौका मिला। सनराइजर्स हैदराबाद को शानदार खेल दिखाने के लिए बधाई। यह दबाव वाला मैच था। मिचेल स्टार्क ने इतना शानदार प्रदर्शन किया, युवाओं के लिए उनसे सीख लेनी चाहिए। रसेल के पास जादुई छड़ी है। ज्यादातर मैचों में उसने हमें विकेट दिलाए हैं और वेंकटेश अय्यर ने हमारे लिए जीत आसान कर दी। यह एकजुट प्रयास था। हमारे लिए शानदार सत्र रहा।
>
> **श्रेयस अय्यर,** कप्तान केकेआर

**किस टीम ने कब जीता आईपीएल खिताब**

| साल | विजेता टीम | उप विजेता टीम |
|---|---|---|
| 2008 | राजस्थान रॉयल्स | चेन्नई सुपर किंग्स |
| 2009 | डेक्कन चार्जर्स | रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु |
| 2010 | चेन्नई सुपर किंग्स | मुंबई इंडियंस |
| 2011 | चेन्नई सुपर किंग्स | रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु |
| 2012 | कोलकाता नाइट राइडर्स | चेन्नई सुपर किंग्स |
| 2013 | मुंबई इंडियंस | चेन्नई सुपर किंग्स |
| 2014 | कोलकाता नाइट राइडर्स | किंग्स इलेवन पंजाब |
| 2015 | मुंबई इंडियंस | चेन्नई सुपर किंग्स |
| 2016 | सनराइजर्स हैदराबाद | रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु |
| 2017 | मुंबई इंडियंस | राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स |
| 2018 | चेन्नई सुपर किंग्स | सनराइजर्स हैदराबाद |
| 2019 | मुंबई इंडियंस | चेन्नई सुपर किंग्स |
| 2020 | मुंबई इंडियंस | दिल्ली कैपिटल्स |
| 2021 | चेन्नई सुपर किंग्स | कोलकाता नाइट राइडर्स |
| 2022 | गुजरात टाइटंस | राजस्थान रॉयल्स |
| 2023 | चेन्नई सुपर किंग्स | गुजरात टाइटंस |
| 2024 | कोलकाता नाइट राइडर्स | सनराइजर्स हैदराबाद |

## खेल डायरी

### एशियाई चैंपियनशिप में दीपा ने स्वर्ण जीत रचा इतिहास

**ताशकंद।** शीर्ष भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर रविवार को यहां महिला वॉल्ट स्पर्धा में पीला तमगा हासिल कर एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली जिमनास्ट बन गईं। दीपा (30 वर्ष) ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन वॉल्ट फाइनल में 13.566 का औसत स्कोर बनाया। उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था। प्रणति नायक ने भी 2019 और 2022 चरण में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। डोपिंग उल्लघंन के कारण 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल वापसी करने वाली दीपा आगामी पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं।

### श्रीहरि ने मेयर नोस्ट्रम तैराकी में रजत जीता

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने फ्रांस में चल रहे 30वें मेयर नोस्ट्रम तैराकी टूर्नामेंटमें 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके नटराज ने 25.50 सेकंड का समय निकालकर हंगरी के एडम जास्जो के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के स्कॉट गिब्सन को कांस्य पदक मिला। नटराज का इस वर्ग में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.11 सेकंड का है। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक कोई भारतीय तैराक क्वालीफाई नहीं कर सका है। तोक्यो ओलंपिक में साजन प्रकाश और नटराज ने क्वालीफाई किया था।

### भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में हार का सिलसिला जारी रहा और उसे रविवार को अर्जेंटीना से 0-3 से पराजय मिली। भारत के बेल्जियम चरण के अंतिम मैच में अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहले मिनट), मारिया कैंपॉय (39वें) और मारिया ग्रेनाटो (47वें मिनट) ने गोल किए। अर्जेंटीना ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली जब डि सैंटो ने ग्रेनाटो के शॉट पर गोल दागा। दीपिका भारतीय टीम को मिले एक पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा सकीं। भारत को तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कोई गोल नहीं हुआ।

### फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में पहुंची ओसाका

**पेरिस।** जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन 2024 के शुरुआती दिन रविवार को यहां लूसिया ब्रोंजेटी के खिलाफ महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। फ्रेंच ओपन टेनिस में सातवीं बार खेल रही ओसाका ने शुरुआती सेट की निराशा से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में 48वें पायदान पर काबिज ब्रोंजेटी पर 1-6, 6-4, 7-5 की जीत दर्ज की। रोलां गैरां में ब्रोंजेटी की तीन प्रयास में यह तीसरी हार है। दयान यास्त्रेमस्का ने अजला टोमलजानोविक को शिकस्त दी तो वहीं डोना वेकिच के खिलाफ पीठ दर्द की समस्या के कारण लेसिया त्सुरेंको पहले सेट के बीच में ही मैच से हट गईं। पुरुषों के ड्रा में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव ने टारो डेनियल को हराया।

## फाइनल में फिर नरम पड़ी सिंधू की कलाई

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया क्योंकि उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा।

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त के बावजूद 21-16 5-21 16-21 से हार गई। वांग ने वापसी करते हुए आखिरी 23 में से 18 अंक जीत कर खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी।

सिंधू अगर चैंपियन बनती तो सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। सिंधू वांग के खिलाफ दबदबा बनाने में सफल रही लेकिन निर्णायक गेम में ब्रेक के बाद उन्होंने लय गंवा दी और वांग ने शानदार वापसी कर मैच को पलट दिया और जीत दर्ज कर ली।


● मलेशिया मास्टर्स के खिताबी मुकाबले में वांग से हारीं सिंधू

## टी20 में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराया

**किंगस्टन।** रॉस्टन चेज नाबाद (67) और कप्तान ब्रैंडन किंग (36) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गुडाकेश मोती की 22 रन पर तीन विकेट की घातक गेदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। शनिवार देर रात सबाइना पार्क में 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 81 रन जोड़े। डिकॉक 17 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेंड्रिक्स 18 गेंदों में 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी और 16 रन से हार गई।

## ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में नहीं खेलेंगे चोटिल नीरज



**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने रविवार को स्पष्ट किया कि वह चोटिल नहीं हैं लेकिन हाल ही में अभ्यास के दौरान मांसपेशियों में कुछ महसूस होने के बाद उन्होंने एहतियात के तौर पर चेक गणराज्य में 28 मई को होने वाली ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में भाग नहीं लेने का फैसला किया। चोपड़ा ने कहा कि ओलंपिक वर्ष में वह कोई जोखिम नहीं लेना चाहते थे लिहाजा इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा हाल ही में एक थ्रोइंग सत्र के बाद मैने ओस्ट्रावा में नहीं खेलने का फैसला किया क्योंकि मुझे एडक्टर मांसपेशी में कुछ महसूस हुआ।

## अमेरिका में ऐतिहासिक होगा टी-20 विश्व कप : प्रधान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क में भारत के महा वाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा है कि अमेरिका में टी20 विश्व कप ऐतिहासिक टूर्नामेंट होगा जिसे लेकर भारतवंशियों के साथ अमेरिकी लोगों में भी इसे लेकर काफी उत्साह है और क्रिकेट को देश में मुख्यधारा में लाने में यह अहम भूमिका निभाएगा।

प्रधान ने कहा पहली बार अमेरिकी धरती पर क्रिकेट का विश्व कप खेला जा रहा है। इसे लेकर भारतवंशियों में ही नहीं बल्कि अमेरिका के लोगों में भी भारी उत्साह है।अमेरिकी कांग्रेस सदस्य, सीनेटर, जन प्रतिनिधि सभी इसके बारे में बात कर रहे हैं। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो से 29 जून तक खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ यहां नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत और पाकिस्तान का मैच यहां नौ जून को होना है। प्रधान ने कहा मुझे यकीन है कि यह ऐतिहासिक आयोजन होगा। टीम इंडिया कई तरह से भारत का प्रतिनिधित्व करती है। हम उनका स्वागत करने को बेताब हैं और उनकी हौसलाअफजाई भी करेंगे। भारतीय टीम पहली बार अमेरिका की टीम से खेलेगी, यह बड़ा पल होगा। भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा इसे लेकर काफी उत्साह है। कई जानी-मानी हस्तियां इसे देखने पहुंचेंगी। बाकी मैच भी महत्वपूर्ण हैं लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा चर्चा का केंद्रबिंदु रहता है।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP WEST INDIES & USA 2024

## बॉलीवुड हलचल



### मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, मनोरंजन से भरपूर फिल्म है और उसमें दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। राजकुमार राव ने बताया है कि फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। उन्होंने बताया, मिस्टर एंड मिसेज माही यह आप सभी की कहानी है। इस फिल्म में मेरे किरदार का नाम है महेंद्र, जो एक असफल क्रिकेटर है। महेंद्र अपना सपना पत्नी के जरिए जीते हैं। पहले महिमा क्रिकेट खेलती थीं और महेंद्र उन्हें सपोर्ट करेंगे। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियो और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को रिलीज होगी।

### मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब बोनी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 1987 में अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीशपुरी को लेकर सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया बनाई थी। शेखर कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर इंडिया, 25 मई 1987 को प्रदर्शित हुई थी। मिस्टर इंडिया के सीक्वल पर बोनी कपूर ने एक अपडेट दिया है। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 'मिस्टर इंडिया' के सेट से पर्दे के पीछे की कई फोटोज हैं। बोनी ने कैप्शन में लिखा, दिखाई नहीं देने वाली घड़ी अभी भी ऑर्बिट में है। इसने 37 साल पूरे कर लिए हैं। इस जादू को फिर से चलाने के लिए रिचार्ज हो रहा हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

